सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 05 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 35, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 79 अंकों की उछाल

घरेलू शेयर बाजार में मामूली बढ़त से बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक 78.56 अंक बढ़कर 83,817.69 अंक पर बंद हुआ। } 14

## दो-दिवसीय यात्रा पर मलेशिया जायेंगे मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मलेशिया की दो-दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जिसका मकसद व्यापार, निवेश, ऊर्जा और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। } 16



## अंडर-19 वर्ल्डकप : भारत फाइनल में

### अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया, 6 को इंग्लैंड से मुकाबला

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत ने 10वीं बार अंडर-19 वर्ल्डकप के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को टीम ने दूसरे सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया। 6 फरवरी को टीम इंडिया का फाइनल मैच इंग्लैंड के साथ होगा।

हरारे स्पोर्ट्स क्लब में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर रही अफगानिस्तान ने 50 ओवर में 4 विकेट खोकर 310 रन बनाए हैं। टीम से फैजल शिनोजादा (110 रन) और उजैरुल्लाह नियाजई (नाबाद 101 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं। भारत से दीपेश देवेन्द्रन और कनिष्क चौहान ने दो-दो विकेट झटके। 311 रन के जवाब में भारतीय टीम ने ओपनर आरोन जॉर्ज (115 रन) के शतक की बदौलत 41.1 ओवर में 3 विकेट पर जीत हासिल कर ली। टीम से वैभव सूर्यवंशी (68 रन) और कप्तान आयुष म्हात्रे (62 रन) ने फिफ्टी लगाई। भारत ने टूनामेंट के इतिहास में सबसे बड़ा रन चेज किया है। इतना ही नहीं, भारत ने यूथ वनडे में सबसे बड़ा टारगेट चेज किया है। इस मुकाबले में 620 रन बने। जोकि भारत और अफगानितान की टीमों के बीच यूथ वनडे मैच में सबसे ज्यादा हैं।

## आवास विभाग लागू करें एकमुश्त समाधान योजना : योगी

### सीएम ने लंबित आवास मामलों के निस्तारण के लिए दिये निर्देश

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की बैठक में लंबित आवासीय और व्यावसायिक आवंटनों के त्वरित निस्तारण के लिए एक नई एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस-2026) लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित देयों और विवादित मामलों के कारण न केवल योजनाओं की प्रगति प्रभावित होती है, बल्कि आम नागरिकों को भी अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरकार का उद्देश्य ऐसी व्यवस्था लागू करना है, जिसमें समाधान तेज, पारदर्शी और सभी के लिए व्यावहारिक हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की किसी भी योजना में लंबित भुगतान या विवादित आवंटन राज्य की विकास गति को धीमा करते हैं। इसलिए आवास विभाग को ऐसी समाधान-प्रधान व्यवस्था लागू करनी चाहिए, जिससे विभाग को आवश्यक राजस्व प्राप्त हो और आवंटियों को भी राहत मिले। उन्होंने कहा कि यह योजना जन-केंद्रित होनी चाहिए, जिसमें हर वास्तविक आवंटी को स्पष्ट और सरल विकल्प उपलब्ध हों। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020 में लागू की गई ओटीएस-2020 योजना से बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण हुआ था, लेकिन कोविड-19 के कारण कई आवंटी अंतिम भुगतान नहीं कर पाए। विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों में प्रदेश के विभिन्न आवासीय और व्यावसायिक परिसरों में मौजूद ऐसे सभी डिफॉल्ट मामलों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सीता मइया के दिव्य चरित का ज्ञान करायेगी 'वैदेही आर्ट गैलरी'

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री अयोध्या धाम में माता सीता के जीवन-चरित पर केंद्रित 'वैदेही आर्ट गैलरी' की स्थापना के निर्देश दिए हैं। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की बैठक में बुधवार को उन्होंने कहा कि सीता मइया भारतीय संस्कृति, मयार्दा और नैतिक आदर्शों की अनुपम प्रेरणा हैं, और नई पीढ़ी को उनके उज्ज्वल चरित्र से गहराई से परिचित कराना समय की आवश्यकता है। आर्ट गैलरी की परिकल्पना साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्याधुनिक गैलरी केवल एक कला-संग्रहालय न होकर, सीता माता के जीवन, त्याग, करुणा, मयार्दा, धैर्य और शक्ति का आधुनिक तकनीक के माध्यम से पुनर्पाठ प्रस्तुत करने वाली एक जीवंत सांस्कृतिक अनुभव-स्थली होनी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### वाई खेमचंद सिंह बने मणिपुर के मुख्यमंत्री



इंफाल। भाजपा नेता वाई खेमचंद सिंह ने बुधवार को मणिपुर के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने 62 वर्षीय सिंह को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कुकी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली भाजपा विधायक नेमचा किपगेन और नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक एल. डिखो ने मणिपुर के उप मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। किपगेन ने नयी दिल्ली स्थित मणिपुर भवन से ऑनलाइन माध्यम से शपथ ली। भाजपा के गोविंदास कोंथौजम और एनपीपी नेता के. लोकेन सिंह ने भी मंत्री पद की शपथ ली। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन हटाए जाने के कुछ घंटों बाद यहां लोक भवन में शपथ ग्रहण समारोह हुआ।

### बांदा के निलंबित जेलर व अधीक्षक पर केस

बांदा। नोएडा के कुख्यात अपराधी और गैंगस्टर रविन्द्र सिंह उर्फ रवि काना की कथित तौर पर गैरकानूनी रिहाई के मामले में निलंबित बांदा जेल के जेलर और जेल अधीक्षक के विरुद्ध मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि जेल चौकी प्रभारी द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर अपराधी रवि काना की रिहाई से संबंधित इस मामले में शहर कोतवाली में जेल अधीक्षक, जेलर और अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम गठित की गई है, जो इस बात की गहन पड़ताल कर रही है कि किन परिस्थितियों में अभियुक्त को रिहा किया गया।

# सदन में हंगामा, टला पीएम मोदी का संबोधन

### ○ राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री बिट्टू को कहा गद्दार ○ भाजपा ने कांग्रेस नेता को बताया देश का दुश्मन



एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में हंगामे और विरोध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब टल गया। इस पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि विपक्षी सांसदों के विरोध और महिला सांसदों के बैनर लेकर ट्रेजरी बेंच तक पहुंचने से स्थिति बिगड़ गई। पीठासीन सभापति को कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। भाजपा ने इसे पूर्व नियोजित कदम बताया। आइए इस पूरे मामले को विस्तार से जानते हैं। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित संबोधन हंगामे के कारण टाल दिया गया। दिनभर चले विरोध, नारेबाजी और बार-बार स्थगन के बाद शाम को जब कार्यवाही फिर से शुरू हुई, तब हालात और बिगड़ गए। इसके बाद कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

संबोधन टालने पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि यह विरोध पहले से तय योजना के तहत किया गया था। उनका दावा है कि महिला सांसद प्रधानमंत्री की सीट के आसपास घेराव जैसी स्थिति बना रही थीं। उन्होंने कहा कि स्थिति डराने वाली थी और संसदीय कार्य मंत्री कंवल जीत सिंह ढिल्लों की तत्परता से हालात काबू में आए। वहीं, विपक्ष ने इसे लोकतांत्रिक विरोध बताया। धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा अब अगली बैठक में जारी रहने की संभावना है। मनोज तिवारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राहुल की टिप्पणी से सिख समुदाय में रोष

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गद्दार वाली टिप्पणी की बुधवार को कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि राहुल के इस बयान से पूरा सिख समुदाय आहत है। भाजपा ने कहा कि राहुल की यह टिप्पणी प्रत्येक सिख पर भद्दी टिप्पणी है, और साथ ही लोकसभा अध्यक्ष से विपक्ष के नेता के खिलाफ कार्वाई करने की मांग भी की। राहुल की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री ...शेष पृष्ठ 14 पर

### पुलिस हिरासत में मौत के मामले में थानाध्यक्ष को उम्रकैद व जुर्माना

आजमगढ़। पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले में अदालत ने तत्कालीन थानाध्यक्ष को आजीवन कारावास तथा एक लाख पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय ने बुधवार को सुनाया। अभियोजन के अनुसार वादी मुकदमा जितेंद्र यादव निवासी दौलतपुर थाना मेंहनगर के पिता हरिलाल यादव को रानी की सराय थाने की पुलिस ने 29 मार्च 2003 को बैटरी चोरी के एक मुकदमे में हिरासत में लिया था। उसी रात हरिलाल के बारे में जानकारी होने पर जितेंद्र यादव अपने रिश्तेदार रामवचन यादव के साथ 29 मार्च को 2003 को थाने पर पहुंचा था।

जितेंद्र यादव के सामने ही पूछताछ के दौरान थानाध्यक्ष जे के सिंह के ललकारने पर दारोगा नरेंद्र बहादुर सिंह ने हरिलाल यादव को गोली मार दी। घायल हरिलाल यादव को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां हरिलाल यादव की मौत हो गई। घटना के समय जितेंद्र यादव तथा रामवचन यादव को हवालात में बंद कर दिया गया। घटना के दूसरे दिन 30 मार्च को कोतवाली में जितेंद्र की तहरीर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्रवीण कुमार बने लखनऊ जोन के एडीजी

### यूपी पुलिस में 24 आईपीएस अफसरों के तबादले

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी पुलिस में बड़े पैमाने पर आईपीएस अफसरों के तबादले हुए हैं। कई जिलों के कप्तान बदले गये है। सुजीत पाण्डेय फायर सर्विस के डीजी और प्रवीण कुमार लखनऊ जोन के एडीजी बनाये गये है।

इसी तरह पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक पीलीभीत अभिषेक यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक एटीएस लखनऊ, पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर आशीष तिवारी को पुलिस उपमहानिरीक्षक तकनीकी सेवाएं, पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक पीटीसी, मुरादाबाद प्रताप गोपेन्द्र यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक, उप्र पुलिस मुख्यालय किया गया। जबकि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ. कौस्तुभ को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर बनाया गया। वहीं पुलिस महानिरीक्षक ईओडब्ल्यू केएस इमैन्युअल को पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस




महानिदेशक केजीएसओ, संयुक्त पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर विनोद कुमार सिंह को पुलिस महानिरीक्षक डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद, अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद आलोक प्रियदर्शी को अपर पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी, पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर राजकरन नैय्यर को अपर पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद, पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर सोमेन वर्मा को पुलिस उपमहानिरीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा को संयुक्त पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर, पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ विपिन टाडा को संयुक्त पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर, पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर कुंवर ...शेष पृष्ठ 14 पर

### यूपी के संविदा शिक्षक 17 हजार रुपये मासिक वेतन पाने के हकदार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के हजारों संविदा शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए बुधवार को फैसला सुनाया कि वे 2017-18 से 17 हजार रुपये मासिक वेतन पाने के हकदार हैं और उनके अनुबंध की समाप्ति के बाद उन्हें स्थायी रूप से नियुक्त माना जाए।

न्यायालय ने कहा कि इन शिक्षकों का पारिश्रमिक हमेशा के लिए 7,000 रुपये तय करने जैसा अन्यायपूर्ण तरीका जबरन काम कराने और बेगार के समान है, जिसपर संविधान के अनुच्छेद 23 के तहत कड़ी पाबंदी है। उत्तर प्रदेश सरकार की एक अपील खारिज करते हुए, न्यायमूर्ति पंकज मिश्रा और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने राज्य को आदेश दिया कि वह एक अप्रैल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखंड : कौशल से रोजगार तक की नयी नीति

### प्रशिक्षण नहीं परिणाम है प्राथमिकता : सीएम धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने कौशल विकास की दिशा में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करते हुए इसे केवल प्रशिक्षण कार्यक्रमों तक सीमित रखने के बजाय सीधे रोजगार, बेहतर आय और दीर्घकालिक करियर से जोड़ने का रोडमैप तय किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में स्किल डेवलपमेंट, प्लेसमेंट और फॉरवर्ड लिंकेज की मौजूदा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी प्रशिक्षण तभी सफल माना जाएगा जब वह युवाओं को वास्तविक नौकरी और सम्मानजनक वेतन दिलाने में सक्षम हो। उन्होंने इस तथ्य पर चिंता व्यक्त की कि आईटीआई और तकनीकी संस्थानों से बड़ी संख्या में प्रशिक्षित युवा निकलने के बावजूद उद्योगों में उनकी अपेक्षित भागीदारी नहीं हो पा रही है। मुख्यमंत्री ने इसे विभागों के बीच समन्वय और क्रियान्वयन स्तर की कमी बताते हुए त्वरित सुधार के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश में मौजूद विरोधाभास की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि जहां एक ओर युवा रोजगार की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वहीं ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 23.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 12.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- बच्चों के सामने छलक पड़ता है सीएम योगी का हृदय (पृष्ठ-02)
- यूपी में बढ़ा राज्य पक्षी सारस का कुनबा (पृष्ठ-02)
- रुपया 11 पैसे टूटकर 90.43 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक (पृष्ठ-14)
- आईटी शेयरों में भारी गिरावट, इन्फोसिस टूटा (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** लखनऊ से वाराणसी तक बना देश का सबसे बड़ा कैंसर ट्रीटमेंट नेटवर्क

## कैंसर के इलाज के लिए अब दिल्ली-मुंबई पर आश्रित नहीं यूपी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। कैंसर के इलाज के लिए अब उत्तर प्रदेश के मरीजों को दिल्ली या मुंबई की ओर रुख करने की मजबूरी नहीं रही। लखनऊ से वाराणसी तक स्थापित कैंसर ट्रीटमेंट नेटवर्क प्रदेश को देश में सबसे बड़ी व सुलभ कैंसर उपचार व्यवस्था के रूप में स्थापित कर रहा है।

लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान और वाराणसी में टाटा मेमोरियल की तर्ज पर बने केंद्रों की सफलता ने यूपी में स्वास्थ्य व्यवस्था की तस्वीर ही बदल दी है। स्थिति ये है कि अब बिहार व नेपाल तक के मरीज इलाज के लिए यूपी आ रहे हैं। योगी सरकार के बहुस्तरीय प्रयासों का परिणाम है कि कैंसर की स्क्रीनिंग से लेकर सुपर स्पेशियलिटी इलाज और आर्थिक सहायता तक, हर स्तर पर सुविधाएं मजबूत हुई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत स्वास्थ्य ढांचे का व्यापक विस्तार किया गया है। लखनऊ के चक गजरिया में स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान आज अत्याधुनिक कैंसर उपचार का प्रमुख राष्ट्रीय केंद्र बन चुका है। 220 बेड, आधुनिक रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी और सर्जरी की सुविधाओं के साथ यह संस्थान एक ही छत के नीचे समग्र इलाज उपलब्ध करा रहा है। वाराणसी में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र और होमी भाभा कैंसर अस्पताल पूर्वांचल के लिए जीवनरेखा साबित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष प्रयासों से शुरू हुए ये संस्थान टाटा मेमोरियल मॉडल पर कार्य कर रहे हैं। लखनऊ और वाराणसी के बीच विकसित यह सुविधा रेफरल सिस्टम, विशेषज्ञ परामर्श और तकनीकी सहयोग के जरिए मरीजों को त्वरित और प्रभावी इलाज दे रही है। पिछले तीन वर्षों में सरकारी अस्पतालों में कैंसर ओपीडी, सफल सर्जरी और उपचार में बड़ी सफलता मिली है। जिला गैर-संचारी रोग (एनसीडी) क्लिनिक के माध्यम से कैंसर की शुरूआती जांच सुविधा उपलब्ध कराई गई है। विशेष रूप से महिलाओं में स्तन व सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## गाजियाबाद : गेम खेलने से रोका तो तीन नाबालिग बहनों ने की खुदकुशी

जिला संवाददाता

**○ नौवीं मंजिल से लगायी छलांग**

गाजियाबाद (उप्र)। गाजियाबाद में मंगलवार देर रात नौवीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट की बालकनी से कथित तौर पर कूदने के बाद तीन नाबालिग बहनों की मौत हो गई। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस एक ऑनलाइन कोरियन गेम की लत संबंधी पहलू की भी जांच कर रही है। सहायक पुलिस आयुक्त (शालीमार गार्डन) अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि ये बहनें एक ऑनलाइन कोरियन गेम लव गेम की आदी थीं जो टास्क बेस्ड है और बच्चियों के माता-पिता उनके बहुत जूयादा गेम खेलने पर आपत्ति जताते थे। कोरियन टास्क-बेस्ड गेम वह होते है जिसमें खिलाड़ी को लक्ष्य दिए जाते हैं और उसी से गेम आगे बढ़ता है। पुलिस उपायुक्त निमिष पाटिल ने बताया कि जांच में पता चला कि लड़कियां कोरियन सामग्री से बहुत अधिक प्रभावित थीं और अपने मोबाइल फोन पर काफी समय बिताती थीं। उन्होंने कहा परिवारवालों ने पिछले कुछ दिनों से उनके मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी, जिससे वे परेशान थीं और संभवतः इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया। सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस को मंगलवार ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बीबीडी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में एलुमनी लेक्चर का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एलुमनी टॉक 2026 के अंतर्गत, बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ की एलुमनी कोऑर्डिनेशन कमेटी एवं ऑर्थोडॉन्टिक्स एवं डेंटोफेशियल ऑर्थोपेडिक्स विभाग द्वारा मैलोक्लूजन का निदान एवं इंटरसेप्शन विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास के प्रेरणा से हुआ।

इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. उदय राज शर्मा, एमडीएस (ऑर्थोडॉन्टिक्स एवं डेंटोफेशियल ऑर्थोपेडिक्स), एलुमनस बैच 2014-2017 द्वारा प्रस्तुत किया गया।

वर्तमान में वे शहर की विभिन्न प्रतिष्ठित डेंटल क्लीनिक्स में कंसल्टेंट डेंटिस्ट के रूप में कार्यरत हैं। इस सत्र में विकसित हो रहे मैलोक्लूजन की प्रारंभिक पहचान, वृद्धि का आकलन तथा समय पर किए जाने वाले इंटरसेप्टिव ऑर्थोडॉन्टिक हस्तक्षेप के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

डॉ. शर्मा ने प्रारंभिक निदान के लिए क्लिनिकल संकेतों, मिक्स्ड डेंटिशन एनालिसिस की भूमिका तथा विकसित हो रही कंकालीय एवं दंत विसंगतियों के प्रबंधन हेतु व्यावहारिक तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। यह अकादमिक संवाद वास्तविक केस परिदृश्यों और एविडेंस-बेस्ड निर्णय-निर्माण पर जोर देते हुए सैद्धांतिक ज्ञान और क्लिनिकल प्रैक्टिस के बीच की खाई को पाटने का प्रयास था। व्याख्यान में यह भी बताया गया कि समय पर किया गया इंटरसेप्शन उपचार की जटिलता को कम करता है, कार्यात्मक परिणामों में सुधार लाता है तथा दीर्घकालिक स्थिरता को बढ़ाता है। यह सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं इंटरैक्टिव रहा, जिससे स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों के साथ-साथ संकाय सदस्यों को भी लाभ हुआ। इसने उत्तम ऑक्लूजल हार्मनी एवं संतुलन प्राप्त करने हेतु प्रारंभिक ऑर्थोडॉन्टिक निदान एवं इंटरसेप्टिव उपचार के महत्व को सुदृढ़ किया।

प्राचार्या प्रो. (डॉ.) नीता पासरीचा ने वक्ता को प्रशस्ति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया तथा बीबीडीईजी प्रबंधन को निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस प्रकार के एलुमनी-नेतृत्व वाले सत्र विद्यार्थियों को प्रेरित करते हैं तथा संस्थान में अध्ययन, उत्कृष्टता एवं व्यावसायिक विकास की संस्कृति को सुदृढ़ बनाते हैं।



# बच्चों के सामने छलक पड़ता है सीएम योगी का कोमल हृदय

विशेष संवाददाता (vol)

- जनसेवा, संवेदना और सुशासन की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करते हैं मुख्यमंत्री सीएम योगी
- सीएम योगी के पास पहुंच कर बालहठ के साथ निश्छल मन से अपनी बात रखते हैं बच्चे



**लखनऊ।** नर्सरी में एडमिशन कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास पहुंची मासूम बच्ची की जिद हो या चॉकलेट की मांग करने वाले बच्चों की हठ। जिन मुख्यमंत्री का नाम सुनकर अपराधी कांप उठते हैं, बच्चे उन्हीं से मिलकर सहजता से अपनी जिद मनवा लेते हैं। कहते हैं, बच्चे मन के सच्चे, वे अपने दिल की भावना को अत्यंत निश्छलता से प्रकट कर देते हैं, यही भाव उस समय सामने आया, जब सीएम योगी आदित्यनाथ को देखते ही एक छोटी बच्ची ने उन्हें सैल्यूट किया। सीएम ने भी मुस्कुराते हुए बच्ची को खूब मन लगाकर पढ़ने के लिए कहा। उनका यह बाल प्रेम उनके कोमल हृदय व सर्वसुलभ होने के साथ-साथ जनसेवा, संवेदना व सुशासन की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करता है।

मुख्यमंत्री के बच्चों से जुड़ाव और उनके साथ भावनात्मक संवाद के कई दृश्य समय-समय पर सामने आते रहते हैं। विगत सोमवार को जनता दर्शन में मां के साथ आई बच्ची अनाबी अली से सीएम का संवाद इन दिनों चर्चा में है। अपने एडमिशन के लिए जिद, फिर एबीसीडी व कविता सुनाकर अनाबी ने सीएम का दिल जीत लिया। वहीं मकर संक्रांति पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गोरखनाथ मंदिर में एक बच्चे से और क्या चाहिए पूछना और उसका मासूम जवाब सुनकर खिलखिलाकर हंसना भी उनके बालप्रेम को प्रकट करता है। बच्चों से अत्यंत आत्मीयता से संवाद और उनके भविष्य को लेकर त्वरित निर्णय मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करते हैं।

बीते दिनों जनता दर्शन में दो साल की अनन्या से संवाद भी लोगों के मन को छू गया। इसी तरह 31 दिसंबर को मेजर की बेटी अंजना भट्ट ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपने मकान पर कब्जे की शिकायत की, जिस पर मुख्यमंत्री ने 24 घंटे के भीतर न सिर्फ मकान को कब्जा मुक्त कराया, बल्कि आरोपियों पर एफआईआर व तत्काल गिरफ्तारी भी कराई। यह मामला सीएम की जन समस्याओं के प्रति गंभीरता को प्रकट करते हुए स्पष्ट संदेश देता है कि वे कानून व्यवस्था, बच्चों, महिलाओं और कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों का समाधान करने में तनिक भी विलंब नहीं करते। कानपुर की मूक-बधिर युवती खुशी गुप्ता की कहानी भी इन दिनों हर किसी की जुबां पर है। मुख्यमंत्री से मिलने की उसकी जिद और अकेले पैदल चलकर लखनऊ पहुंचने की जानकारी जब सीएम योगी आदित्यनाथ को मिली तो उन्होंने उसे बुलाकर उसके बनाए चित्रों को स्वीकार किया और उसके शिक्षित-सुरक्षित भविष्य का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री के अपनत्व से भाव-विभोर खुशी की अनकही भावनाओं ने 25 करोड़ प्रदेशवासियों के बीच मुख्यमंत्री की प्रदेश ही परिवार धारणा की विश्वसनीय तस्वीर पेश की। जनता दर्शन के जरिए लखनऊ की अनाबी अली, कानपुर की मायरा, गोरखपुर की पंखुड़ी और मुरादाबाद की वाची का स्कूल में एडमिशन कराना भी सीएम योगी की संवेदनशीलता का हिस्सा है। कानपुर की नन्ही मायरा ने कहा था कि मैं बड़ी होकर डॉक्टर बनना चाहती हूं। इस पर सीएम ने तत्काल उसका प्रवेश कराने का निर्देश दिया। वाची ने कहा कि मैं पढ़ना चाहती हूं, सीएम ने उसका भी प्रवेश कराया। गोरखपुर की पंखुड़ी की फीस माफ कराने के साथ ही उसे पुनः विद्यालय भेजना भी सुनिश्चित कराया। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में आए बच्चे सीधे सीएम योगी के पास पहुंच गए। सभी ने सीएम के साथ फोटो खिंचवाई, उनसे बातचीत की। सीएम ने उन्हें दुलारा और एक नन्ही बच्ची को गोद में लेकर अपना वात्सल्य भाव प्रकट किया।

# मंत्री ने छात्रों को राष्ट्रीय पक्षी मोर के महत्व के बारे में दी जानकारी

**नई दिल्ली।** ईआईएसीपी कार्यक्रम केंद्र - रिसोर्स पार्टनर (पीसी-आरपी), डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ एंड सीसी), भारत सरकार के सहयोग से द पीकॉक्स कॉलः मिशन लाइफ फॉर ए ग्रीनर टुमॉरो शीर्षक से तीन दिवसीय जागरूकता एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन 3 से 5 फरवरी तक त्रावणकोर हाउस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली में किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम मिशन लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) के अंतर्गत आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर की पारिस्थितिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को उजागर करना है। साथ ही यह सतत जीवनशैली, जैव विविधता संरक्षण और नागरिक-नेतृत्व वाले पर्यावरणीय प्रयासों को प्रोत्साहित करता है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 3 फरवरी को एमओईएफ एंड सीसी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं पर्यावरण संरक्षण विशेषज्ञों की उपस्थिति में किया गया।

बुधवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने प्रतिभागी स्कूली बच्चों से संवाद करने के साथ ही प्रदर्शनी को देखा। उन्होंने मंत्रालय की इस पहल की सराहना की, जो भारत के राष्ट्रीय पक्षी को मिशन लाइफ के सिद्धांतों और जनसहभागिता से जोड़ती है। मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि बच्चों ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मिशन लाइफ के इस कार्यक्रम के माध्यम से सीखा कि किस प्रकार संस्कृति और पारिस्थितिकी मिलकर हरित भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

# सपा ने दो पार्षदों के फार्म-7 भरने वाले पर एफआईआर दर्ज कराने की उठायी मांग

**लखनऊ।** सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बुधवार को मांग की है कि फर्रूखाबाद 192 कायमगंज विधान सभा में निर्वाचित वर्तमान दो सभासदों के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से काटने के लिए फार्म-7 भर कर जमा करने वालों तथा फार्म के आवेदकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवा कर उनकी गिरफ्तारी की जाये व फर्रूखाबाद, आजमगढ़, बदायूं, गाजियाबाद, सन्तकबीर नगर, मथुरा, पीलीभीत, मिजार्पुर, गाजीपुर, रायबरेली, मऊ, सोनभद्र सहित प्रदेश के सभी जनपदों व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रो में भाजपा के जिलाध्यक्ष, विधायक, पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं द्वारा ड्राफ्ट मतदाता सूची से वैध मतदाताओं के नाम अवैध ढंग से काटने के लिए फार्म-7 लाखों की संख्या में जमा कर दिया गये है, यह सभी फार्म-7 सपा समर्थक वैध मतदाताओं विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय और पीडीए मतदाताओं के हैं, यह सभी मतदाताओं ने गणना प्रपत्र भर कर बीएलओ के पास जमा कर दिये थे। उसके बाद उनका नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में दर्ज हो गया है और सभी मतदाता दर्ज पते पर स्थाई रूप से निवास कर रहे है। भाजपा द्वारा सपा के लाखों वैध मतदाताओं को अवैध ढंग से काटने की साजिश करने के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाये तथा सभी फार्म-7 तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जायें, जिससे एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष सम्पन्न हो सके।

# योगी सरकार में लौटा अयोध्या के गुप्तारघाट का वैभव

विशेष संवाददाता (vol)

- गुप्तारघाट पर रावण वध, हनुमान व जटायु स्टेच्यू तैयार
- 18.34 करोड़ की लागत से तीसरे चरण में हो रहा सौंदर्यीकरण

**अयोध्या।** अयोध्या में गुप्तारघाट का वैभव पुनः लौट रहा है। पर्यटन विकास तेजी से हो रहा है। योगी सरकार की रामराज्य की परिकल्पना के अनुरूप आने वाले दिनों में गुप्तारघाट का हर एक नजारा त्रेता युग को जोड़ता दिखेगा। क्योंकि सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल इस महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल पर तीसरे चरण का विकास कार्य अब अंतिम दौर में पहुंच गया है। विशेष रूप से यहां बन रहा ओपन एयर थियेटर संभवतः होली तक जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इस थियेटर के साथ रावण वध, हनुमान और जटायु की भव्य मूर्तियां भी तैयार हो चुकी हैं, जो रामायण की भावना को जीवंत रूप से दर्शायेंगी।

गुप्तारघाट ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि भगवान श्री राम ने इसी घाट से जल समाधि ली थी और यहां अंतिम बार सरयू नदी में प्रवेश किया था।

राम भक्तों के लिए यह स्थान आस्था का केंद्र है। योगी सरकार ने इसे विश्व स्तरीय पर्यटन केंद्र बनाने का संकल्प लिया है। पहले दो चरणों में बड़े पैमाने पर विकास हो चुका है, जिसमें घाट का सौंदर्यीकरण, वॉटर स्पोर्ट्स सुविधाएं, आधुनिक पार्क, योग-ध्यान केंद्र आदि शामिल हैं। अब तीसरे चरण में कुल 1833.63 लाख रुपये (लगभग 18.34 करोड़) की लागत से अंतिम छोर का काम चल रहा है। तीसरे चरण में मुख्य रूप से पार्किंग क्षेत्र, पाथवे, टिकट घर, गार्ड रूम, टॉयलेट ब्लॉक, किचन के फिनिशिंग कार्य प्रगति पर हैं। साथ ही इंटरप्रिटेशन सेंटर, अन्य स्ट्रक्चरल म्यूरल्स (भित्ति चित्र), बाउंड्री वॉल का काम भी तेजी से चल रहा है। सबसे आकर्षक हिस्सा ओपन एयर थियेटर है, जहां फिनिशिंग, विद्युतीकरण और हॉर्टिकल्चर का कार्य जारी है। इस थियेटर में रामायण से जुड़े नाटक, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और रामलीला जैसे आयोजन होंगे। यहां रावण वध का दृश्य, हनुमान जी की विशाल प्रतिमा और जटायु की मूर्ति पर्यटकों को राम कथा की याद दिलाएंगी। ये मूर्तियां पहले से ही तैयार हैं और थियेटर के परिसर में स्थापित की जा रही हैं।

आगामी दिनों में गुप्तारघाट न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक और मनोरंजन का भी प्रमुख केंद्र बन जाएगा। योगी सरकार का फोकस अयोध्या को ग्लोबल टूरिज्म हब बनाने पर है। राम मंदिर के बाद गुप्तारघाट का यह विकास राम नगरी की चमक को और बढ़ाएगा। यहां आने वाले श्रद्धालु सरयू के किनारे शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं का आनंद ले सकेंगे। ओपन एयर थियेटर से शाम के समय रामायण आधारित प्रदर्शन देखना एक अनोखा अनुभव होगा। यह परियोजना पर्यटन विभाग की है। यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड इस परियोजना को क्रियान्वित कर रहा है।

अयोध्या परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि अब तक 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। परियोजना में कुछ विलंब हुआ है, क्योंकि कार्यों में बढ़ोतरी की गई। मूल लक्ष्य से दो महीने पीछे चल रही यह परियोजना अब फरवरी 2026 में पूरी हो जाएगी। होली के आसपास या होली तक (मार्च 2026) यह ओपन एयर थियेटर और पूरा परिसर श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा।

# यूपी में बढ़ा राज्य पक्षी सारस का कुनबा

## शीतकालीन गणना में मिले 20,628 सारस, इटावा वन प्रभाग में पाये गये सर्वाधिक 3304 सारस

विशेष संवाददाता (vol)

- 10 वन प्रभागों में पायी गयी यह संख्या 500 से अधिक

**लखनऊ।** योगी सरकार की ओर से वन व वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में बढ़ाया गया कदम कारगर साबित हो रहा है। सरकार के प्रयासों का असर है कि उत्तर प्रदेश में साल दर साल राज्य पक्षी सारस का कुनबा बढ़ता जा रहा है। राज्य में प्रतिवर्ष दो बार (ग्रीष्मकालीन/शीतकालीन) सारस की गणना की जाती है। प्रदेश के 68 वन प्रभागों में हुई शीतकालीन गणना में कुल 20,628 सारस पाए गए। पिछले वर्ष हुई गणना में प्रदेश में सारसों की संख्या 19,994 थी। राज्यव्यापी गणना में इटावा वन प्रभाग में सर्वाधिक 3304 सारस मिले। 10 वन प्रभागों में यह संख्या 500 से अधिक रही। प्रदेश में शीतकालीन गणना कार्यक्रम में 10 हजार नागरिकों द्वारा भाग लिया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पशु-पक्षी व पर्यावरण प्रेम जगजाहिर है। 2017 में सत्ता संभालने के बाद उन्होंने विभाग को राज्य पक्षी सारस के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। 2023 में प्रदेश में 19,196 सारस मिले। 2024 में इनकी संख्या बढ़कर 19,994 हो गई। अब इस शीतकालीन सत्र में प्रदेश में कुल सारसों की संख्या 20,628 दर्ज की गई है। सारस की शीतकालीन गणना में 10 प्रभागों में इनकी संख्या 500 से ऊपर रही। इटावा वन प्रभाग में सर्वाधिक 3304 सारस पाए गए। मैनपुरी में 2899, औरैया में 1283, शाहजहांपुर में 1078, गोरखपुर में 950, कन्नौज में 826, कानपुर देहात में 777, हरदोई में 752, सिद्धार्थनगर में 736 तथा संतकबीर नगर वन प्रभाग में 701 सारस पाए गए।

29 वन प्रभागों में सारस की संख्या 100 से 500 के बीच रही। रायबरेली वन प्रभाग में 480, सीतापुर में 452, उन्नाव में 385, बरेली में 380, सोहगीबरवा में 378, बाराबंकी में 345, बांदा में 270, फिरोजाबाद में 258, बस्ती में 224, अमेठी में 181, अलीगढ़ में 177, बिजनौर में 174, गौतमबुद्धनगर में 169, दक्षिण खीरी में 168, रा.चंबल में 167, सुल्तानपुर में 162, कानपुर में 156, बहराइच व फरुर्खाबाद में 150-150, मथुरा में 135, कासगंज में 128, फतेहपुर में 127, एटा में 119, बदायूं में 115, श्रावस्ती में 109, गोंडा में 108, चित्रकूट में 106 व देवरिया वन प्रभाग के अंतर्गत 105 सारस पाए गए।

राज्य में 29 वन प्रभाग ऐसे भी रहे, जहां शीतकालीन गणना में 100 से कम सारस मिले। पीलीभीत सामाजिक वानिकी में 98, हमीरपुर में 95, सोहेलवा में 88, अयोध्या में 82, कुशीनगर में 64, हाथरस में 62, अंबेडकर नगर में 59, मेरठ में 51, मुरादाबाद में 50, उत्तर खीरी में 46, बुलंदशहर में 42, कौशांबी में 40, ललितपुर में 39, अवध में 38, मुजफ्फरनगर में 32, प्रतापगढ़ में 31, कतर्नियाघाट में 28, महोबा व संभल में 25-25, आगरा में 24, नजीबाबाद में 18, उरई में 15, प्रयागराज में 14, आजमगढ़ में 12, जौनपुर में 8, मऊ में 6, पलिया में 5, रामपुर में 4 व हापुड़ में दो सारस मिले।

इस बाबत प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सारस की ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन, दो बार गणना होती है। हाल में ही संपन्न शीतकालीन गणना में राज्य पक्षी की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि मिली है। गणना से पहले वन विभाग कर्मियों द्वारा सारस बाहुल्य प्राकृतवास का सर्वेक्षण कर महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की गई। मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर वन्यजीवों के संरक्षण के लिए विभाग निरंतर प्रयास कर रहा है।

# बालिकाएं संतुलित और पौष्टिक आहार अपनायें : आनंदीबेन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बुधवार को जन भवन में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे एवं जन भवन, उत्तर प्रदेश के मध्य एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर जन भवन की ओर से विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर) डॉ. सुधीर महादेव बोबडे तथा सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के प्रमुख कर्नल संदीप कौशल द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

इस एमओयू के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के आठ आकांक्षी जनपद चित्रकूट, फतेहपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, चंदौली एवं सोनभद्र के आदिवासी एवं जनजातीय क्षेत्रों में निवासरत 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण किया जाएगा। सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन के उद्देश्य से संचालित इस अभियान की शुरूआत आज जन भवन, लखनऊ में जनपद बहराइच स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बोझिया की 25 बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण कर की गई। आगामी चरणों में प्रदेश के आठ आकांक्षी जिलों में लगभग डेढ़ लाख बालिकाओं को कुल तीन लाख डोज प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी सहयोगी संस्थाओं को बधाई एवं धन्यवाद देते हुए कहा कि 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं का समय पर टीकाकरण भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि कैंसर का दुष्प्रभाव पूरे परिवार को प्रभावित करता है, ऐसे में वैक्सीन निर्माण एवं निःशुल्क टीकाकरण जैसे प्रयास अत्यंत सराहनीय एवं जनहितकारी हैं।

राज्यपाल ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन की पहल सर्वप्रथम जन भवन द्वारा की गई थी, जिसके अंतर्गत जन भवन की बालिकाओं का टीकाकरण कराया गया तथा बाद में इसे प्रदेश स्तर पर विस्तारित किया गया। उन्होंने इस अभियान में गैर-सरकारी संगठनों की सक्रिय सहभागिता की भी सराहना की। राज्यपाल ने बालिकाओं को सशक्त, स्वस्थ एवं मानसिक रूप से प्रफुल्लित रहने का संदेश देते हुए संतुलित एवं पौष्टिक आहार अपनाने पर बल दिया। उन्होंने मिलेट्स, सब्जियों एवं दालों के अधिक उपयोग की सलाह दी तथा विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। भोजन की नियमित निगरानी होनी चाहिए। शिक्षक स्वयं भोजन की गुणवत्ता की जाँच करें तथा वही भोजन ग्रहण करें। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित बालिकाओं को शिक्षा के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने एवं आगे बढ़ने का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को समय-समय पर एचपीवी टीकाकरण की तीनों डोज अवश्य लगनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टीकाकरण के उपरांत बालिकाओं को प्रमाण-पत्र भी अवश्य प्रदान किए जाएं, जिससे उन्हें दूसरी और तीसरी डोज देने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि बालिकाओं का जीवन बचाना, उन्हें शिक्षा देना और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना समाज के लिए अत्यंत पुण्य का कार्य है।

# राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के 40 विजेताओं का सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

- योगी सरकार की पहल से युवा होंगे ग्लोबल स्किल्स के लिए तैयार, अब इंडिया स्किल्स कॉम्पीटिशन में लेंगे हिस्सा
- उत्तर प्रदेश बना देश में सर्वाधिक पंजीकरण वाला राज्य, कौशल विकास में रचा नया कीर्तिमान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर, रोजगारोन्मुख और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बनाने की दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) द्वारा इंडिया स्किल्स कॉम्पीटिशन 2025-26 के अंतर्गत राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के विजेताओं का भव्य सम्मान समारोह बुधवार को कौशल विकास मिशन मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर 20 विभिन्न स्किल ट्रेड्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 40 विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम एवं मिशन निदेशक पुलकित खरे ने विजेताओं को सम्मानित किया। प्रत्येक स्किल ट्रेड से दो विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कौशल, समर्पण और परिश्रम से प्रदेश का नाम रोशन किया।

प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने विजेता प्रतिभागियों से संवाद कर उनके प्रशिक्षण अनुभव, प्रतियोगिता यात्रा और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली तथा उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आधुनिक, रोजगारोन्मुख एवं वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे आयोजनों से युवाओं में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित होती है और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचने का अवसर मिलता है।

इस अवसर पर मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता युवाओं की प्रतिभा को पहचान दिलाने का सशक्त मंच है, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि चयनित सभी विजेता प्रतिभागी लखनऊ में आयोजित विशेष बूट कैंप में भाग लेंगे, जहां उन्हें विशेषज्ञों द्वारा नॉर्थ रीजनल स्किल कॉम्पीटिशन की तैयारी कराई जाएगी।

अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह ने कहा कि कौशल विकास युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रभावी माध्यम है और मिशन गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता प्रत्येक दो वर्षों में आयोजित होती है। वर्ष 2024 में जहां कुल 7,472 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था, वहीं वर्ष 2026 के लिए यह संख्या बढ़कर 1,09,249 हो गई है, जिससे उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक पंजीकरण वाला राज्य बन गया है। वर्ष 2024 में प्रदेश ने 10 स्किल्स में भागीदारी की थी, जबकि इस वर्ष 20 स्किल्स में सहभागिता कर प्रदेश ने कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। इसके साथ ही, जहां पूर्व में प्रतियोगिता एक ही केंद्र पर आयोजित की जाती थी, वहीं इस वर्ष लखनऊ के 11 विभिन्न केंद्रों पर 1,270 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान मिशन की गतिविधियों को जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया सेल का शुभारंभ किया गया तथा गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण को और सुदृढ़ करने हेतु नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर आन्त्रोप्रेन्योरशिप एंड स्माल बिजनेस डेवलपमेंट के साथ एमओयू का हस्तांतरण भी किया गया। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (आईटीओटी) के निदेशक डी.के. सिंह, एनआईईएसबीयूडी नोएडा की डायरेक्टर शिवानी डे, संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार, वित्त नियंत्रक संदीप कुमार, सहायक निदेशक डॉ. एमके सिंह एवं डॉ. पवित्रा टंडन, डीडीयू-जीकेवाई के सीओओ आशीष कुमार सहित मिशन के अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न जनपदों से आए अधिकारी उपस्थित रहे।

# यीडा बना मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग का नया केंद्र

## 350 एकड़ में आकार ले रहा मेडिकल डिवाइस पार्क

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-28 में 350 एकड़ में विकसित हो रहा मेडिकल डिवाइस पार्क अब कागजी योजना से निकलकर जमीन पर उतर चुका है, जहां निवेश, आवंटन और निर्माण तीनों स्तरों पर ठोस प्रगति दर्ज की गई है। योजना के अंतर्गत यहां अब तक न सिर्फ 100 से अधिक प्लॉट्स का आवंटन कर दिया गया है, बल्कि एक दर्जन इकाइयों ने अपना निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। जल्द ही यहां प्रोडक्शन भी शुरू होने की संभावना है।

बता दें कि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में विकसित हो रहा मेडिकल डिवाइस पार्क, योगी सरकार के उस विजन का प्रतीक है, जिसमें उत्तर प्रदेश को नीति, इन्फ्रास्ट्रक्चर व भरोसा, तीनों स्तरों पर निवेशकों का पसंदीदा राज्य बनाया जा रहा है। यह पार्क आने वाले वर्षों में यूपी को मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग का नया पावरहाउस बना सकता है।

मेडिकल डिवाइस पार्क के अंतर्गत 188.15 एकड़ भूमि औद्योगिक इकाइयों के लिए आरक्षित की गई है, जिसमें विभिन्न आकार के कुल 203 इंडस्ट्रियल प्लॉट विकसित किए गए हैं। अब तक 101 प्लॉट का आवंटन हो चुका है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि यीडा क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस सेक्टर को लेकर निवेशकों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। यीडा द्वारा जारी प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, 85 निवेशकों ने लीज प्लान जमा किया है, जबकि 62 लीज डीड निष्पादित हो चुकी हैं। 49 यूनिट्स ने साइट का पजेशन भी ले लिया है। 23 इकाइयों के भवन मानचित्र स्वीकृत हो चुके हैं तो 12 इकाइयों में निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। यह प्रगति योगी सरकार के सिंगल विंडो सिस्टम, समयबद्ध स्वीकृति और नीति-स्थिरता का सीधा प्रमाण मानी जा रही है। यीडा इस मेडिकल डिवाइस पार्क को केवल एक इंडस्ट्रियल क्लस्टर नहीं, बल्कि एक फुल-फ्लेज्ड इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम के रूप में विकसित कर रहा है। इसके तहत 9.02 एकड़ में वेयरहाउस प्लॉट, 18.66 एकड़ में ग्रीन एरिया, 46.43 एकड़ में कॉमन फैसिलिटी एरिया, 4.84 एकड़ में कमर्शियल सेक्टर और 79.10 एकड़ में पार्किंग व रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास किया गया है, जिससे उत्पादन के साथ-साथ लॉजिस्टिक्स, पर्यावरण और वर्कफोर्स सुविधाओं का संतुलन सुनिश्चित हो सके।

मेडिकल डिवाइस पार्क में औद्योगिक इकाइयों के लिए उपलब्ध शेष भूमि में से 10.32 एकड़ भूमि पर नए आवंटन के लिए 12 जनवरी 2026 को योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत कुल 22 नए प्लॉट आवंटन के लिए प्रस्तावित हैं, जिनमें 1000 वर्गमीटर के 11 प्लॉट, 2100 वर्गमीटर के 9 प्लॉट तथा 5940 वर्गमीटर के 2 प्लॉट शामिल हैं।

## संक्षेप

### दीवार तोड़ने के विवाद में दोनों पक्ष के साथ आरोपियों पर केस

प्रतापगढ़। दीवार तोड़ने के विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने तहरीर पर दोनों पक्ष के कुल सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। सांगीपुर थाने के दरोगा राजीव नयन पाण्डेय को शिकायत मिली कि बीती तीन फरवरी को तारापुर कोटवा शुकुलपुर में दो पक्षों में दीवार गिराने को लेकर विवाद हो गया। जांच में मामला सही मिलने पर एक पक्ष के महेन्द्र कुमार पाण्डेय व उनकी मां तथा दूसरे पक्ष के सुशील पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ गालीगलौज, मारपीट व धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच के बाद आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### समाजसेविका के निधन पर जताया शोक

प्रतापगढ़। समाजसेविका के निधन पर क्षेत्रवासियों ने शोक जताया है। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अर्न्तगत पूरे धनई शिवबोझ गांव की समाजसेविका छिहत्तर वर्षीया राजकुमारी का बीमारी के चलते बीते मंगलवार को निधन हो गया। समाजसेविका गिरीशचंद्र मिश्र व केशव मिश्र की मां थी। निधन की जानकारी होने पर क्षेत्र के विजय पाण्डेय, रामजी जायसवाल, रामू मिश्र, रज्जन शुक्ला, ऋषि कुमार द्विवेदी, राधेश्याम मिश्र, सोनू शुक्ल, शशांक तिवारी, अनुराग उपाध्याय, आशीष द्विवेदी, दीपक शुक्ल, सत्यम सिंह, संजीव द्विवेदी, सुधांशु, संजीव पाण्डेय आदि ने गहरी संवेदना जतायी है।

### अपहरण का आरोपी धराया, भेजा गया जेल

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दरोगा इन्द्रेश कुमार पुलिस बल के साथ बुधवार की सुबह गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर अपहरण के मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी धीरज वर्मा पुत्र विनोद कुमार वर्मा निवासी देउम पूरब को घुइसरनाथ धाम स्थित पुल के समीप से धर दबोचा। एसओ गौरव त्रिवेदी ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### लॉटरी सिस्टम से होगा संग्रामगढ़ गांव के कोटे का चयन

प्रतापगढ़। विकासखण्ड रामपुर संग्रामगढ़ की ग्राम पंचायत संग्रामगढ़ में रिक्त चल रहे कोटे का चयन अब लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए पांच फरवरी से बीस फरवरी तक बंद लिफाफे में आवेदन मांगे गये हैं। आवेदन फार्म उप जिलाधिकारी कार्यालय लालगंज से प्राप्त किये जा सकते हैं। आगामी पचीस फरवरी को तहसील सभागार में लॉटरी सिस्टम के द्वारा कोटे का चयन तहसील स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। उक्त जानकारी उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र वर्मा द्वारा जारी विज्ञप्ति में दी गयी है।

### 445 बच्चों-गर्भवती महिलाओं का हुआ टीकाकरण

सिद्धार्थनगर- बेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) क्षेत्र के 40 केंद्रों में बुधवार को 305 बच्चों और 140 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच भी की गई। यह टीकाकरण बेवा मुस्तफा, बायरा, चकचाई, चौराबनगवा, जखौली, मड़हली रंगरेजपुर, वासा चक, मलहवार और परसा सहित कुल 40 केंद्रों पर आयोजित किया गया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. विकास चौधरी ने अपनी टीम के साथ आधा दर्जन टीकाकरण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रों पर पहुंचकर लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया और टीके के महत्व के बारे में बताया। डॉ. चौधरी ने बताया कि टीकाकरण से 12 गंभीर बीमारियों से बचाव होता है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने और गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतने के लिए भी जागरूक किया।

### धमकी पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट गालीगलौज व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थानान्तर्गत शिववंश का पुरवा खानीपुर गांव की फूलकुमारी सिंह पत्नी राम सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो फरवरी को दोपहर करीब बारह बजे उसका पुत्र अजय सिंह घर पर मौजूद था। आरोप है कि इसी बीच पुरानी रंजिश की।

# वसूली टीम के घर पहुंचने पर मजदूर की हृदयाघात से मौत

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में बैंक ऋण वसूली के सिलसिले में राजस्व अधिकारियों के घर पहुंचने पर 55 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। उनके परिवार ने अधिकारियों पर उत्पीड़न और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। हालांकि, अधिकारियों ने मजदूर के परिवार द्वारा लगाए गए इन आरोपों से इनकार किया है। मृतक की पहचान इस्माइल के रूप में हुई है। उन्हें मंगलवार को एक लाख रुपये के ऋण की किस्त के भुगतान में चूक के बाद राजस्व अधिकारियों की एक टीम द्वारा तहसील कार्यालय ले जाया गया था। वहां उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह ने कहा कि इस्माइल के परिवार ने मंगलवार शाम बन्ना देवी थाने में राजस्व अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। सीओ ने पत्रकारों को बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि मौत दिल का दौरा पड़ने के कारण हुई। इस्माइल की पत्नी शबाना परवीन के अनुसार, उनके पति ने 2014 में एक निजी बैंक से अपने 50 वर्ग मीटर के घर को गिरवी रखकर एक लाख रुपये का ऋण लिया था। इस्माइल और उनका बेटा नियमित रूप से किस्तें चुका रहे थे, लेकिन हाल में वित्तीय बाधाओं के कारण एक किस्त के भुगतान में चूक हो गई थी।

परवीन ने कहा कि बैंक ने इसके बाद अदालत का दरवाजा खटखटाया, जिसने बाद में राजस्व विभाग को वसूली के आदेश जारी किए। परवीन ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को जब वसूली टीम भीड़भाड़ वाले जीवनगढ़ इलाके में उनके घर पहुंची, तो अधिकारियों ने कठोर और धमकी भरी भाषा का इस्तेमाल किया, जिससे इस्माइल को तनाव हुआ। अधिकारी उनके पति को अपने वाहन में राजस्व कार्यालय ले गए, जहां उनका स्वास्थ्य और बिगड़ गया। अधिकारियों द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किए जाने के बाद वह सदमे में चले गए। हालांकि, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पंकज कुमार ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि वसूली टीम ने कोई कठोर व्यवहार नहीं किया और इस्माइल नोटिस दिए जाने के बाद स्वयं तहसील आए थे। इस्माइल के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। परिवार ने उनकी मौत के लिए 50 लाख रुपये के मुआवजे की मांग की है।

# तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म, जिला अस्पताल में भर्ती

- आरोपी किशोर हिरासत में, पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज

जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में तीन साल की एक बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के बाद बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना सोमवार देर शाम की है। पास में रहने वाला एक किशोर बच्ची को बहला-फुसलाकर घर के पीछे स्थित एक सुनसान जगह पर ले गया। जहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया, बच्ची के रोने और चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे गये, लोगों को आता देख आरोपी मौके से भाग गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्ची को जिला अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू किया। सिद्धार्थनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के अनुसार बच्ची के पिता की तहरीर पर आरोपी किशोर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बच्ची का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले में नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी समस्याएं



**श्रावस्ती।** जनपद में जन सामान्य की शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 'जनता दर्शन' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों को अत्यंत गंभीरतापूर्वक सुना। जनता दर्शन के दौरान मुख्य रूप से भूमि विवाद, आपसी मारपीट, महिला संबंधी अपराध तथा अन्य घरेलू व सामाजिक प्रकरणों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक मामले के तथ्यों का बारीकी से अवलोकन किया और उपस्थित फरियादियों को आश्वस्त किया कि उन्हें न्याय मिलेगा। मामलों के निस्तारण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित इस जनता दर्शन का मुख्य उद्देश्य आमजन और पुलिस के मध्य संवाद को बेहतर बनाना तथा पीड़ितों को त्वरित न्याय प्रदान कर सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना है। इस दौरान सोशल मीडिया सेल और कार्यालय के अन्य पुलिस कर्मी भी उपस्थित रहे।

## टैंकर चालक पर दर्ज हुआ मुकदमा, गिरफ्तार

प्रतापगढ़। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के खजुरी में मंगलवार दोपहर स्कूली बस में पीछे से तेल टैंकर के टक्कर मार देने से बच्चों के घायल होने की घटना को लेकर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपी चालक को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई कर रही है। लालगंज नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में बीते मंगलवार को दोपहर छुटटी होने के बाद छात्र छात्राओं को लेकर उनके घर छोडने के लिए जा रही बस खजुरी गांव के पास हाइवे किनारे बच्चों को उतारने के लिए रूकी। इसी दौरान पीछे से आ रहे टैंकर ने अनियंत्रित होकर बस में जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना में अचानक टक्कर लगने से स्कूली बस सडक किनारे गडढे में जा गिरी। इससे बस में सवार कुल तीस बच्चों में से आठ बच्चे घायल हो गये थे। वहीं अन्य बच्चों को मामूली चोटें आयी थी। गंभीर रूप से घायल छात्र हरिओम सिंह को चिकित्सकों ने रेफर कर दिया था। घटना को लेकर प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र ने अज्ञात टैंकर चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी। एसएसआई अरूण कुमार सिंह का कहना है कि मामले में टैंकर चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते दुर्घटना करने का केस दर्ज किया गया है। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा की मां का निधन, शोक की लहर



सिद्धार्थनगर। जनपद के विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा की माता के निधन पर बढ़नी नगर में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित किया गया। इन सभाओं में भाजपा सहित विभिन्न संगठनों के लोगों, समाजसेवियों, शिक्षकों और पत्रकारों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उल्लेखनीय है कि विधायक विनय वर्मा की माता का कुछ दिनों पूर्व नोएडा में निधन हो गया था, जिसके बाद से विधानसभा क्षेत्र में क्रमवार शोक सभाएं आयोजित की जा रही हैं। बढ़नी नगर के गोला बाजार में सरार्फा एसोसिएशन द्वारा भाजपा नेता त्रियोगी नाथ अग्रहरि के संयोजन में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें सरार्फा व्यवसायियों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इसी प्रकार, राम जानकी मंदिर में भाजपा नेता प्रदीप कमलापुरी और युवा समाजसेवी विजय पाण्डेय ने एक अन्य श्रद्धांजलि सभा आयोजित की, जिसमें नगर और क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इन सभाओं में शांति प्रार्थना के उपरांत सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान विधायक विनय वर्मा और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की गईं। श्रद्धांजलि सभाओं में मुख्य रूप से त्रियोगी नाथ अग्रहरि, राजकुमार सिंह (राजू शाही), सिद्धार्थ पाठक, प्रदीप कमलापुरी, विजय पाण्डेय, भानु प्रताप सिंह, मनोज पांडेय, ध्रुव चतुर्वेदी, सरदार रविंद्र सिंह, भीम सिंह, रमेश मोर्य, विनय अग्रहरि सहित कई पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया।

# मतदाता सूची से नाम काटने की साजिश का आरोप

## इटवा में सपाइयों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, भाजपा पर आरोप



सिद्धार्थनगर- इटवा में समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यकताओं ने बुधवार को इटवा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची से नाम काटने की कथित साजिश का आरोप लगाया। उन्होंने इस संबंध में उप जिलाधिकारी (एसडीएम) को एक ज्ञापन सौंपा और भाजपा कार्यकताओं पर आरोप लगाया।सपा कार्यकताओं ने दावा किया कि विधानसभा क्षेत्र 305 इटवा के बूथ संख्या 311 गंगवल से 163 मतदाताओं के नाम हटाने का प्रयास किया गया।इसी तरह, बूथ संख्या 312 गंगवल से भी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाने की कोशिश की गई।आरोप है कि भाजपा कार्यकताओं ने एक व्यक्ति के नाम से पहले से कंप्यूटराइज्ड प्रिंटेड फॉर्म 7 पर फर्जी हस्ताक्षर कर इसे बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को भेजा। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं के अनुसार, इन फॉर्मों में अधिकतर मुस्लिम मतदाताओं और पी.डी.ए. (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के लोगों के नाम थे।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीएलओ पर इन फॉर्मों पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया जा रहा था। पार्टी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के कई अन्य बूथों से भी इसी तरह की शिकायतें मिली हैं, जिनमें भाजपा कार्यकताओं द्वारा बीएलओ पर फॉर्म 7 पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाने का आरोप है।इन सूचनाओं के आधार पर, समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने उप जिलाधिकारी इटवा को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कमाल अहमद, विधानसभा अध्यक्ष बबलू खान, बबलू पाठक, अब्दुल लतीफ, सुनील कुमार यादव, इफ्तेखार अहमद, सौरभ श्रीवास्तव और अमीरउल्लाह सहित कई समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।एसडीएम इटवा कुणाल ने इस संबंध में कहा कि शिकायती पत्र की जांच की जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा के लिए बनी मानव श्रृंखला



श्रावस्ती। शासन के निदेशों के अनुपालन में आज महामाया राजकीय महाविद्यालय, श्रावस्ती में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक विशाल मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य एवं उच्च शिक्षा नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र गुप्त की अध्यक्षता में 'रोड सेफ्टी क्लब' के तत्वावधान में संपन्न हुआ। बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और छात्रों व आमजन को यातायात नियमों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में भारी उत्साह देखा गया। मानव श्रृंखला के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विभिन्न प्रेरक नारों जैसे सड़क सुरक्षा कौन करेगा हम करेंगे-हम करेंगे, सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा और सिर सलामत, सब सलामत के माध्यम से लोगों को सुरक्षित सफर का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र गुप्त ने इस अवसर पर कहा कि सड़क नियमों का पालन करना न केवल कानूनी जिम्मेदारी है, बल्कि यह जीवन बचाने का सबसे सरल उपाय भी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. आशुतोष मिश्र सहित डॉ. उपेन्द्र कुमार सोनी, डॉ. सत्य प्रकाश वर्मा, दीनानाथ, माधवराज और झींगुर शुक्ला का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा। इस जागरूकता अभियान के माध्यम से युवाओं को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने हेतु संकल्प दिलाया गया।

# अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर किया प्रदर्शन



लखनऊ। जिले की मोहन लालगंज तहसील में बुधवार को आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को लेकर आवाज बुलन्द हुई। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के आहवान पर राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश साथियों सहित दोपहर तहसील परिसर पहुंचे। यहां महासचिव अनिल कुमार तिवारी की अगुवाई में बार एसोसिएसन भवन के सामने एकजुट हुए वकीलों ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि लखनऊ समेत कई जिलों में रोज अधिवक्ताओं पर जानलेवा हमले हो रहे हैं। उन्होने कहा कि ऐसे में सरकार को अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक पारित कराया जाना चाहिए। वहीं उन्होने संघर्ष में योगदान के लिए तहसील के अधिवक्ताओं को सम्मान पत्र भी प्रदान किया। आमसभा की अध्यक्षता बार एसोसिएसन के अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला व संचालन महामंत्री रामलखन यादव ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, अवधेश प्रताप सिंह, धीरेन्द्रचंद्र तिवारी, अम्बरीश यादव, सतीश कुमार, विजय बहादुर, कालीशंकर चौरसिया, वेद प्रकाश मिश्र, राजकिशोर सिंह, किरन कुमारी, अरविंद रावत, संतोष यादव, अरूण कुमार विश्वकर्मा आदि अधिवक्ता रहे।

# निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए विशेष अभियान प्रारंभ

श्रावस्ती। अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि ह्यविशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत जनपद के समस्त पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता पंजीकरण से वंचित न रहे। प्रशासनिक निदेर्शानुसार, जनपद के समस्त बी.एल.ओ. (मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारी) प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपने-अपने संबंधित मतदेय स्थलों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उनके पास आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली, अनुपस्थित, स्थानांतरित, दोहरे एवं मृतक मतदाताओं की सूचियों के साथ पर्याप्त संख्या में प्रपत्र-6, 7एवं 8 उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ ही, मतदाता सहायता केंद्रों पर पात्र नागरिकों को मानचित्रण (मैपिंग) तथा दावे और आपत्तियों से संबंधित प्रपत्रों को भरने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, यदि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची में छूट गया है, तो वे प्रपत्र-6 के साथ घोषणा पत्र (अनुलग्नक-4) भरकर जमा कर सकते हैं। सूची से अवांछित नाम हटाने हेतु प्रपत्र- 7 तथा नाम या विवरण में किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु प्रपत्र-8 भरकर बी.एल.ओ. को उपलब्ध कराया जा सकता है। यह सभी प्रक्रियाएं ऑनलाइन पोर्टल पर भी पूर्ण की जा सकती हैं। नाम जुड़वाने हेतु आयु के साक्ष्य के रूप में जन्म प्रमाण पत्र, आधार पत्र, पैन कार्ड, वाहन चालन अनुज्ञप्ति (ड्राइविंग लाइसेंस), 10वीं/12वीं का प्रमाण पत्र या भारतीय पारपत्र (पासपोर्ट) मान्य होंगे।

## खेसरहा पुलिस ने गिरफ्तार किये दो वारंटी

सिद्धार्थनगर- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे वारण्टी गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना खेसरहा पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने यह कार्रवाई दण्ड वाद संख्या 1669/08 से संबंधित न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर की।अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी बाँसी सुश्री रोहिनी यादव के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में यह गिरफ्तारी हुई। गिरफ्तार किए गए वारंटियों की पहचान प्रमोद उर्फ पप्पू पुत्र श्यामलाल और अजय पुत्र रमाकांत के रूप में हुई है। ये दोनों बनुहिया बुजुर्ग, थाना खेसरहा, सिद्धार्थनगर के निवासी हैं। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय जेएम बांसी भेज दिया।इन वारंटियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (क्ढउ) की धारा 352, 504, 506 और 427 के तहत मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस टीम ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत किया।

# महिलाओं और बालिकाओं को त्वरित न्याय के लिए सरकार प्रतिबद्ध

## महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं जनसमस्याएं




श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ. प्रियंका मौर्या ने बुधवार को जनपद श्रावस्ती का भ्रमण कर महिलाओं की समस्याओं को सुना और विभिन्न सरकारी संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण भवन भिनगा पहुंचने के उपरान्त उन्होंने पुलिस लाइन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में पीड़ित महिलाओं की शिकायतों का संज्ञान लिया। इस दौरान कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से एक का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि 4 मामले न्यायालय से संबंधित पाए गए। शेष शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। सदस्या ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार महिलाओं और बालिकाओं को त्वरित न्याय और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं के साथ संवेदनशील व्यवहार करें ताकि उन्हें न्याय के लिए भटकना न पड़े।

इस अवसर पर उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत और बाल श्रम मुक्त भारतश पम्पलेट का विमोचन किया और जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न विकासखंडों में जाकर लोगों को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक करेगा। जनसुनवाई के बाद डॉ. प्रियंका मौर्या ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने पैथोलॉजी, एक्सरे कक्ष, लेबर रूम और ऑपरेशन थिएटर का जायजा लेते हुए मरीजों से संवाद किया और उनका कुशलक्षेम जाना। अस्पताल में सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने अधीक्षक को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण और पोषण का विशेष ध्यान रखा जाए और शासन की मंशा के अनुरूप निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

अव्यवस्था देख भड़कीं माननीय सदस्या

क्षेत्र भ्रमण के दौरान जब डॉ. प्रियंका मौर्या प्राथमिक विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्र चैलाही पहुंचीं, तो वहां की स्थिति देख उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। विद्यालय में साफ-सफाई का अभाव, विद्युत आपूर्ति में समस्या और मध्याह्न भोजन की व्यवस्था मानक के अनुरूप न मिलने पर उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन दिया जाए और सभी छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म में आने हेतु प्रेरित किया जाए। आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने नन्हे बच्चों से शैक्षणिक संवाद किया और दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें फल की टोकरी भेंट की। इस दौरान उपजिलाधिकारी रवेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी सतीश शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


## लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लखनऊ – 226001 (उ.प्र.)
वेबसाईट– https://lmc.up.nic.in एवं ई–मेल– nnlko@up.nic.in

पत्रांकः–2330/पी0/उ0वि0 | **अल्पकालिक निविदा सूचना** | दिनांक : 03.02.2026

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु 10.02.2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 10.02.2026 तक अपरान्हन 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 10.02.2026 को अपरान्हन 3:00 बजे तक अपर नगर आयुक्त महोदय के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को दिनांक 10.02.2026 को अपरान्हन 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू0) | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% जी0एस0 टी0 | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जोन–06 चौक–बाजार काली जी वार्ड के अन्तर्गत स्थित छोटी काली जी मन्दिर पास के औद्यानिक सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 1,45,977 | 14,598 | 15 दिवस | 146 | 27 | 173 |

शर्ते :–
1. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा)
2. शासनादेश सं0–6738/23–7–06–176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्याः– 692/23–07–2024 दिनांक 09–08–2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिंग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी/डयूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।
3. कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोशजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।
4. 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोशजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।
5. किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।
6. 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ–पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।
7. उपरोक्त शर्तो के उल्लंघन की स्थिति में नगर आयुक्त को यह अधिकार होगा कि उक्त कार्य को निरस्त कर दें तथा जनहित में निर्णय लें।
8. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

अधीक्षक उद्यान
नगर निगम, लखनऊ

# डे केयर कीमोथेरेपी मॉडल कैंसर मरीजों का बन रहा संबल

- बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 2017 के बाद से अब तक 31 हजार से अधिक हुई कीमोथेरेपी
- 2017 के बाद से ओपीडी में एक लाख से अधिक को मिला परामर्श
- योगी सरकार के प्रयासों से कैंसर के इलाज के लिए कम हुई बड़े शहरों की भागदौड़

घनश्याम कुमार



गोरखपुर। कैंसर के इलाज के लिए, योगी सरकार के संवेदनशील प्रयासों से गोरखपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के मरीजों की दिल्ली-मुंबई जैसे बड़े शहरों की भागदौड़ कम हुई है। उन्हें मंडल मुख्यालय के सरकारी चिकित्सा तंत्र से ही इलाज की महत्वपूर्ण सेवा मिल जा रही है। गोरखपुर स्थित बीआरडी मेडिकल कॉलेज में डे केयर कीमोथेरेपी मॉडल इलाज के लिए कैंसर मरीजों का बड़ा संबल बन रहा है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में कैंसर मरीजों का इलाज 2009 से ही हो रहा है लेकिन सुविधा बढ़ने के बाद इलाज के लिए आने मरीजों की संख्या में वृद्धि 2017 से हुई। 2017 से लेकर दिसंबर 2025 तक मेडिकल कॉलेज की आंकोलॉजी ओपीडी में एक लाख से मरीज विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श ले चुके हैं। इसके साथ ही कैंसर के उपचार में अत्यंत महत्वपूर्ण कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी की सुविधा भी मरीजों को काफी राहत दे रही है। 2017 के बाद दिसंबर 2025 तक 31 हजार से अधिक कीमोथेरेपी डे केयर एडमिशन हुए हैं। इसी अवधि में 2800 मरीजों की 60 कोबाल्ट मशीन से रेडियोथेरेपी की सेवा दी गई।

बीआरडी मेडिकल कॉलेज में कैंसर रोग विभाग के अध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार रावत बताते हैं कि सरकार की मंशा के अनुरूप कैंसर मरीजों को एक ही छत के नीचे सस्ता और आधुनिक इलाज मिल रहा है। डे केयर कीमोथेरेपी के लिए विभाग में 15 बेड उपलब्ध हैं। अत्याधुनिक डे-केयर सेंटर में मरीजों को भर्ती किए बिना कुछ ही घंटों में कीमोथेरेपी देकर घर भेज दिया जाता है। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज के नेहरू चिकित्सालय में कैंसर मरीजों को भर्ती करने के लिए 15 बेड रिजर्व रहते हैं। यहां आयुष्मान योजना से आच्छादित मरीजों को मुफ्त इलाज किया जाता है। जल्द ही सरकार मेडिकल कॉलेज के कैंसर रोग विभाग को उच्चीकृत केंद्र बनाने जा रही है।

**बीआरडी मेडिकल कॉलेज की कैंसर ओपीडी में मरीजों का पंजीकरण**

| वर्ष | मरीजों की संख्या |
|---|---|
| 2017 | 10073 |
| 2018 | 13291 |
| 2019 | 13300 |
| 2020 | 5000 |
| 2021 | 10553 |
| 2022 | 11720 |
| 2023 | 13652 |
| 2024 | 14312 |
| 2025 | 14000 |

**बीआरडी मेडिकल कॉलेज में डे केयर कीमोथेरेपी एडमिशन**

| वर्ष | मरीजों की संख्या |
|---|---|
| 2017 | 3066 |
| 2018 | 2471 |
| 2019 | 2767 |
| 2020 | 2577 |
| 2021 | 3552 |
| 2022 | 4007 |
| 2023 | 4395 |
| 2024 | 4183 |
| 2025 | 4000 |

## भागवत कथा में शामिल हुए शिवपाल सिंह



जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के नगला छंद से बाहर रजबाहे की सड़क किनारे बसे नवीन नगर का बुधवार को विधिवत नामकरण कर इसे कृष्णा नगर घोषित किया गया। इस अवसर पर आयोजित भागवत कथा कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने सहभागिता की और क्षेत्रवासियों को संबोधित किया। नामकरण कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। भागवत कथा का रसपान सुप्रसिद्ध कथावाचक नीलम शास्त्री द्वारा कराया जा रहा है, जबकि परीक्षित की भूमिका रामनरेश यादव एवं उनकी पत्नी मुन्नी देवी निभा रहे हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे और धार्मिक वातावरण में सहभागिता की। अपने उद्बोधन में शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण और मनन मानव जीवन को पवित्र करता है तथा पापों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सद्भाव, संस्कार और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। धर्म-कर्म को जीवन का आधार बताते हुए उन्होंने युवाओं से संस्कारों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप बबलू शाक्य, विधायक प्रतिनिधि अजेन्द्र गौर, जितेंद्र मोना यादव, खन्ना यादव, शिवम यादव, आकाश चैहान, गोपाल गुप्ता, सुनील यादव, प्रमोद कुमार, सौरभ यादव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन



भरथना, इटावा। संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल में यजुर्वेद, अथर्ववेद, सामवेद एवं ऋग्वेद हाउस के मध्य अंतरगृह कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय निदेशक अंकित यादव द्वारा कैरम में प्रथम स्ट्राइकर चलाकर एवं शतरंज की चाल शुरू करके किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या प्रियंका सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना एवं अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। कैरम प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 2 (बालक वर्ग) में अनंत सिंह ने प्रथम, यश ने द्वितीय एवं आयुष यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 2 (बालिका वर्ग) में अदिति सिंह प्रथम, यशस्विनी द्वितीय एवं परी यादव तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 3 (बालक वर्ग) में कृष्णा 1- प्रथम, कृष्णा 2 द्वितीय एवं लव तृतीय रहे, वहीं कक्षा 3 (बालिका वर्ग) में आशी यादव प्रथम, आर्या द्वितीय एवं वैष्णवी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 4 (बालक वर्ग) में उदयराज यादव प्रथम, शिवम यादव द्वितीय एवं अभि शर्मा तृतीय स्थान पर रहे, जबकि कक्षा 4 (बालिका वर्ग) में अनुष्का प्रथम, जानवी द्वितीय एवं समिक्षा तृतीय रहीं। कक्षा 5 एवं 6 (बालक वर्ग) में उज्ज्वल प्रथम, गोलू पाल द्वितीय एवं ऋषभ शाक्य तृतीय रहे।

## विश्व कैंसर दिवस : फातिमा अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- कैंसर एक जानलेवा बीमारी, स्वस्थ जीवनशैली, जानकारी व समय पर जाँच से रोकथाम संभव : फादर डॉक्टर संतोष सेबास्टियन
- विश्व कैंसर दिवस हमें इस घातक बीमारी के प्रति जागरूक व इसे रोकने के लिए एकजुट होने का अवसर देता हैं : फादर डॉक्टर संतोष सेबास्टियन



चरगांवा, गोरखपुर। विश्व कैंसर दिवस पर बुधवार को फातिमा अस्पताल में ह्लयूनाइटेड बाय यूनिक के अर्न्तगत महत्व और रोकथाम के उपायह्व विषय को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं अस्पताल के वरिष्ठजनों ने कैंसर के लक्षण, बचाव व रोकथाम को लेकर विस्तृत चर्चा की।

फातिमा अस्पताल के निदेशक फादर डॉ. संतोष सेबास्टियन ने वरिष्ठ विशेषज्ञों का स्वागत करते हुए कहा कि, ह्लविश्व कैंसर दिवस हमें इस घातक बीमारी के प्रति जागरूकता बढाने और इसे रोकने के लिए एकजुट होने का अवसर देता है। समय पर जाँच, स्वस्थ जीवनशैली और सही जानकारी से हम कैंसर से बचाव कर सकते है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व फातिमा अस्पताल की स्त्री रोग एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. सहना

पुन्नेशेट्टी ने किया। उन्होंने कहा, ह्लदेश में कैंसर रोगियों की संख्या आए दिन बढ़ती जा रही है यह एक जानलेवा बीमारी है। विश्व में भारत तीसरे पायदान पर है, जहाँ ऐसे मरीजों की संख्या सर्वाधिक है। उन्होंने आगे कहा कि कैंसर होने की मुख्य वजहों में जीवन शैली और दिनचर्या का अनियमित होना है। आज प्रत्येक व्यक्ति की दिनचर्या बदल चुकी है आज के लोग शारीरिक मेहनत कम कर रहे है। लोग खाने में फास्ट फूड ज्यादा इस्तेमाल कर रहे है और ये सारी चीजे कैंसर को बढ़ावा देती है। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ कैंसर पुरूषों में तो कुछ महिलाओं में ज्यादा होता है। कुछ कैंसर किसी एज ग्रुप में होता है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि महिलाएं एवं पुरूष इन रोगों के प्रति जागरूक रहें और नियमित जांच एवं स्क्रीनिंग के माध्यम से अपने स्वास्थ्य की निगरानी करें। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर विनय सिन्हा एम. डी. ने कहा कि कैंसर दिवस हमें कैंसर जैसी बीमारियों के सामान्य लक्षणों के बारे में अच्छी तरह से जागरूक होने की याद दिलाता है जो एक बार हमारे शरीर में आग की तरह फैल जाती है। हमें हमेशा नियमित जाँच करानी चाहिए और असामान्यता पाए जाने पर डॉक्टर से मिलना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान फातिमा कॉलेज आफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा नाटक के माध्यम से कैंसर जागरूकता की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में अस्पताल की प्रशासिका सिस्टर लता एम. एस. जे. डॉ आशीष वर्मा बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ० नागेन्द्र प्रताप वर्मा न्यूरोफिजिशयन, समस्त स्टाफ, शिक्षक-शिक्षिकाए, नर्सिंग छात्राये, मरीज एवं उनके साथी उपस्थित रहें।

## यूपीयूएमएस सैफई में विश्व कैंसर दिवस का आयोजन



सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई में कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह के दूरदर्शी मार्गदर्शन में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग द्वारा 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वर्ष 2026 की वैश्विक थीम यूनाइटेड बाय यूनिक पर आधारित रहा, जिसका उद्देश्य कैंसर के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, रोगियों को भावनात्मक एवं सामाजिक समर्थन प्रदान करना तथा कैंसर से लड़ने के सामूहिक संकल्प को मजबूत करना था। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो. डॉ. रमाकांत ने कैंसर से सफलतापूर्वक जंग जीत चुके मरीजों को उनके अदम्य साहस, धैर्य एवं सकारात्मक सोच के लिए सम्मानित किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ अमित सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कैंसर सरवाइवर को प्रोत्साहित किया और उन्हें देखभाल एवं सहयोग के प्रतीक स्वरूप खाद्य पैकेट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कैंसर विजेताओं की संघर्षगाथा से प्रेरणा प्राप्त की। युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के छात्रों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक जांच एवं स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित संदेशों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त नर्सिंग ऑफिसर्स के लिए एक विशेष जागरूकता व्याख्यान सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कैंसर की शीघ्र पहचान, बेहतर उपचार एवं समुदाय स्तर पर जागरूकता फैलाने के प्रभावी उपायों पर अपने विचार साझा किए।

# गगहा में भाजपा नेता को गोली मारकर फरार हुए बाइक सवार

## जिला अस्पताल में चल रहा इलाज, चिकित्सकों ने पीठ में धंसी गोली निकाली, खतरे से बाहर



मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के रकहट कोठा मार्ग पर मंगलवार की देर शाम एक भाजपा नेता को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी। गोली उनकी पीठ जा धंसी। घायल भाजपा नेता को तत्काल सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच घटना की जांच-पड़ताल में जुटी। जानकारी के मुताबिक, गगहा थाना क्षेत्र के भैसहा निवासी राधा मोहन सिंह भाजपा के नेता व लीलावती सिंह स्मारक इंटर मीडिएट कालेज - भैंसहा के प्रबंधक हैं। मंगलवार की देर शाम लगभग 8:45 बजे बुलेट मोटरसाइकिल से रकहट कोठा बांध से होते हुए भैंसहां गांव जा रहे थे। जब वह कैथवलियां गांव के समीप स्थित हुक्का वीर बाबा मंदिर के पास पहुंचे, तभी एक बाइक पर सवार दो लोग पीछे से आए और पीछे से गोली मारकर फरार हो गए। गोली लगने की जानकारी राधेमोहन सिंह ने थाना प्रभारी को दी। सूचना मिलते ही गगहा थाना प्रभारी अंजुल चतुर्वेदी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायल भाजपा नेता को अपनी गाड़ी से लेकर गगहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ बासगांव अनुज सिंह और एसपी साउथ मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया। पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। घटना को कुछ दिन पहले लीलावती सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में छात्राओं के साथ हुई छेड़खानी के बाद आरोपी को जेल भेजने वाली घटना से जोड़कर देखा जा रहा है।

वहीं गगहा थाना क्षेत्र के भैंसहा निवासी भाजपा नेता राधामोहन सिंह मंगलवार की रात करीब साढ़े आठ बजे रकहट से अपने घर बुलेट बाइक से घर जा रहे थे घात लगाए युवकों ने चलती गाड़ी में ही पीछे से दो गोली चलाई जिसमें एक गोली भाजपा नेता की पीठ में जा लगी वह लहुलुहान हो गये। लेकिन आगे खतरे को भांपते हुए वह आगे अपनी गांव की तरफ नहीं बढ़े क्योंकि आगे भी दो युवक रोड पर खड़े थे भाजपा नेता ने अपनी बुलेट घूमा ली तभी हमलावर भी पीछे हो गये दुबारा हमले की आंशका को देखते हुए वह कैथवलिया निवासी संतोष यादव के घर पहुंचे तब हमलावर भैसहा की तरफ भाग निकले। गोली लगने के बाद खून से लथपथ भाजपा नेता घटना स्थल के कुछ दूरी पर एक घर पर बैठे हुए थे लेकिन बदमाशों की डर से अस्पताल के लिए नहीं निकले कहीं अपराधी दुबारा हमला ना कर दे। सुचना मिलते ही थाना प्रभारी गगहा अंजुल चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे और घायल भाजपा नेता राधामोहन सिंह को अपनी सरकारी गाडी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गगहा ले गये जहां पीठ में गोली फंसीं होने के कारण मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया जहां इलाज चल रहा है और वह अब खतरे से बाहर हैं बुधवार को दोपहर आपरेशन के बाद पीठ से गोली निकाल दी गयी। घायल भाजपा नेता राधामोहन सिंह की तहरीर पर गगहा पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में चार नामजद व कुछ अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अपराधियों की धर पकड़ के लिए लगातार गगहा पुलिस दविश डाल रही है पुलिस ने पूछताछ के लिए आधा दर्जन लोगों को उठायी है। इस तरह के हमले से कछार क्षेत्र में लोग दहशत में हैं। मुख्यमंत्री के करीबी माने जाने वाले और हियुवा में रहते हुए संगठन के लिए रासुका तक झेलने वाले राधामोहन सिंह पर हमला होना एक पुलिस के लिए चुनौती है।

भाजपा नेता के समर्थकों ने जान-माल के खतरे को देखते हुए प्रशासन से सुरक्षा की मांग की उन्होंने कहा कि सबके सुख-दुख में शामिल होने वाले पीड़ितों की आवाज बनकर उनकी भरपूर मदद के बारे में अपनी छाप बनाने वाले भाजपा नेता की सुरक्षा के लिए प्रशासन को सुरक्षा मुहैया कराया जाना चाहिए।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने अस्पताल पहुंचकर घायल भाजपा नेता का जाना हाल, अस्पताल में उमड़ा जनसैलाब



मंगलवार की रात गोली लगने की खबर के बाद गगहा अस्पताल से लेकर गोरखपुर मेडिकल कालेज तक शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने मेडिकल कालेज पहुंचकर उनका हाल जाना। बुधवार को मेडिकल कालेज पर पूरे दिन समर्थकों का हुजुम उमड़ा रहा लोग अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ इनकी सलामती के करते रहे।

## बीएलओ की पिटाई से गुस्साए शिवपाल सिंह ने दी धरने की धमकी



इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने अपने गृह जिले इटावा में बीएलओ की पिटाई से गुस्साए जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मारपीट की घटना करने वाले भाजपाई के खिलाफ कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई तो वह धरना प्रदर्शन शुरू कर देंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष ध्रुव कठेरिया और उनके समर्थकों ने चैबिया में बीएलओ अश्विनी कुमार के साथ मारपीट करने के साथ अपमानजनक व्यवहार किया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल भाजपा मंडल अध्यक्ष और उसके समर्थकों की पिटाई के शिकार चैबिया के बीएलओ अश्वनी कुमार के साथ इटावा के डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला और एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव से उनके ऑफिस में मिलने को पहुंचे थे। बुधवार को डीएम और एसएसपी के साथ हुई लंबी बातचीत के बाद शिवपाल सिंह यादव ने पत्रकारों से बातचीत में इटावा के चुनाव अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर फॉर्म 7 के नाम पर बीएलओ के साथ मारपीट की घटना को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्य करेंगे तो वह अपने पदाधिकारी के साथ में धरने पर बैठेंगे लेकिन डीएम ने न्याय का भरोसा दिया है इसलिए फिलहाल में धरने पर नहीं बैठ रहे हैं। डीएम ने न्यायोचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष से जुड़े लोग बीएलओ के साथ मारपीट और धमकी दे रहे हैं और फॉर्म 7 के जरिए अल्पसंख्यक समाज और पीडीए समाज के वोट कटवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव, सदस्य जिला पंचायत पंकज यादव पिंटू, सत्यभान यादव, डॉ. अरविंद यादव, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, राजेश यादव टिल्लू आदि साथ रहे।

## बजट में एलाइड हेल्थ सेक्टर के लिए 1000 करोड़ रुपये का प्रावधान सराहनीय कदम

- स्वास्थ्य क्षेत्र के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय : रणजीत कुमार गुप्ता



**गीडा, गोरखपुर।** केंद्रीय बजट 2026-27 में भारत सरकार द्वारा एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल सेक्टर के लिए 1000 करोड़ रुपये के विशेष बजटीय आवंटन की घोषणा का गोरखपुर सहित पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में व्यापक स्वागत किया गया है। मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राशिद हुसैन, उपाध्यक्ष पुनीत शुक्ला एवं अन्य पदाधिकारियों ने इसे स्वास्थ्य क्षेत्र के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय बताया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव एवं पैथवर्ड डायग्नोस्टिक के निदेशक रणजीत कुमार गुप्ता ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इस बड़े निवेश से प्रशिक्षण संस्थानों का आधुनिकीकरण, प्रयोगशालाओं का उन्नयन तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। उन्होंने यह महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की कि वर्ष 2026 से उत्तर प्रदेश एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल काउंसिल पूरी तरह सक्रिय हो जाएगी तथा अब ₹पैरामेडिकल₹ के स्थान पर ₹एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल₹ शब्द का आधिकारिक प्रयोग किया जाएगा, जिससे इस क्षेत्र की गरिमा और पहचान को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के एलाइड एंड हेल्थकेयर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित श्रीवास्तव, डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध पैसिफिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनित दीक्षित तथा बीआरडी मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ लैब टेक्नोलॉजिस्ट हीरालाल रोशन सहित कई प्रमुख शिक्षाविदों ने भी बजट का स्वागत किया। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बजटीय प्रावधान से एलाइड हेल्थ शिक्षा और अनुसंधान को नई दिशा मिलेगी, जिससे अंततः आम नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकेंगी। रामरतन मिश्रा, सत्यप्रकाश चौहान, शैलेन्द्र सिंह, विकास जायसवाल और प्रशांत श्रीवास्तव जैसे वरिष्ठ प्रोफेशनल्स ने भी इसे देश की स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ को मजबूत करने वाला तथा युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने वाला कदम बताया।

## आचार्य सुबल सागर ससंघ का मंदिर में नगर प्रवेश



इटावा। धर्मनगरी में बुधवार को एक ऐतिहासिक एवं मंगलमय दृश्य देखने को मिला। तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर मुनिराज के अंतिम शिष्य एवं जैन धर्म के प्रभावशाली संत पूज्य आचार्य सुबल सागर महाराज ससंघ 9 पिच्छी का भिंड मध्यप्रदेश से पदबिहार करते हुए नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नशिया जी से मंगल प्रवेश एवं आगवानी जुलूस निकाला गया। आगवानी जुलूस नशिया जी मंदिर से प्रारंभ होकर टिक्सी मंदिर, बजरिया, छैराहा-पचराहा, सीओ सिटी चैराहा, तिकोनिया, पक्की सराय, नगरपालिका चैराहा, रंगलाल चैराहा होते हुए महावीर मार्ग स्थित लालपुरा जैन मंदिर पहुंचा। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन, आरती एवं वंदना कर भावभीना स्वागत किया। पूरा नगर गुरुदेव के पावन आगमन पर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर नजर आया। आचार्य श्री ने लालपुरा जैन मंदिर पहुंचकर श्रीजी के दर्शन किए तथा मंगल प्रवचन प्रदान किए। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। आचार्य श्री का कोतवाली प्रभारी ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

## शब-ए-बारात पर बीहड़ वाले सैयद की मजार पर सन्नाटा

### 800 साल पुरानी दरगाह को अवैध बताकर वन विभाग ने बंद किया रास्ता

इटावा। 800 साल पुरानी मजार पर शब-ए-बारात पर अपने पुरखों के लिए फातिया पढ़ने पहुंचे अकीदतमंदों को निराश लौटना पड़ा। दरअसल बीहड़ क्षेत्र में स्थित सैयद बाबा की मजार शब-ए-बारात की रात इस बार अंधेरे में डूबी रही। हर साल रोशनी, इबादत और हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी से गुलजार रहने वाली यह दरगाह इस बार पूरी तरह सुनसान नजर आई। वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत के बाद प्रशासन ने मजार तक जाने वाले सभी रास्ते बंद कर दिए। प्रशासन ने मजार तक पहुंचने वाले मुख्य मार्ग पर शाम 6 बजे से ही पूरी तरह रोक लगा दी। रास्ते पर बड़ा चेतावनी बोर्ड लगाया गया। शब-ए-बारात की रात कोई अंदर न जा सके, इसके लिए रास्ते में बबूल के कांटे तक बिछा दिए गए। भारी पुलिस बल, पीएसी और वन विभाग कर्मियों की तैनाती के बीच किसी भी श्रद्धालु को मजार तक पहुंचने नहीं दिया गया। नतीजा यह रहा कि वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा इस बार टूट गई। बता दें कि 3 जनवरी को सीएम ऑफिस के आईजीआरएस पर किसी ने शिकायत करके इस मजार के वन विभाग की जमीन पर बने होने का दावा किया था। जिसके बाद वन विभाग ने जांच करके मजार के केयर टेकर को नोटिस जारी किया था। नोटिस चस्पा किया था। मजार के ध्वस्तीकरण को लेकर 5 फरवरी को सुनवाई होनी है। शब-ए-बारात की रात मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों में इबादत करते हैं और दरगाहों व कब्रिस्तानों पर जाकर फूल चढ़ाकर दुआ मांगते हैं। जिला मुख्यालय से महज ढाई किलोमीटर दूर स्थित इटावा सफारी पार्क के पीछे बीहड़ी इलाके में स्थित सैयद बाबा की मजार पर भी हर साल रातभर चहल-पहल रहती थी। करीब 5 हजार लोग यहां पहुंचते थे, मजार रोशनी से जगमग रहती थी। लेकिन इस बार हालात बिल्कुल उलट रहे। मजार के आसपास सन्नाटा पसरा रहा, रास्तों पर कोई श्रद्धालु नजर नहीं आया और पूरी दरगाह अंधेरे में डूबी रही।

## अभिभावक गोष्ठी कल

इकदिल, इटावा। कस्बा के मोहल्ला कायस्थान में स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन 6 फरवरी दिन शुक्रबार को सुबह 9 बजे से किया जाएगा। आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल के प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि अभिभावक गोष्ठी में शिक्षण व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये अभिभावकों के साथ विचार विमर्श किया जाएगा।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा सूचना संख्या | 1201–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 02.02.2026 |
| कार्य का नाम | लखनऊ डिवीजन के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सौर प्रणाली में विद्युत आपूर्ति वितरण व्यवस्था में संशोधन। |
| अनुमानित लागत | रु.48,40,978.20/– (अड़तालिस लाख चालिस हजार नौ सौ अठहत्तर रूपये और बीस पैसे मात्र) |
| बयाना राशि | रु. 96,900/– (छियानवें हजार नौ सौ रूपये मात्र) |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 27.02.2026 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चैक की जा सकती है। |

सूचना सं0 1201–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ
दिनांक : 02.02.2026

381/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने में तीन पर केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने में पिता की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला समेत तो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पिता ने बताया उसकी पुत्री घर पर अकेले थी रिश्तेदारी में पड़ोसी जिला के कस्बा पुवायां मोहल्ला गढ़ी निवासी जैकी अपने दो सहयोगी शिवा और ध्रुव के साथ गांव जाकर मौका मिलते ही झांसा देकर अपने साथ लेकर चला गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## किसान का खेत पर लगा पंप सेट चोरी

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव भवानीपुर में एक किसान का खेत पर लगा पंप सेट कर चोरी कर ले गए पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो दिन बाद मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव भवानीपुर निवासी रूप राम ने बताया उसका पंप सेट सिंचाई के लिए खेत पर लगा था रविवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा सेट चोरी कर ले जाने की घटना अगले दिन जानकारी होने पर पुलिस को सूचना देकर तलाश शुरू की जानकारी न मिलने पर पुलिस ने बुधवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## उपनयन संस्कार महोत्सव कल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्रीमती चंद्रकला आश्रम/संस्कृत विद्यापीठ में 6 फरवरी को सामूहिक उपनयन संस्कार महोत्सव आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन हर वर्ष की भांति इस बार भी महंत प्रमोद जी महाराज के तत्वावधान में संपन्न होगा। महोत्सव में आश्रम के बटुक ब्रह्मचारी तथा समाज से आए बालक गुरु-दीक्षा लेकर यज्ञोपवीत धारण करेंगे। आयोजन को लेकर आश्रम परिसर में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सनातन परंपरा के संस्कार, अनुशासन और विद्या परंपरा को जीवंत रखने का प्रयास है। महंत प्रमोद जी महाराज ने बताया कि उपनयन संस्कार बालक के जीवन का महत्वपूर्ण चरण है, जहां से वह द्विज रूप में शिक्षा और संस्कारों की राह पर अग्रसर होता है।

## अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार दो घायल

बीजपुर (सोनभद्र)। नकटू पेट्रोल पंप के पास बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दोनों युवक सड़क पर गहरे गड्ढा से बचने के कारण अपनी बाइक से नियंत्रण खो गए और सड़क पर गिर पड़े घायलों की पहचान सूरज केवट (24) पिता सोहन केवट, निवासी पुनर्वास और सुदामा बैगा (23) पिता सूरज बैगा, निवासी पुनर्वास पहाड़ी के रूप में हुई है। चश्मदीदों के मुताबिक सड़क पर बने गहरे गड्ढे से बचने के कारण यह हादसा हुआ।घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुँची।टीम ने बिना वक्त गंवाए दोनों घायलों को उपचार के लिए एनटीपीसी अस्पताल में भर्ती कराया।फिलहाल दोनों घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

# लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गुरु हरिकिशन महाविद्यालय में राष्ट्रीय महिला आयोग की पहल पर कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना रहा। साइबर क्राइम के माध्यम से होने वाले लैंगिक उत्पीड़न और उससे बचाव के तरीकों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। महाविद्यालय की शिक्षिका अनुराधा रानी ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से छात्राओं को अधिनियम के विभिन्न पहलुओं, शिकायत प्रक्रिया और कानूनी संरक्षण की जानकारी दी। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी लैंगिक उत्पीड़न के मामले सामने आते हैं और उनसे निपटने के लिए सतर्कता आवश्यक है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. आदर्श दीक्षित ने अधिनियम 2013 के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक छात्रा को अपने अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि किसी भी प्रकार की प्रताड़ना की स्थिति में वह कानूनी मदद ले सके। उन्होंने संस्थान स्तर पर सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं की सहभागिता भी देखी गई। दो छात्र शिखर गुप्ता, हर्षदीप सक्सेना और तीन छात्राएं काजल मिश्रा, पायल मिश्रा, इशिका गुप्ताकृको कॉलेज एंबेसडर के रूप में चयनित किया गया, जो आगे चलकर जागरूकता गतिविधियों में सहयोग करेंगे।

इस अवसर पर अशोक कुमार वर्मा, सुधाकर मिश्रा, सुनील गुप्ता, पदुमकांत मिश्रा, वीरेंद्र प्रजापति, आकाश शर्मा, शांति वर्मा, पीयूष वर्मा, अरुण शुक्ला सहित महाविद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने विषय से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया।

## आश्वासन पर बांसगांव का धरना स्थगित जांच न हुई तो फिर होगा आंदोलन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ब्लॉक कुम्भी गोला के ग्राम बांसगांव में पंचायत स्तर पर कथित वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक लापरवाही के विरोध में 20 जनवरी से चल रहा धरना-प्रदर्शन प्रशासनिक आश्वासन के बाद अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है। लोक जन संघर्ष पार्टी ने चेतावनी दी है कि 15 दिन के भीतर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई न होने पर आंदोलन दोबारा शुरू किया जाएगा।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पं. राम निवास शुक्ल ने बताया कि धरना स्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने वार्ता के दौरान जांच टीम गठित कर सभी बिंदुओं की जांच कराने का भरोसा दिया। इसी के बाद जनहित में आंदोलन रोकने का निर्णय लिया गया। पार्टी ने आरोप लगाया कि सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य और ब्लॉक प्रमुख निधि से कराए गए कई कार्य कागजों में पूर्ण दर्शाए गए, जबकि स्थल पर स्थिति अलग है। इंटरलॉकिंग सड़कों के साथ नाली निर्माण दिखाए जाने के बावजूद नालियां न बनने का आरोप भी लगाया गया। पंचायत भवन में फर्नीचर मरम्मत और विद्युतीकरण मद में खर्च तथा विद्यालय परिसर में सेमल का पेड़ काटे जाने से प्राप्त धनराशि के उपयोग पर भी सवाल उठाए गए। पार्टी का कहना है कि संबंधित शिकायतों के निस्तारण में विरोधाभासी तथ्य सामने आए हैं। इसके अलावा जिला कृषि अधिकारी की जांच आख्या समय से पोर्टल पर अपलोड न होने और शिकायतों के निस्तारण में देरी को प्रशासनिक लापरवाही बताया गया। पार्टी ने कहा कि तय समय में निष्पक्ष जांच न हुई तो आंदोलन पुनः शुरू किया जाएगा।

## वंदे मातरम समिति और अभाविप की हुई समन्वय बैठक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद परिसर में वंदे मातरम् समिति और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बीच समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय मूल्यों के प्रसार और सांस्कृतिक गतिविधियों को लेकर साझा कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष अनिकेत अवस्थी ने की। उन्होंने विद्यार्थियों में राष्ट्रभाव जागृत करने के उद्देश्य से शैक्षणिक संस्थानों में नियमित रूप से वंदे मातरम् गायन जैसे कार्यक्रम चलाने की बात रखी। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम, समन्वय तंत्र और क्रियान्वयन की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। अभाविप के कार्यकताओं ने इन प्रयासों में सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में मिलिंद शुक्ल, धीरज बाजपेयी, कमल नयन शुक्ला, हर्ष भारद्वाज, देवांश शर्मा, राहुल गुप्ता, युवराज जोशी, रौनक ठाकुर सहित अन्य सदस्य और नागरिक मौजूद रहे।

## घटिया सड़कें बनाने वालों की खैर नहीं : डीएम

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर-खीरी। अब शहर और कस्बों में बनने वाली सड़कों में घटिया निर्माण नहीं चलेगा। नगर निकायों द्वारा कराए जा रहे सड़क, नाली और नाला

- नगर निकायों के हर सिविल वर्क पर रहेगी अफसरों की पैनी नजर गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है।

लगातार मिल रही जनशिकायतों और मीडिया रिपोर्ट्स को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने हर निर्माण कार्य पर सतत निगरानी व्यवस्था लागू कर दी है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में कराए जाने वाले हॉट मिक्स प्लांट से डामरीकरण और सीसी सड़क निर्माण सहित सभी सिविल कार्यों की निगरानी के लिए एक-एक सहायक अभियंता नामित किया जाएगा। ये अभियंता निर्माण कार्य की शुरूआत से लेकर अंतिम परत तक कार्यों का पर्यवेक्षण करेंगे।

### हॉटमिक्स प्लांट, सीसी सड़क में सामग्री से बिछाने तक होगी निगरानी

विशेष रूप से हॉटमिक्स प्लांट से बिटुमिन/डामर, सीसी सड़कों के निर्माण में सामग्री तैयार होने के स्थल से लेकर कार्यस्थल पर सड़क डाले जाने तक पूरी प्रक्रिया सहायक अभियंता की पर्यवेक्षण में कराई जाएगी। किसी भी स्तर पर मानकों की अनदेखी सीधे कार्रवाई को आमंत्रित करेगी।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दो टूक शब्दों में कहा है कि जनसामान्य के आवागमन को सुगम बनाने के लिए होने वाले कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि है। लापरवाही, मनमानी या मिलीभगत सामने आने पर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई तय है। डीएम ने अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग (निर्माण खण्ड-1, 3, प्रांतीय खंड) के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र के सभी नगरीय निकायों के लिए नामित सहायक अभियंताओं की सूचना तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि निगरानी व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू हो सके।

## आधुनिकता के दौर में दम तोड़ती चाक की चरमराहट वाली कुम्हारी कला . . .





पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। कभी गांव की सुबह चाक की चरमराहट और गीली मिट्टी की सोंधी खुशबू के साथ शुरू होती थी। हाथ की कलाकारी और चाक की गति जब मिलती थी, तो मिट्टी के बेजान ढेले सुंदर घड़ों, दीयों और सुराहियों में बदल जाते थे। लेकिन आज, यह प्राचीन कला और इसे जीवित रखने वाले कुम्हार (प्रजापति समुदाय) अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं। बाजार में प्लास्टिक की बोतलों, चाइनीज लाइटों और स्टील के बर्तनों की भरमार ने मिट्टी के बर्तनों की मांग को लगभग खत्म कर दिया है। फ्रिज के आने से अब मिट्टी के घड़ों का पानी अपनी शीतलता खो चुका है।

दीपावली जैसे बड़े त्योहारों पर भी अब पारंपरिक दीयों की जगह बिजली की लड़ियों ने ले ली है। कुम्हारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती कच्ची मिट्टी की उपलब्धता है। शहरीकरण के कारण तालाब भरे जा रहे हैं और जमीनें कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो रही हैं। जो मिट्टी पहले मुफ्त या कम दाम पर मिल जाती थी, उसके लिए अब मोटी रकम चुकानी पड़ती है। साथ ही, बर्तनों को पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाली लकड़ी और ईंधन के दाम भी आसमान छू रहे हैं। कड़ी मेहनत और कम मुनाफे के कारण कुम्हारों की नई पीढ़ी इस पुश्तैनी काम को छोड़ने को मजबूर है। एक बुजुर्ग कहते हैं, दिन भर चाक चलाने के बाद भी इतनी कमाई नहीं होती कि परिवार का पेट भर सके। मेरा बेटा अब शहर में मजदूरी करता है क्योंकि उसे इस कला में कोई भविष्य नहीं दिखता। जानकारों का मानना है कि मिट्टी के बर्तनों में खाना पकाना और पानी पीना स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। मिट्टी के बर्तन भोजन के एसिडिक तत्व को संतुलित करते हैं और पोषक तत्वों को सुरक्षित रखते हैं। पर्यावरण की दृष्टि से भी ये पूरी तरह से इको-फ्रेंडली हैं। इस मरती हुई कला को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार और समाज दोनों को आगे आना होगा। कुम्हारों को कम ब्याज पर ऋण और आधुनिक इलेक्ट्रिक चाक उपलब्ध कराना। मेलों और प्रदर्शनी के माध्यम से इन कलाकारों को सीधा बाजार उपलब्ध कराना। टेराकोटा और सजावटी बर्तनों के रूप में इस कला को आधुनिक घरों का हिस्सा बनाना। मिट्टी की यह कला केवल एक पेशा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान है। यदि हमने समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो आने वाली पीढ़ियां चाक और मिट्टी के बर्तन केवल संग्रहालयों में ही देख पाएंगी।

## विश्व कैंसर दिवस पर प्राथमिक विद्यालय दरगाह में योग शिविर का आयोजन



लखीमपुर खीरी। आयुष मंत्री डॉ० दया शंकर मिश्र 'दयालु' के नेतृत्व में प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार, विशेष सचिव आयुष हरिकेश चौरसिया, निदेशक आयुर्वेद सेवाएं एवं उत्तर प्रदेश आयुष सोसायटी की मिशन निदेशक तथा महानिदेशक आयुष चैत्रा वी. के निदेर्शानुसार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ० सुमन्त कुमार के मार्गदर्शन योग शिविर का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार सिंह तथा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय खीरी टाउन लखीमपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.दिव्यांशू सिंह के सानिध्य मे योग वेलनेस सेन्टर, खीरी टाउन के संविदा योग प्रशिक्षक कुलदीप कुमार वर्मा एवं योग सहायक सीमा देवी द्वारा प्राथमिक विद्यालय, दरगाह मोहल्ला पट्टी रामदास में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गजाला परवीन अपने समस्त स्टॉफ के साथ उपस्थित रहीं। शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, मुद्रा, ध्यान, वैकल्पिक चिकित्सा आदि का अभ्यास कराया गया तथा शारीरिक एवं मानसिक स्तर पर होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए आवश्यक आहार-विहार और एवं स्वास्थ्य संवर्धन हेतु परामर्श भी प्रदान किया गया, साथ ही योग ओ०पी०डी० में आए हुए रोगियों को रोगानुसार योग परामर्श प्रदान किया गया।

## कार-बाइक की टक्कर में युवक की मौत



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नेशनल हाईवे 730 पर कस्बे के पास कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी भेजा, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

शाहजहांपुर जनपद के थाना खुटार क्षेत्र के सिंहपुर निवासी विवेक कुमार अपने परिचित राहुल वर्मा और नीतू देवी के साथ दवा लेकर लौट रहे थे। संतोष पैलेस के सामने सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। हादसे में विवेक कुमार की मौके पर मौत हो गई। सीएचसी में डॉक्टरों ने विवेक को मृत घोषित किया। अन्य दोनों घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर तेज थी। कार का अगला हिस्सा और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। कार के एयरबैग खुल गए और एक टायर फट गया। हादसे के बाद कार सवार मौके से चले गए। पुलिस वाहन की तलाश में जुटी है।

## इलाज के बहाने जमीन की फर्जी वसीयत का आरोप



धौरहरा खीरी। धौरहरा कस्बे की एक बुजुर्ग महिला ने अपने सगे भतीजे पर पति के इलाज के बहाने धोखाधड़ी कर 10 बीघा भूमि की फर्जी वसीयत कराने और घर से सोने-चांदी के जेवर चोरी करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता रामश्री पत्नी सुर्जलाल, निवासी मोहल्ला हिदायत नगर का आरोप है कि उसका सगा भतीजा प्रताप पुत्र बांके, पति की बीमारी का फायदा उठाकर दवा दिलाने के बहाने 10 दिसंबर को उन्हें रजिस्ट्री कार्यालय ले गया और वहां 10 बीघा भूमि की वसीयत करा ली। इसके बाद 17 दिसंबर को पति की मृत्यु हो गई। रामश्री का कहना है कि पति के निधन के बाद जब वह अंतिम संस्कार की तैयारियों में व्यस्त थी, तभी आरोपी ने घर में घुसकर बख्शे में रखे सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। घटना की जानकारी होने पर पीड़िता ने कोतवाली के साथ ही उपजिलाधिकारी को भी प्रार्थना पत्र सौंपा। शशिकांत मणि एसडीएम धौरहरा ने बताया की मामले की जांच कराई जा रही है दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## पेंशन अदालत 20 को

मीरजापुर। अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन, संयोजक पेंशन अदालत में जानकारी देते हुए बताया है कि मंडलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर की अध्यक्षता में 20 फरवरी 2026 को आयुक्त कार्यालय सभागार में अपराह्न 2 बजे पेंशन अदालत का आयोजन किया गया है। विन्ध्याचल मण्डल के सेवानिवृत्त हुये पेंशनरों के पेंशन सम्बन्धी समस्याओं का निवारण इस अदालत में किया जाना है। उक्त अदालत में निम्न मामले सुने जायेगे। राजकीय कार्यालयों से सेवानिवृत्त कर्मियों के ऐसे मामले, जिनकी पेंशन, ग्रेच्युटी स्वीकृत न हुयी हो, पेंशन के त्रुटिपूर्ण निर्धारण के विरूद्ध पेंशनर द्वारा दिये गये प्रत्यावेदन पर विचार, सेवानिवृत्त के उपरान्त यदि वेतन आदि का पुनरीक्षण किया गया है, तो तद्नुसार पेंशन पुनरीक्षण के मामलें, ऐसे प्रकरण जिनके निस्तारण में प्रशासनिक विभाग और पेंशन विभाग में मतभेद हो, तथा ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में लम्बित हो परन्तु पेंशनर उसे अदालत से बाहर निस्तारित कराने के इच्छुक हो तथा ऐसे पेशनरों के प्रकरण जो माननीय उच्च न्यायालय में लम्बित है, प्रकरण लम्बित रहने की स्थिति में उन पर विचार नहीं किया जा सकता।

## एसएसबी ने आयोजित किया मुफ्त चिकित्सा शिविर

पलियाकलां खीरी। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कमांडेंट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी के दिशा-निदेर्शानुसार 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, पलिया के वाहिनी चिकित्सालय में वाहिनी में तैनात महिला कार्मिकों एवं




संदीक्षा सदस्याओं के लिए मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर का उद्देश्य महिला कार्मिकों एवं वाहिनी में पदस्थ कार्मिकों के परिवारजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की समय रहते पहचान एवं रोकथाम के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पलिया से आमंत्रित डॉ. नेहब फातिमा द्वारा उपस्थित महिला कार्मिकों एवं संदीक्षा सदस्याओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं नियमित जांच के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, तथा कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान कर समय पर उपचार लेने हेतु प्रेरित किया गया।

## बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष समेत चार पदों पर चुनाव

मोहम्मदी खीरी। तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में नामांकन वापसी के बाद तीन पदों पर चुनाव होना तय हो गया है जबकि 18 पदों पर एकल नामांकन दाखिल होने पर निर्विरोध निर्वाचित होना तय हो गया है। बुधवार को मुख्य चुनाव अधिकारी रामखिलावन मिश्रा और कार्यकारी चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता बीपी सिंह ने संयुक्त रूप से चुनाव कार्यक्रम के तहत नाम वापसी के बाद घोषणा कर बताया अध्यक्ष पद पर अवधेश चंद्र त्रिवेदी, गोविंद खरे, और प्रद्युम्न मिश्रा ने दावेदारी की है। महामंत्री पद पर सर्वाधिक उम्मीदवार अनुज कुमार पांडे, धीरेंद्र प्रताप, पंकज कश्यप, पुनीत कुमार दीक्षित बने जबकि कोषाध्यक्ष पद पर अनादि मिश्रा और विमल कुमार ने नामांकन दाखिल किया है जबकि संयुक्त मंत्री प्रथम पद पर अंकित तिवारी, पंकज वर्मा और मोहम्मद दानिश खां ने नामांकन दाखिल कर दावेदारी की है। अन्य पदों पर एकल नामांकन दाखिल होने पर विजेता बनना तय हो गया है जिनकी घोषणा 7 फरवरी को मतदान के बाद परिणाम के समय ही की जाएगी।

## ऑफिस में काम कर रहे भाजपा नेता से दबंगों ने की अभद्रता व मारपीट , जान से मारने की दी धमकी

निघासन -खीरी। कुछ दबंगों द्वारा एक भाजपा नेता व महावीर कांट्रेक्टर एवं सिद्धार्थ ड्रोन सर्विस एंड फोटोग्राफी का ऑफिस चलाने वाले व्यक्ति से अभद्रता व मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। भुक्तभोगी ने मझगईं पुलिस से पूरे मामले की शिकायत करते हुऐ दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार, मझगईं थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम छेदुई पतिया निवासी सुनील कुमार पुत्र महावीर प्रसाद भाजपा (अनुसूचित मोर्चा) के जिला महामंत्री हैं और गांव में ही प्राथमिक विद्यालय के पास उनका महावीर कांट्रेक्टर व सिद्धार्थ ड्रोन सर्विस एंड फोटोग्राफी का ऑफिस है। उनका आरोप है कि गत 31 जनवरी वह अपने ऑफिस में कार्य कर रहे थे। तभी ग्राम मोती पुरवा मजरा छेदुई पतिया निवासी विपक्षी कमलेश पुत्र प्रेमी लाल शाम लगभग पौने पांच बजे शराब के नशे में धुत होकर आए और उनकी कुर्सी पर बैठ गए और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा।समझाने पर वह गालियाँ और जान से मारने की धमकी देता हुआ वहाँ से चला गया।थोड़ी देर बाद पुनः वह अपने चाचा राधेश्याम व भाई अनिल कुमार के साथ प्लेटिना मोटरसाइकिल से आया और तीनों लोग मिलकर उन्हें ऑफिस से बाहर खींचने लगे।इसी बीच कमलेश ने उन पर ईंट से प्रहार कर दिया जिसमें वह बाल-बाल बच गए। इसके बाद तीनों धमकी देते हुए भाग गए और यह भी कह गए कि मेरे घर के सामने से निकलोगे तो जान से मार देंगे। पीड़ित का आरोप है कि यह लोग बहुत ही हेकड़ व झगड़ालू किस्म के हैं।पीड़ित ने मझगईं पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

## वार्षिक खेल प्रतियोगिता संपन्न

अनपरा/सोनभद्र रेनूपावर प्राथमिक पाठशाला रेनूसागर के विद्यालय के अध्यक्ष हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी के मार्गदर्शन में आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज रेनुसागर के प्रांगण में रेनूपावर प्राथमिक पाठशाला रेनूसागर द्वारा आयोजित का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।खेलकूद का उद्घाटन मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक आशीष पांडे जी एवं प्रधानाध्यापिका सीमा दुबे ने संयुक्त रूप से किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस खेल दिवस का मुख्य आकर्षण का केंद्र मेंढक दौड़ ,पेंगुइन दौड़, रस्सा-कस्सी बच्चों द्वारा संवेदनशील, समावेशी और प्रेरणादायी पहल बच्चों का खेल रहा।खेलकूद प्रतियोगिता में कुल 16 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें एल. के जी. हाप रेस में शिवांगी प्रथम, आश्वी शर्मा द्वितीय, आकांक्षा नेतृतीय स्थान प्राप्त किया। यूकेजी-रैबिट रेस में दिव्या गुप्ता-प्रथम, श्रेयांशी-द्वितीय, तथा नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा चार में वन लेग रेस में कृति-प्रथम अंशिका यादव-द्वितीय, श्वेता यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा 5 के रिंग जंपिंग रेस में आयुष-प्रथम, भाग्य कुमार-द्वितीय, प्रेम कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय परिवार की ओर से कार्यक्रमक की सफलता में सहयोग प्रदान करने वाले मुख्य अतिथि, निर्णायक मंडल, शिक्षक गण,अभिभावकगण एवं सभी प्रतिभागियों को हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

## न्याय समाज को प्रकाशित और सशक्त करता है : जीनत परवीन

लालगंज, मीरजापुर। तहसील स्थित अधिवक्ता सभागार में बुधवार को उपरौध अधिवक्ता समिति का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम न्यायालय की न्यायाधीश जीनत परवीन ने कहा कि न्याय समाज को प्रकाशित और सशक्त करता है। अधिवक्ता कानून के विभिन्न पक्षों को बार और बेंच के समन्वय से प्रस्तुत कर न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत बनाते हैं। अधिवक्ताओं की भूमिका केवल मुकदमों तक सीमित नहीं, बल्कि वे समाज को दिशा देने वाले स्तंभ हैं। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं को आम जनमानस के प्रति सहयोगी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। बार और बेंच के बीच बेहतर सामंजस्य से ही न्याय व्यवस्था मजबूत होगी और समाज में विश्वास कायम रहेगा।विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष पांचूराम मौर्य ने कहा कि जो व्यक्ति मानव होकर मानव से भेदभाव करता है, वह न तो अच्छा वकील हो सकता है और न ही अच्छा नागरिक। उन्होंने अधिवक्ताओं के चयन में इंटरव्यू प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें भेदभाव की संभावना रहती है। साथ ही अधिवक्ताओं को सजग रहने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोग वकालत के पेशे में प्रवेश न कर सकें। इसके लिए समाज को सतर्क रहना होगा। उन्होंने वकील समुदाय से एकजुट रहने और बार-बेंच के संबंधों को सामान्य व सौहार्दपूर्ण बनाए रखने का आह्वान किया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र मौर्य ने कहा कि अनावश्यक हड़ताल अधिवक्ता हित में नहीं होती। अधिवक्ताओं के सहयोग से पीड़ितों को त्वरित और निष्पक्ष न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीकांत तिवारी ने की, जबकि संचालन चंद्रदत्त त्रिपाठी ने किया। समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ताओं जगदीश त्रिपाठी, विश्वेश्वर गुप्ता, राकेश दुबे, अरुण त्रिपाठी, जगतनारायण मिश्रा, धनेश्वर गौतम और प्रभुनाथ दुबे ने अपने विचार रखे।इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में सचिव उमाशंकर, राजेश कुमार सिंह, लक्ष्मीकांत पांडेय, शेर बहादुर सिंह, विश्वास नाथ त्रिपाठी, देवेंद्र चतुर्वेदी और शिवकुमार प्रजापति ने शपथ ग्रहण की। समारोह में अनिल मौर्य, विपिन तिवारी, सत्येंद्र त्रिपाठी, मनोज कुमार शुक्ला, स्वयं प्रकाश त्रिपाठी, जयप्रकाश दुबे, प्रवीण जायसवाल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

संक्षेप

## शीतलहर के साथ सर्द हवाओं ने बढ़ायी गलन

आजमगढ़। जिले में शीतलहर के साथ चल रही सर्द हवा के साथ पड़ रही कड़ाके की सर्दी ने लोगों की दिनचर्या प्रभावित कर दी है। इंसान से लेकर पशु-पक्षी भी बेहाल हो गए हैं। बुधवार को भी जिले का अधिकत तामपान 23 और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में दिख रहा है। जिले में एक सप्ताह से जहां सूर्य निकल रहे थे, वहीं मंगलवार को मौसम ने करवट ले लिया। बादलों के साथ तेज हवा चलने लगी। शाम को हुई बूंदाबांदी से बुधवार को कोहरे का प्रकोप बढ़ गया है। बुधवार को धूप निकलने से आम जनमानस को राहत मिली।

## अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से मचा हड़कम्प

सिद्दीकपुर, जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्दीकपुर में स्थित राजकीय आईटीआई गेट के सामने खाई में बुधवार को 45 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव सुबह दिखाई दी जिसकी जानकारी होने पर यह घटना आग की तरह फैल गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच–पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस भेज दिया। वहीं घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने जांच–पड़ताल किया। मौके से मिले नमकीन की एक पैकेट को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक हेतु भेज दिया गया। समाचार लिखने तक शव की पहचान नहीं हो पायी थी।

## मर्यादा और आचरण से स्त्री पूजनीय होती हैः मनीष महाराज

सोनभद्र। उरमौरा स्थित गायत्री भवन परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को अयोध्या धाम से आए कथा व्यास मनीष शरण जी महाराज ने सती चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि हमारे भारत में स्त्रियों को जगत पूज्य बताया गया है। महाराज जी ने बताया कि स्त्री के तीन रूप बताये गए हैं, जिसमें किसी की माता, बेटी है, किसी की पत्नी है, लेकिन किसी भी स्त्री की पूजा तभी होती है जब तक वह अपनी मर्यादा और आचरण बनाये रखती है, अन्यथा तो उसके अपने भी दुर्व्यहार करते हैं। महाराज जी ने उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे सती ने भोले नाथ का अनादर किया तो अपने ही पिता के यज्ञ में जलकर मरना पड़ा। इस अवसर पर मुख्य यजमान पवन कुमार मिश्र वरिष्ठ अधिवक्ता, पूरे परिवार के साथ कथा का श्रवण किए। भागवत कथा में आचार्य विनय कुमार शुक्ल, महेश शुक्ल अरुण तिवारी ने पूजन सम्पन्न कराया और कथा में प्रमुख रूप से विनोद चौबे, दिना नाथ पांडे, विमला मिश्र, करुणाकर द्विवेदी सहित अनेकों भक्तगण, महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

## सड़क के दोनों ओर गड्ढे दुर्घटना को दे रहे दावत

म्योरपुर (सोनभद्र) स्थानीय विकासखंड के मुर्धवा-बीजपुर मार्ग के ग्राम पंचायत रनटोला के यात्री सेड के 100 मीटर आगे पर खतरनाक मुड़ान से आए दिन हो रही दुर्घटना। मुर्धवा-बीजपुर मार्ग के इस खतरनाक मोड़ पर न तो मजबूत रेलिंग है न ही गड्ढे को भरा गया है कुछ दिनो पूर्व इस मोड़ पर ट्रेन के इंजन का लाबी ले जा रहा ट्रेलर यही पर बड़े गड्ढे में जा फंसा था, गनीमत यही रही कि कोई बड़ी दुर्घटना नही हुई स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि इस मोड़ान पर आए दिन गाड़िया गड्ढे में गिर जाती है और बड़ी दुर्घटना हो जाती है, खासकर के रात के समय मे ड्राइवरो को बहुत ज्यादा दिक्कतो का सामना करना पड़ता है रात के समय मे रोड के पास लाइट न होने से उन्हे नही दिखता और गड्ढे मे लोड ट्रक, ट्रेलर जैसे बड़ी एवं अन्य छोटो वाहन इस गड्ढे मे गिर जाते है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत दुबे (बाबा), दीपक, अरविंद, प्रेमप्रकाश, हीरालाल, बबई, रामजनम, राजकुमार, छोटेलाल, कमलेश ग्राम प्रधान दिनेश जायसवाल आदि लोगो ने लोक निर्माण विभाग से यहां पर मरम्मत एवं मोड़ान के चौड़ीकरण की मांग जल्द से जल्द की है ताकि आने वाले समय मे होने वाली दुर्घटना को कम किया जा सके।

# सोनभद्र में शुरू हुआ सम्पूर्णता अभियान 2.0



सोनभद्र। सदर विधायक भूपेश चौबे एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल द्वारा सम्पूर्णता अभियान 2.0 का शुभारम्भ विकास भवन सभागार में किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने समस्त जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को प्रतिज्ञा दिलाई। सभी को सूचकों की जानकारी उपलब्ध कराते हुए उस क्षेत्र के गैप से अवगत कराया गया और निर्देशित किया गया कि सभी विभाग भौतिक संरचनाओं से संबंधित सूचकों को जियो-टैग्ड फोटो के साथ प्रमाणित करें तथा 31 मार्च 2026 तक कार्ययोजना का अनुपालन करते हुए संतृप्त करें। सम्पूर्णता अभियान 2.0 के तहत जनपद स्तर पर 5 सूचक तथा ब्लॉक स्तर पर 6 सूचकों को संतृप्त करने का लक्ष्य दिया गया है।

नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान 2.0 का संचालन 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक किया जायेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चयनित संकेतकों पर मिशन-मोड में कार्य करते हुए अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत संतृप्त किए जाने वाले सूचकों में जन्म के समय शिशुओं का वजन दर्ज किए जाने का अनुपात, टीबी केस नोटिफिकेशन दर (सरकारी एवं निजी संस्थान), पिछले एक माह में कम से कम एक ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) आयोजित करने वाले आंगनवाड़ी केन्द्र/अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रतिशत, टीकाकरण किए गए पशुओं का प्रतिशत तथा सक्रिय बालिका शौचालय वाले विद्यालयों का प्रतिशत शामिल है। वहीं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (चतरा) अंतर्गत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों का वह प्रतिशत जो आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से अनुपूरक पोषण ले रहे हैं, रिपोर्टिंग माह में आंगनवाड़ी केन्द्रों में नामांकित बच्चों का मापन दक्षता प्रतिशत (लंबाईध्वजन), सक्रिय शौचालय युक्त परिचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों का प्रतिशत, पेयजल सुविधा वाले परिचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों का प्रतिशत, कुल विद्यालयों के सापेक्ष पर्याप्त संख्या में बालिका शौचालय सुविधा वाले विद्यालयों का प्रतिशत तथा एफएमडी के अंतर्गत टीकाकरण किए गए गोवंश/पशुओं का प्रतिशत लक्षित सूचक के रूप में निर्धारित किए गए हैं। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम जनपद सोनभद्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित हुआ है।

## प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करें



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा ने सर्किट हाउस सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें महिला आयोग की सदस्य के समक्ष प्रस्तुत कीं। प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं न्याय प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना, साइबर उत्पीड़न सहित विभिन्न मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया, मोबाइल फोन एवं इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों से सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस विभाग को दें। कहा कि महिला उत्पीड़न अथवा किसी भी प्रकार की सहायता के लिए महिलाएं महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन सेवा 112 एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, कानूनी सलाह हेतु 15100, महिलाओं के स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्या के लिए एम्बुलेंस 102, आपात कालीन सेवा के लिए 108 पर संपर्क कर सकती हैं। उन्होंने महिलाओं से निर्भीक होकर आगे आने और अपनी शिकायत दर्ज कराने का आह्वान किया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विद्या देवी, एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## श्री काशीदास बाबा के कराहा पूजा में उमड़े श्रद्धालु



पतरही, जौनपुर। यादव समाज की अनूठी परम्परा श्री काशीदास बाबा (कराहा) की पूजा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहिरी निवासी राजबल्ली यादव के यहां हुआ जहां कोपा गांव के पुजारी भईया लाल यादव ने विधि-विधान से बैंड–बाजा के बीच अग्निदेव का आह्वान करके अग्नि प्रज्वलन करके पूजा का शुभारंभ किया जहां यजमान अशोक यादव रहे।

पुजारी जलते अंगारे से आराम से चले आये। खौलते तेल से हाथ से पूड़ी निकाली। इसके बाद छोटे बच्चे से खौलते दूध को हाथ से निकलवाया। बच्चा मुस्कुराता रहा। यह देखकर लोग आश्चर्यचकित थे। विधि-विधान से वेद मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन हुआ जहां -देवताओं के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कराहा पूजा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

पूजा सम्पन्न होने के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया। बता दें कि श्री काशी दास बाबा की पूजा वर्षा, पशु के निरोग, लोक कल्याण एवं सामाजिक समरसता हेतु की जाती है। इस मौके पर आये अतिथियों का स्वागत राजबल्ली यादव, सूर्यनाथ यादव, विपिन यादव ने माल्यार्पण करके किया। वहीं मनोज यादव व रविन्द्र यादव ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर केराकत विधायक तूफानी सरोज, प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन डॉ. अनिल यादव मैनेजमेंट गुरु, सपा नेता राहुल यादव, मीडिया प्रभारी लोक चेतना कृष्णा सिंह, डॉ. संजय यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश यादव, पूर्व प्रधान अवधेश यादव, ओम जायसवाल, तेजू सिंह, जितेन्द्र यादव, अरविन्द यादव, वीरभान यादव, जयसिंह यादव, नथुनी यादव, सौरभ यादव, गौरव यादव, प्रदीप यादव, नितेश सिंह, नितिन यादव, नितेश यादव, भोले यादव, पंकज यादव सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

## भाजपा पीडीए वोटर्स का नाम काटने की कर रही साजिशः श्याम लाल

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि मतदाता सूची से नाम काटने वाले फॉर्म-7 को लेकर भाजपा और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि बड़े स्तर पर पीडीए वोटरों के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं। वह यहां समाजवादी पार्टी विधानसभा महासचिव अमरेश सोनकर की भतीजी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव की भतीजी की शादी समारोह में भाग लेने आये थे। अनगढ़ रोड स्थित भोला गार्डेन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बड़े स्तर पर पीडीए वोटरों के नाम मतदाता सूची से कटवाने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जैसे ही यह जानकारी मिली, समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग को लिखित रूप में अवगत कराया है।

दावा किया कि मिजार्पुर और उन तमाम इलाकों से शिकायतें आईं जहां भाजपा 2027 विधानसभा चुनाव हार रही है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में शिकायतकर्ता पढ़ा-लिखा नहीं है, लेकिन उसके नाम से हस्ताक्षर वाले फॉर्म-7 जमा कर दिए गए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा प्रदेश सरकार पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों की घोर उपेक्षा कर रही उत्तर प्रदेश में भी सपा की सरकार बनेगी। लगे हाथ उन्होने भाजपा पर आरोप लगाते हुये कहा कि जनता इनकी करतूतों को जान चुकी है। आने वाले विधानसभा 2027 के चुनाव में इन्हे सत्ता से बाहर करने का काम करेगी। प्रदेश अध्यक्ष जी के मिजार्पुर आगमन पर कोन विकास खण्ड के तिलठी, मवैया, चील्ह एवं मझवां विधानसभा के बरौंधा, जसोवर आदि क्षेत्रों में कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर स्वागत करने वालो में गिरधारी पटेल, अमरेश सोनकर, अशोक यादव, रविन्द्र बहादुर सिंह, आशीष यादव, दामोदर प्रसाद मौर्या, सुरेन्द्र पटेल, सत्यप्रकाश यादव, राणा प्रताप सिंह, सोकिम अहमद, हरिशंकर यादव, अनील सोनकर, राममिलन यादव, झल्लू यादव, सौरभ यादव, लाल बहादुर यादव, विरेन्द्र यादव, राज नारायण निराला, रमाशंकर कोल, बलराम यादव आदि मौजूद रहें।

## आग से धान और पुआल जलकर खाक



लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत गंगहरा कलां गांव निवासी मुनिराज दुबे के सात बीघा धान के पुआल के भूसे में अज्ञात कारणों से बीती रात आग लग गई। पीड़ित के पुत्र लक्ष्मी नारायण दुबे ने बुधवार को लहंगपुर चौकी पर पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित के पुत्र लक्ष्मी नारायण दुबे ने बताया कि सात बीघा धान का पुआल गांव के सिवान में स्थित पोखरी के पास रखा था। जिसका कूटी कटवाकर घर ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि किसी व्यक्ति ने जानबूझकर पुआल में आग लगा दिया। वहीं पर पीड़ित ने बताया कि सात बीघा जमीन में धान की फसल लगाया था। थ्रेसरिंग के बाद पुआल का कूटी कटवाकर मवेशियों को खिलाने के लिए भूसे को घर ले जाने की तैयारी कर रहा था कि अज्ञात लोगों ने जानबूझकर भूसे में आग लगा दिया जिससे पूरा भूसा जलकर राख हो गया। बताया कि पोखरी के पास अज्ञात नशेड़ियों का जमावड़ा हमेशा लगा रहता है। लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत सेठ ने बताया कि तहरीर मिली है जांच पड़ताल की जा रही है।

## जिम जिहाद का 8 वां आरोपी मौलाना गिरफ्तार



मीरजापुर। नगर के बहुचर्चित जिम की आड़ में संचालित होते हुए आएं जिम जिहाद व धर्मांतरण के मामले में पुलिस ने पूर्व में पंजीकृत 2 अलग-अलग मामलों में से सम्बन्धित 8वें आरोपी एक मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है।

बताते चलें कि पूर्व में थाना कोतवाली देहात पर धर्मांतरण से सम्बन्धित पंजीकृत दो अभियोगों में अबतक 7 की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में बुधवार 4 फरवरी 2026 को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य संकलन व मुखबिर के सूचना के आधार पर धर्मांतरण से सम्बन्धित 08वें आरोपी मौलवी खलीलुर्रहमान 39 वर्ष पुत्र अजीजुर्रहमान निवासी भूदेव की गली भटवा के पोखरी थाना कोतवाली कटरा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मौलवी खलीलुर्रहमान इस प्रकरण से सम्बन्धित आरोपियों के अनवरत सम्पर्क में था तथा संगठित रूप से आरोपियों के साथ मिलकर हिन्दू लड़कियों को वशीभूत करके धर्मांतरण कराने का कार्य करता था।

पुलिस से पूछताछ में मौलाना द्वारा बताया गया कि वह वर्ष 2023 में थाना लोहता जनपद वाराणसी में एक हिन्दू लड़की का धर्म परिवर्तन कराकर मुस्लिम लड़के से निकाह कराया था। जिसके सम्बन्ध में उसके खिलाफ थाना लोहत जनपद वाराणसी पर अभियोग पंजीकृत है।

## शिक्षक व अधिकारियों ने सीखीं एआई की बारीकियां



जिला संवाददाता

सरायख्वाजा, जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति के निर्देशन में बुधवार को विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरैया सभागार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) विषय पर एक दिवसीय हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग सत्र का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की कुलाधिपति की प्रेरणा से लखनऊ में आयोजित एआई मंथन 2026 की सीख को विश्वविद्यालय स्तर पर लागू करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

कुलपति प्रो. वंदना सिंह के निर्देशन में इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में आधुनिक तकनीक के समावेश पर बल दिया। कार्यक्रम की शुरूआत में इंजीनियरिंग संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल ने कार्यशाला की रूप–रेखा प्रस्तुत करते हुये बताया कि किस प्रकार एआई भविष्य की शिक्षा व्यवस्था का आधार बनने जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान विषय विशेषज्ञ डॉ. दिलीप यादव और डॉ. सुनील यादव ने प्रतिभागियों को एआई टूल्स के व्यावहारिक उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये उनकी समस्याओं का समाधान किया।

इस दौरान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया (Admissio»»f Process) को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए विकसित किए जा रहे एआई चैटबॉट का प्रस्तुतीकरण किया गया। यह चैटबॉट इंजीनियरिंग संकाय के संकायाध्यक्ष और कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में तैयार किया जा रहा है जिससे भविष्य में छात्र-छात्राओं को प्रवेश सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करने में सुगमता होगी। कार्यशाला का संचालन डॉ. दिव्येंदु मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विक्रांत भटेजा ने किया।

इस अवसर पर कुलसचिव केश लाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद सिंह, वित्त अधिकारी आत्मधर प्रकाश द्विवेदी, प्रो. अविनाश पाथर्डिकर, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. अजय प्रताप सिंह, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. चंदन सिंह, डॉ. अनुराग सिंह, डॉ. ज्ञानेंद्र पाल सहित तमाम प्रोफेसर, शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए शिविर का आयोजन

आजमगढ़। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद स्तर पर 22 फरवरी, 2026 को आायोजित होने वाले वृहद/मेगा शिविर को दृष्टिगत रखते हुए आज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिका राजन की अध्यक्षता में तहसील सदर में स्थित सभागार में कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव द्वारा बताया गया कि 22 फरवरी, 2026 को जनपद स्तर पर वृहद/मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत निर्बल वर्ग, बच्चों, स्त्रियों, दिव्यांग, वृद्धजन, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल लगाकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जायेगा। इस मेगा शिविर के पूर्व तहसील स्तर पर, ब्लाक स्तर पर, ग्राम पंचायत स्तर पर समस्त विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं हेतु लघु शिविर का आयोजन कर पात्र व्यक्तियों का चयन किया जा रहा है।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविर में उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलायी गयी। सचिव द्वारा शिविर में उपस्थित ऑगनवाडी कार्यकत्रियों, आशा बहुओं को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया तथा 22 फरवरी, 2026 को आयोजित होने वाले वृहद/मेगा कैम्प के प्रचार-प्रसार हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। विवेकानन्द तहसीलदार सदर द्वारा मेगा/वृहद शिविर के आवश्यक तैयारियों के संबंध में पात्र व्यक्तियों के चयन हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। शिविर में उपस्थित पैनल अधिवक्ता प्रदीप कुमार सिंह द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी। लीगल एड डिफेन्स काउंसिल से उपस्थित सदस्य अतुल कुमार राय द्वारा नालसा हेल्पलाईन नं0 15100 के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। महिला कल्याण विभाग से उपस्थित पदाधिकारी द्वारा कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वन स्टॉप सेन्टर पर संचालित सुविधाओं जैसे पुलिस सहायता, अल्पावास सुविधा, निःशुल्क विधिक सहायता, परामर्श सेवा, चिकित्सा सेवा इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।

## अनुपस्थित पाये जाने पर होगी कठोर कार्रवाई

आजमगढ़। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल विश्वकर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता 1 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 हेतु घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद के समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष अभियान की तिथि 5 फरवरी 2026 नियत है। उक्त नियत तिथि को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर संबंधित बीएलओ द्वारा प्रारूप-6, प्रारूप-7 एवं प्रारूप-8 पर दावे एवं आपत्तियाँ भी प्राप्त की जायेगी। साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का भ्रमण कर निरीक्षण किया जायेगा। उक्त भ्रमण के दौरान यदि किसी भी मतदेय स्थल पर कोई बूथ लेवल अधिकारी अनुपस्थित पाया जाता है, तो सम्बन्धित बीएलओ के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होने जनपद आजमगढ़ के समस्त सम्मानित नागरिकों से अपील किया है कि विशेष अभियान की तिथि 5 फरवरी 2026 को अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित होकर पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराए जाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में प्रारूप-6 भरवाने में सहयोग प्रदान करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए।

## आत्मनिर्भर होने के सपने को करें साकार, उठायें लाभ

आजमगढ़। उपायुक्त उद्योग एसएस रावत ने बताया कि शासनादेश द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) का संचालन प्रारम्भ किया गया है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनपद में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया तथा सम्बधित बैंको से नियमित समन्वय, आवेदन पत्रों की समयबद्ध फारवर्डिंग एवं अनवरत मानीटरिंग के फलस्वरूप आजमगढ़ शत प्रतिशत लोन वितरण करने वाला प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा जिला बन गया हैं। उक्त के क्रम में योजना के प्रति युवाओं को आकर्षित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा निर्धारित धनराशि 5 लाख में महिन्द्रा एवं आयशर कम्पनी के 33 हार्स पावर के ट्रैक्टर द्वारा संचालित आयल मिल एवं फलोर की परियोजनाओं को भी सम्मिलित किया गया है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि योजनांतर्गत उक्त नवाचार परियोजनाओं हेतु आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करते हुए आत्मनिर्भर होने के सपने को साकार करें। इस सम्बन्ध में यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जनपद मुख्यालय स्थित कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रो0 तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, आजमगढ़ से सम्पर्क स्थापित कर योजना सम्बन्धी अपनी पृच्छाओं का रामाधान कर सकते हैं।

## जिलाध्यक्ष संजीव साहू का हुआ स्वागत

जौनपुर। नगर के कोतवाली चौराहे पर स्थित एक प्रतिष्ठान पर अन्तरराष्ट्रीय खिलाडी संजीव साहू को लोक शक्ति उद्योग व्यापार मण्डल का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर स्वागत किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक सोनू जायसवाल ने



कहा कि संजीव साहू के जिलाध्यक्ष बनने पर लोक शक्ति उद्योग व्यापार मण्डल और मजबूत होगा। यह संगठन हमेशा व्यापारी हित में काम करेगा। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अशोक बैंकर ने श्री साहू को माल्यार्पण करते हुये बधाई दिया। साथ ही संगठन को हमेशा व्यापारी हित के लिए संघर्ष करने का आह्वावन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक सोनू जायसवाल, अशोक बैंकर, शशि सेठ, कन्हैया यादव, अमर सेठ, विजय साहू, राजन साहू, शमीम अहमद, राजेन्द्र सेठ, रत्ती लाल सोनकर सहित तमाम लोग मौजूद रहे। वहीं सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि आनलाइन विरोध का सरकार की प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिये और ऑनलाइन विरोधी सरकार बननी चाहिये।

## कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय संयोजक के जौनपुर आगमन पर हुआ स्वागत

जौनपुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 2150 के राष्ट्रीय संयोजक मनीष श्रीवास्तव के जनपद आगमन पर स्वजातीय बन्धुओं ने जोरदार स्वागत किया। उनका आगमन नगर के मैहर देवी मंदिर के सामने स्थित एक लॉन में हुआ जहां जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पत्रकारों से वार्ता करते हुये राष्ट्रीय संयोजक ने महासभा के बारे में बताया कि हमारी महासभा पूरे भारत की एकमात्र राष्ट्रीय स्वरूप वाली संस्था है जो समाज हित में जो भी कार्य होते हैं, वह करती है। प्रमुख रूप से शादी विवाह परिचय सम्मेलन, समय-समय पर नौजवानों के लिये रोजगार हेतु प्रोत्साहित करना जो लोग पलायन कर रहे हैं, उसके लिए काम करना, अपने आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी की बारे में नई पीढ़ी को बताना, महासभा अपने स्तर से पूरे भारत में कायस्थ गणना कराना, जो विभिन्न प्रकार के सरनेम लोग लगाते हैं, सभी से अपील किया कि अपने आगे कायस्थ अवश्य लिखें। इस दौरान जिला टीम ने महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव नवनीत श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव एडीजीसी, राष्ट्रीय महासचिव पंकज श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेश चन्द्र श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सचिव नीरज श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता अमित श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, महासचिव नवनीत श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव बिजेन्द्र खरे, राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव, महिला जिलाध्यक्ष तूलिका श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी अखिलेश श्रीवास्तव, संजय अस्थाना पत्रकार, देवेन्द्र खरे, युवा जिलाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, संगठन महासचिव दीपक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव, डा. विजय श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, शिवांशु श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, मनीष अस्थाना, हरीश चंद्र श्रीवास्तव, शेखर श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, कुमुद श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, अमिता श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, रंजना श्रीवास्तव, भावना श्रीवास्तव, सौम्या श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को लेकर अपना दल (एस) ने खोला मोर्चा

लालगंज, मीरजापुर। मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को लेकर अपना दल (एस) चिकित्सा मंच के राष्ट्रीय सचिव डॉ एसपी सिंह पटेल ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि जिले में एक विशेष समुदाय के मतदाताओं के नाम जानबूझकर वोटर लिस्ट से हटाए जा रहे हैं, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है। जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र में डॉ पटेल ने कहा कि उन्हें विभिन्न स्तरों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं के नाम लक्षित कर सूची से बाहर किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे संविधान प्रदत्त मताधिकार पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यदि ऐसी शिकायतें सही पाई जाती हैं तो यह लोकतंत्र की मूल भावना के साथ खुला खिलवाड़ है। डॉ एसपी सिंह पटेल ने प्रशासन से मांग की है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जाए। साथ ही जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि वे बिना किसी दबाव या भेदभाव के अपने दायित्वों का निर्वहन करें। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध और त्रुटिहीन होना लोकतंत्र की मजबूती की पहली शर्त है। इसमें किसी भी प्रकार का पक्षपात न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करता है बल्कि समाज में अविश्वास की भावना भी पैदा करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो पार्टी इसे व्यापक स्तर पर उठाने को मजबूर होगी। पत्र के माध्यम से डॉ पटेल ने प्रशासन से शीघ्र संज्ञान लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। जिससे आम मतदाताओं का लोकतांत्रिक प्रक्रिया से भरोसा बना रहे।

संक्षेप

## कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**भटनी(देवरिया)।** भटनी - बलूआअफगान सडक मार्ग के ग्राम मिश्रौली दीक्षित के सामने कार की चपेट में आने से एक वृध्द की हुई दर्दनाक मौत मचा कोहराम।

बताया गया है कि थोडी देर बाद ही मृतक की पहचान भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम महुरांव निवासी70वर्षीय मिश्रीलाल के रुप में हुई ।सडक मार्ग से मिश्रीलाल यादव घर से भटनी जा रहे थे ।जैसे ही ग्राम मिश्रौली दीक्षित के पहुँचे उसी समय पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे गम्भीर रुप से घायल हो गये ।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँच कर घायल व्यक्ति को सामूदायिक अस्पताल पर उपचार के.लिए भेजवायी जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित टर दिया ।मौत की सूचना लगते हीपरिवार में कोहराम मच गया ।परिजन रोने बिलखने लगें ।

पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम के.लिए देवरिया भेज दिया ।

# 7 को आयेंगे डिप्टी सीएम, तैयारियां तेज

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का प्रस्तावित जनपद आगमन 07 फरवरी के दृष्टिगत विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों से

**● जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न की समीक्षा**

संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।जिलाधिकारी ने बताया कि उप मुख्यमंत्री का कार्यक्रम जनपद में तीन स्थानों–बीबी एकेडमी गाजीपुर, पावानगर एवं जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित है। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को हेलीपैड, बैरिकेटिंग, वाहन पार्किंग सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि उप मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर गाजीपुर स्थित हेलीपैड पर लैंड करेगा, जिसके उपरांत वे सर्वप्रथम विद्यालय का उद्घाटन करेंगे तथा विभिन्न स्टालों का निरीक्षण करते हुए मंच तक पहुंचेंगे। मंचीय एवं कार्यक्रम स्थल की समस्त व्यवस्थाओं को लेकर मुख्य विकास अधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर स्वयं की देखरेख में सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही संबंधित ग्राम की योजनावार बुकलेट तैयार कराने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया।

पावानगर में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल पर सीमित स्थान को देखते हुए केवल संबंधित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों की ही एंट्री सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। पावानगर में लखपति दीदी कार्यक्रम एवं ग्राम चौपाल का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें संबंधित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने दोनों कार्यक्रम स्थलों पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरण को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पावानगर कार्यक्रम के उपरांत उप मुख्यमंत्री पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड से सीधे भाजपा कार्यालय पहुंचकर कोर कमेटी की बैठक में भाग लेंगे। इसके पश्चात विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ विकासपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक की जाएगी। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का विवरण बुकलेट में अद्यतन कर लें, ताकि समीक्षा बैठक के दौरान सटीक जानकारी प्रस्तुत की जा सके ।पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने सभी कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, बैरिकेटिंग, लाइन-अप एवं यातायात प्रबंधन को लेकर संबंधित क्षेत्राधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए ।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिलापूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नई रोडवेज बस सेवा का शुभारंभ, 20 प्रतिशत कम किराए पर मिलेगा सफर का लाभ

**भटनी (देवरिया)।** जनता को बेहतर, सुलभ और सस्ती यातायात सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए क्षेत्र में नई रोडवेज बस सेवा की शुरूआत की गई। यह बस सेवा 20 प्रतिशत कम किराए पर संचालित होगी, जिससे यात्रियों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा ।नई बस सेवा के शुभारंभ से छात्रों, कर्मचारियों, व्यापारियों सहित आम नागरिकों को दैनिक आवागमन में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बस सेवा का उद्घाटन रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने बनकटा शिव चौराहे से हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना कर किया। यह रोडवेज बस सेवा प्रतिदिन शिव बनकटा झ्र पुराना छापर झ्र नूरीगंज झ्र सिसई झ्र नूनखार झ्र खुखुन्दू झ्र देवरिया मार्ग पर संचालित होगी। इस मार्ग पर बस के संचालन से कई गांवों और कस्बों के लोगों को सीधी, सुरक्षित और किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी ।इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह बस सेवा जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर शुरू की गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाती रहेगी।

## एसआईआर में धांधली के विरोध में सपा का जोरदार प्रदर्शन

**देवरिया ।** समाजवादी पार्टी द्वारा चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में हो रही कथित धांधली के विरोध में सपा जिलाध्यक्ष श्री व्यास यादव के नेतृत्व में पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) देवरिया को सौंपा ।ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे जनपद में भाजपा के नेता व कार्यकर्ता बीएलओ पर दबाव बनाकर फॉर्म-7 भरवाने का कार्य कर रहे हैं, जिससे समाजवादी पार्टी समर्थित वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अवैध रूप से काटने का प्रयास किया जा रहा है ।जिलाध्यक्ष ने प्रशासन को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी वैध मतदाता का नाम गलत तरीके से काटने का प्रयास किया गया तो समाजवादी पार्टी इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी ।उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति में पार्टी सड़क से लेकर प्रशासनिक स्तर तक आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी ।ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप सेपूर्व विधायक आशुतोष उपाध्याय, गजाला लारी, पूर्व एमएलसी जे.पी. जायसवाल, अशोक कुशवाहा, हाफिज शहादत हुसैन अंसारी, मंजूर हसन, हृदयनारायण जायसवाल, बेचूलाल चौधरी, जयराम राजभर, प्रज्ञानन्द चौधरी, परमहंस यादव, संतोष यादव, रामबली यादव, राजवंशी राजभर, कमलेश पांडेय, अमरेंद्र यादव, रमेश यादव, अर्जुन यादव, आजम भाई, मोतीलाल यादव, विकास पासवान, गिरीश जायसवाल, वीरेंद्र यादव, दीनानाथ चौधरी, अमरनाथ यादव, जावेद अंसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला उत्पीड़न की रोकथाम और त्वरित न्याय के लिए हुई महिला जनसुनवाई



**कुशीनगर।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के उद्देश्य से महिला जनसुनवाई/निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को उ0प्र0 राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्य श्रीमती जनक नन्दनी जी की अध्यक्षता में जनपद कुशीनगर की सदर तहसील पड़रौना में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया ।जनसुनवाई के दौरान अभिषेक मिश्र, तहसीलदार (राजस्व विभाग), राजेश कुमार, नायब तहसीलदार, श्री डी0सी0 त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, ओमप्रकाश तिवारी, श्रीमती सुमन सिंह,मुकेश, पीआरओ ( सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग), नलिन सिंह (डीएमसी), रीता यादव (सेंटर मैनेजर), वंदना, राजू कुमार, सुनीता पाण्डेय सहित चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सदस्य द्वारा राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, पुष्टाहार, पुलिस विभाग, आवास प्रकरण, बैंक आदि से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों में बाल पुष्टाहारझ्र01, ग्राम विकासझ्र02, राजस्व विभागझ्र09, पुलिसझ्र10, राशन कार्डझ्र10, आवास प्रकरणझ्र07 तथा बैंक प्रकरणझ्र01 सहित कुल 40 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 05 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए 07 दिवस के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सदस्य द्वारा वन स्टॉप सेंटर, कुशीनगर, दत्तक ग्रहण इकाई, संयुक्त जिला चिकित्सालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, खिरकिया पड़रौना तथा आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही विकास भवन में आयोजित जन जागरूकता चौपाल के माध्यम से समूह की महिलाओं के साथ संवाद किया गया। इसके उपरांत आंगनवाड़ी केंद्र, जंगल खिरकिया, पड़रौना में गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकत्री श्रीमती पिंकी गुप्ता की उपस्थिति में 04 गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार वितरित किया गया तथा 02 नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर सदस्य महोदया द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

## यूनाइटेड फॉर यूनिक की थीम पर मनाया गया विश्व कैंसर दिवस

**बहराइच ।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में यूनाइटेड फॉर यूनीक की थीम पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में गोष्ठी, स्क्रीनिंग शिविर तथा हस्ताक्षर अभियान संचालित किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सीएकओ डॉ. कुमार ने कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम, समय पर पहचान, सही इलाज और इससे जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने के उद्देश्य से ही यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कैंसर से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली, नियमित जांच और मादक पदार्थों की रोकथाम बहुत जरूरी है ताकि इस बीमारी से होने वाली मौतों को कम किया जा सके और जीवन बचाया जा सके।

सीएमओ ने कहा कि शरीर में कोशिकाओं के समूह की अनियंत्रित वृद्धि कैंसर है। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाता है। कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है। लेकिन यदि कैंसर का सही समय पर पता ना लगाया गया और उसका उपचार ना हो तो इससे मौत का जोखिम बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि कैंसर जैसे रोग के प्रति लोगों में जनजागरूकता के उद्देश्य से समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर विश्व कैंसर दिवस से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं साथ ही जिला चिकित्सालय सहित सभी पीएचसी/सीएचसी पर निशुल्क स्क्रीनिंग शिविर भी लगाए गए हैं।

एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने कहा कि आजकल फल और सब्जियों में बेतहाशा पेस्टिसाइड का इस्तेमाल हो रहा है। पीने का पानी भी पूरी तरह शुद्ध नहीं है। जिसका सीधा असर शरीर पर पड़ रहा है। पहले कैंसर बुजुर्गों की बीमारी मानी जाती थी, लेकिन अब युवा और मध्यम आयु वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. विजित जायसवाल ने कहा कि हम सभी जानते ही हैं कि हमारे शरीर में कई प्रकार की कोशिकाएं होती है।

## एसडीएम ने सुलझाया 21 वर्ष पुराना जमीनी विवाद



**कसया, कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर उपजिलाधिकारी कसया डॉ0 संतराज सिंह बघेल ने तहसील क्षेत्र के ग्राम गुरवलिया में भाइयों के बीच में 21 वर्षों से चल रहे जमीनी विवाद को बातचीत कर सुलह करा दिया ।बता दें कि जन सुनवाई के दौरान गुरवलिया की गरीब महिला आरती देवी ने जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर के समक्ष अपनी 20 साल पुरानी जमीनी विवाद के मामले के निस्तारण की फरियाद की। जिसपर जिलाधिकारी कुशीनगर ने उप जिलाधिकारी कसया डॉ0 संतराज सिंह बघेल को निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। उप जिलाधिकारी कसया श्री बघेल ने पुलिस बल के सहयोग से 20 साल पुराने विवाद को सुलह समझौता के तहत राजस्व कर्मियों से पैमाइश कराकर मामला निस्तारित कर दिया। ग्राम गुरवलिया थाना तुर्कपट्टी गाटा नंबर 1155 रकबा 440 वर्ग मीटर में नरसिंह रामानंद राजकुमार सदानंद पुत्र गोपाल चारों भाई निवास कर रहे थे। 90 वर्ग फीट की जमीन को लेकर 21 सालों से विवाद करते चले आ रहे थे कई बार खूनी संघर्ष भी कर चुके थे। इस दौरान हल्का लेखपाल सुनील यादव तथा ग्रामवासी तथा पुलिस बल मौजूद रही।

# संत-सत्संग में गूंजा सनातन संदेश धर्म पथ पर चलने का आह्वान

जिला संवाददाता

भटनी (देवरिया) ।स्थानीय क्षेत्र के ग्राम साहोपार महदेवा में पूर्व ग्राम प्रधान रामनरेश सिंह के आवास पर आयोजित मानस पाठ के रामचरित मानस पाठ के आयोजित कार्यक्रम के समापन के अवसर पर आये बाली पुर हनुमान मंदिर के उत्तराधिकारी महंत गोपाल दास ने संत-सत्संग में सनातन धर्म की महिमा और उसके संरक्षण पर गूढ़ विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ।जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी सदैव रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि बिना भगवान की कृपा के जीवन में कुछ भी प्राप्त नहीं होता। प्रत्येक कार्य का एक निश्चित समय होता है, संत-मिलन भी प्रारब्ध के अनुसार ही संभव होता है। भगवान की कृपा से ही समय अनुकूल बनता है और साधना सफल होती है।

उन्होंने कहा कि जहाँ आस्था जुड़ जाती है, वहीं ईश्वर का वास होता है। निष्ठा ही यह तय करती है कि भक्त पर प्रभु कृपा का पुष्प कब और कैसे बरसेगा। जब मनुष्य निस्वार्थ भाव से भगवान से प्रेम करने लगता है, तब स्वयं भगवान उसके सारथी बन जाते हैं। प्रभु बाह्य आडंबर नहीं, बल्कि भक्त के भाव को स्वीकार करते हैं।

महंत गोपाल दास महाराज ने सनातन धर्म को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि जिस कुल और परंपरा में हम जन्मे हैं, उसकी मयार्दा और संस्कारों की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। उन्होंने सभी से धर्म पथिक बनने, सत्य, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का संदेश दिया।

संतवाणी से ओतप्रोत यह अवसर श्रद्धा, भक्ति और सनातन चेतना से परिपूर्ण रहा।

इस अवसर पर बारी पुर हनुमान मंदिर के उत्तराधिकारी महंत गोपाल दास को पूर्व प्रधान रामनरेश सिंह उदय प्रताप सिंह विजय प्रताप सिंह तेज प्रताप सिंह व ग्राप ए के पूर्व जिलाध्यक्ष पौहारी शरण राय ने अवधेश शर्मा बिनोद सिंह वीरेन्द्र कुशवाहा बीरेंद्र सिंह छेदी कुशवाहा सतीश सिंह बाल्मीकि तिवारी मनोज यादव मुन्ना यादव नगर अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया वही विजय प्रताप सिंह द्वारा अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।जिस दौरान क्षेत्र व ग्रामवासी सहित श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

इसके उपरांत महंत गोपाल दास जी महदेवा के प्राचीन शिव मंदिर पर दर्शन करने के पश्चात वापस चले गये।

## निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा, त्रुटिरहित मतदाता और चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के दिये निर्देश



**देवरिया ।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन कार्य से संबंधित बैठक आयोजित की गई, जिसमें निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी छब्रूँ' ऊ्रशीस्रंल्लूीर (तार्किक विसंगतियों) तथा निर्धारित प्रारूप के अनुसार प्राप्त सूचनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई ।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल देते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी सूचनाओं का समयबद्ध संकलन एवं सत्यापन सुनिश्चित करें, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराई जा सके। उन्होंने मतदाता सूची एवं निर्वाचन से संबंधित अभिलेखों में पाई जाने वाली विसंगतियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के निर्देश दिए ।श्रीमती मित्तल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी चरणों में समन्वय बनाकर कार्य करें तथा किसी भी स्तर पर सूचना या डेटा संबंधी त्रुटि न रहने पाए। उन्होंने निर्वाचन तैयारियों को और प्रभावी बनाने हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए ।बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रेम नारायण सिंह सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे तथा अपने-अपने विभागों की प्रगति एवं कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत की ।बैठक के अंत में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## गोरुकुल ने एबीसी को 10 विकेट से हराया



**कसया, कुशीनगर।** बीआईसी कुशीनगर के स्टेडियम में खेले जा रहे अंडर -16 क्रिकेट केसीए कप 2026 पुलवी मैच के चौथे दिन एबीसी एकेडमी और गोरुकुल एकेडमी के बीच रोमांचक मैच खेला गया, जिसमे गोरुकुल ने आसान जीत दर्ज कर लिया। मैच शुरू होने से पूर्व गोरुकुल टीम के कप्तान तिवारी और एबीसी के कप्तान रौनक राय के बीच टॉस उछाला गया, जिसमे एबीसी के कप्तान ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया और पहले बैटिंग करते हुए टीम ने 25.4 ओवर में ऑल आउट होकर 112 रन का लक्ष्य जीत के लिए रखा। जवाब में उतरी गोरुकुल एकेडमी ने मात्र 6.4ओवर में ही 113 रन बनाकर लक्ष्य को प्राप्त कर 10 विकेट से मैच जीत लिया ।मैन ऑफ मैच कप्तान अमन तिवारी चुने गए।

अमन ने 8 छक्के और 7 चौके की मदद से कुल 80 रन बनाएं, तो वहीं निखिल ने 6 ओवर में 32 रन देकर कुल 3 विकेट झटके, जिन्हे मैच का बेस्ट बालर चुना गया। इस दौरान केसीए कोच मो. अजहरुद्दीन, अंशु मणि त्रिपाठी, रविशंकर मिश्रा, अजेंद्र सिंह, प्रिन्स पाण्डेय ने खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। मैच में अम्पायरिंग विकास सिंह और रामप्रकाश तिवारी ने किया।

# अस्सी जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह



जिला संवाददाता

**देवरिया।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद

**6 फरवरी को 151 जोड़ों का होगा आयोजन**

देवरिया में बुधवार को प्रिंस पैलेस, कोटवा चौराहा, कसया रोड पर सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कुल 80 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया, जिनमें 73 हिंदू एवं 07 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामपुर कारखाना सुरेन्द्र चौरसिया रहे।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, उपायुक्त मनरेगा सतीश राव, पुरुषोत्तम पाण्डेय मंडल उपाध्यक्ष, गौतम सिंह मंडल महामंत्री, प्रकाश पाण्डेय मंडल अध्यक्ष रामपुर कारखाना, नीरज श्रीवास्तव वरिष्ठ भाजपा नेता, जिला समाज कल्याण अधिकारी, संबंधित खंड विकास अधिकारी सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया है कि 06 फरवरी 2026 को उत्सव लॉन, मेन रोड, सलेमपुर में 151 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विकास खंड भाटपाररानी, बरहज, भागलपुर तथा एवं नगर पंचायत सलेमपुर, लार, भाटपाररानी, गौरा और बरहज क्षेत्र के जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया ।



## प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों से बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं को दिया जा रहा है अनुपूरक पुष्टाहार

जिला संवाददाता

**बहराइच ।** देश से कुपोषण दूर करने के लिए भारत सरकार ने बालविकास एवं महिला कल्याण के लिए कई योजनाये संचालित की है। उत्तर प्रदेश सरकार के बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अन्तर्गत प्रदेश के सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 0 से 06 वर्ष के बच्चों, 11 से 14 वर्ष तक की स्कूल न जाने वाली किशोरी बालिकाओं तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को समुचित पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रतिरक्षण के लिए अनुपूरक पोषाहार स्वास्थ्य प्रतिरक्षण (टीकाकरण) स्वास्थ्य जाँच, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा, स्कूल पूर्व शिक्षा, निर्देशन एवं सदर्भन सेवाये प्रदान की जा रही है। भारत सरकार के दिशा-निर्देशन में पोषण सम्बन्धी सेवायें एक ही स्थान आँगनबाड़ी केन्द्र पर दी जा रही है। प्रदेश की आँगनबाड़ी कार्यकत्री लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार वितरण, गृह भ्रमण, पोषण सम्बन्धी परामर्श के साथ-साथ बच्चों के वृद्धि की निगरानी संबंधी गतिविधिया करते हुए महिलाओं एवं बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास का कार्य कर रही है।

अनुपूरक पुष्टाहार वितरण- भारत सरकार द्वारा निर्गत नवीनतम गाईडलाइन सक्षम आंगनवाडी व पोषण 2.0 के अंतर्गत अनुपूरक पुष्टाहार (टेक होम राशन) के रूप में 06 माह से 03 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों, 03 वर्ष से 06 वर्ष की आयु के बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों (06 माह से 06 वर्ष आयु वर्ग) को सम्मिलित करते हुए प्रदेश में लगभग 166 लाख लाभार्थियों को प्रत्येक माह अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण कर लाभान्वित किया जा रहा है। प्रदेश के 43 जनपदों में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) द्वारा संचालित 204 टी.एच.आर उत्पादन ईकाईयो के माध्यम से 311 बाल विकास परियोजनाओं में रेसिपी बेस्ड अनुपूरक पुष्टाहार की आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में इन उत्पादन ईकाईयों द्वारा आटा बेसन प्री-मिक्स, दलिया मूंग दाल खिचड़ी, आटा बेसन हलवा तथा एनर्जी डेन्स हलवा निर्मित कर लाभार्थियों को वितरित किया जा रहा है।

## किसानों के कल्याण को नयी दिशा देगा केंद्रीय बजटः पवन मिश्र

देवरिया ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट के लिये धन्यवाद पत्र कार्यक्रम एवं एस आई आर के निमित्त भाजपा किसान मोर्चा की बरियारपुर मण्डल के बेलवनिया, रामपुर मण्डल के कंचनपुर एवं पथरदेवा मण्डल के पकहॉ में मण्डल कार्यसमिति की बैठक हुई।

कंचनपुर में बैठक को सम्बोधित करते हुए राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती रितु शाही ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने बजट में गांव-गरीब-किसान,युवा और महिलाओं के समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रावधान किया है।

जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा पवन कुमार मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल कृषि का बजट बढ़ाकर ?1,30,561 करोड़ किया है।

किसानों को सस्ता फर्टिलाइजर मिले, इसके लिए ?1,70,944 करोड़ की सब्सिडी प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि यह बजट कृषि को, कृषि के विकास को और किसानों के कल्याण को नई दिशा और नई गति देगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से कृष्णमोहन उपाध्याय, मिथिला यादव, ध्रुवदेव शाही, सुदामा गुप्ता, रामअशीष यादव, सोनू शाही,शिखर शाही, बलिंद्र चौहान, फागु यादव, राजेन्द्र चौहान, सोनू चौहान, बद्री कन्नौजिया, राजेश यादव, रामबिलास गुप्ता उपस्थित रहे।

संक्षेप

## किशोर का शव पेड़ से लटका मिला

सकरन/सीतापुर। थाना क्षेत्र में किवानी नदी के पास 12 वर्षीय किशोर का शव पेड़ से लटका पाया गया मृतक सदरपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पीएम के लिए भेज दिया है। सकरन थाना क्षेत्र के टेढ़ीपुरवा में किवानी नदी के पास अवरार के खेत में एक किशोर का शव रस्सी से लटकता पाया गया ग्रामीणों ने इसकी सूचना सकरन पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान के लिए लोगों से जानकारी ली तो पता चला कि मृतक का नाम चाहत (12) पुत्र हरिशंकर भार्गव निवासी देवरिया खुर्द थाना सदरपुर है। बताया जाता है कि मृतक चाहत मंगलवार शाम करीब 4 बजे घर से निकला था बुधवार की सुबह उसका शव रस्सी के सहारे फांसी के फंदे में झूलता मिला सूचना पर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए जहां शव की पहचान चाहत के रूप में होते ही कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक के परिजनों द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है थानाध्यक्ष पुलिस कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सीतापुर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में तथा जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. के निर्देशन में सरस्वती विद्या मंदिर मोहाली में अंधविश्वास के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. योगेश चंद्र दीक्षित ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला सचिव विजय भान ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी अंधविश्वास गहराई से व्याप्त है, जिससे ढोंगी लोग भोली-भाली जनता को भ्रमित कर ठगने का कार्य करते हैं। विज्ञान की सही जानकारी ही इससे बचाव का माध्यम है। मेरठ से पधारी विज्ञान संचारक अंजलि ढाका ने अंधविश्वास से जुड़ी गतिविधियों का प्रदर्शन कर उनके पीछे छिपे वैज्ञानिक कारणों को समझाया। उन्होंने पानी से दीपक जलाना, मुंह में जलता कपूर रखना, हाथ पर अग्नि स्नान जैसी क्रियाओं की वैज्ञानिक व्याख्या की, जिससे विद्यार्थियों में विशेष रुचि देखी गई। समापन अवसर पर उप जिलाधिकारी महोली देवेंद्र कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों से सीखी गई बातों को समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में निबंध, भाषण व चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं, जिनमें लगभग 70 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जबकि 350 से अधिक विद्यार्थी प्रदर्शनी में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक शुक्ला ने किया तथा प्रधानाचार्य स्वामी नाथ द्विवेदी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# बजट का मूल उद्देश्य मध्यम वर्ग को सशक्त बनाना




जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए आम बजट 2026 की उपलब्धियों को लेकर जिले के प्रभारी मंत्री राजा मंयकेश्वर शरण सिंह ने जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में बजट की बिंदुवार खूबियां गिनाईं।

उन्होंने कहा कि यह बजट लोक-कल्याणकारी होने के साथ ही दूरगामी सकारात्मक परिणाम देने वाला है, जिसमें निर्धन, मध्यम और उच्च वर्ग सभी के हितों का संतुलित ध्यान रखा गया है। साथ ही करदाताओं के हितों को भी प्राथमिकता दी गई है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस बजट में दुविधा के स्थान पर निर्णय, शब्दाडंबर के स्थान पर सुधार और लोक-लुभावन के बजाय जनकल्याण को महत्व दिया गया है। बजट का मूल उद्देश्य मध्यम वर्ग को सशक्त बनाना है। इसके अंतर्गत शिक्षा से रोजगार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से युवा सशक्तिकरण, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की क्षमता का पूर्ण उपयोग, तेज गति से विनिर्माण विस्तार और आधारभूत संरचना आधारित दीर्घकालिक विकास पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बजट में ग्रामीण क्षेत्रों और किसानों के लिए भी कई योजनाओं को शामिल किया गया है। यह बजट 2047 के विकसित भारत की आधारशिला है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित राष्ट्र के विजन को मजबूती देता है।

कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की 10 से अधिक दवाइयों को सस्ता किया जाना और विदेश में धन भेजने पर टैक्स में कटौती मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत है। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बिसवा विधायक निर्मल वर्मा, कार्यक्रम संयोजक रोहित सिंह, जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, भाजपा नेता शिवकुमार गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रशासन सीएम के संभावित दौरे को लेकर सतर्क



सीतापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित आगमन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर शुक्रवार को वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने शहर के शास्त्री नगर स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनूप शुक्ला सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, पार्किंग स्थल तथा मुख्यमंत्री के आवागमन मार्गों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही आपातकालीन व्यवस्थाओं, बैरिकेडिंग और ट्रैफिक प्रबंधन की भी समीक्षा की गई। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 9 फरवरी को शास्त्री नगर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं, जहां महंत योगी तेज नाथ जी महाराज द्वारा स्थापित गुरु गोरक्षनाथ की प्रतिमा का अनावरण किए जाने की संभावना है। कार्यक्रम में संभावित भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की योजना बनाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आयोजकों से कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएंगी, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके।

## शरीर में किसी तरह की गांठ को अनदेखा न करें: डॉ. नरेंद्र सिंह

उन्नाव। जिला अस्पताल में विश्व कैंसर दिवस पर गोष्ठी में लोगों को जागरूक किया गया। इसमें कैंसर की संभावनाओं और बचाव के तरीके बताए गए। डॉक्टरों




ने शरीर में किसी तरह की गांठ को अनदेखा न करने की सलाह दी। बुधवार को हुई गोष्ठी में एनीसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अमित तिवारी ने बताया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के लक्षणों, कारणों, रोकथाम व प्रारंभिक पहचान के महत्व के बारे में जानकारी देना है। उन्होंने बताया कि कैंसर का समय पर उपचार जीवनरक्षा में अत्यंत सहायक होता है। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने, तंबाकू व शराब जैसे नशे से दूर रहने की अपील की। एसीएमओ डॉ.नरेंद्र सिंह ने बताया कि कैंसर शरीर के किसी भी भाग में कोशिकाओं के अनियंत्रित विभाजन के कारण होता है। उन्होंने बताया कि भारत में स्तन, मुख और बच्चेदानी का कैंसर अधिक होता है। इससे बचने या इलाज के लिए जरूरी है कि शुरूआत में ही इसके लक्षण को पहचाना जाए। बताया कि जिले में अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर भी पोस्टर और गोष्ठी के माध्यम से लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक किया गया है। इस दौरान डिप्टी सीएमएस डॉ.संजीव कुमार, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. अमित श्रीवास्तव, डॉ.सत्येंद्र, आसेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## महिला आयोग पीड़िताओं को परामर्श, कानूनी सहायता और मानसिक सहयोग देता है



सीतापुर, । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी बुधवार को सदर तहसील सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल हुईं, जहां विभिन्न थाना क्षेत्रों से आई महिलाओं की 19 शिकायतें प्राप्त हुईं। उन्होंने महिलाओं की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और आश्वस्त किया कि प्रत्येक पीड़ित महिला को न्याय दिलाना महिला आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान एक शिकायतकर्ता महिला को कंबल प्रदान कर आर्थिक सहायता भी दी गई। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना, संपत्ति विवाद और कार्यस्थल पर उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। कई महिलाओं ने अपनी समस्याएं लिखित रूप में भी महिला आयोग के समक्ष प्रस्तुत कीं। सुजीता कुमारी ने कहा कि महिला आयोग एक वैधानिक संस्था है, जो महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आयोग संबंधित विभागों के सहयोग से शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करता है। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और अन्याय के खिलाफ डटकर खड़े होने का आह्वान किया। महिला आयोग पीड़िताओं को परामर्श, कानूनी सहायता और मानसिक सहयोग भी प्रदान करता है, ताकि कोई भी महिला स्वयं को अकेला न महसूस करे दौरे के दौरान मा. सदस्य ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी और राजकीय यूनानी चिकित्सालय का निरीक्षण किया, जहां तीन महिलाओं की गोद भराई तथा एक बच्चे का अन्नप्राशन कराया। इसके अलावा ब्लॉक परसेंडी में जन-जागरूकता चैपाल आयोजित कर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री राम जन्म कथा सुन भाव विभोर हुए भक्त



फतेहपुर। गीत-संगीत के बीच चल रही श्रीराम कथा को सुनने दूर-दूर से भक्त पहुंच रहे हैं। कथा पंडाल में उमड़ते भक्तों की भीड़ देखकर लगता है कि हर कोई प्रभु की लीला सुनकर पुण्य की डुबकी लगाना चाहता है।

संवेदना सेवा न्यास के सहयोग से सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित इस कथा के द्वितीय दिवस पर पूज्य आचार्य शांतनु महाराज ने भक्तों को आत्मिक ज्ञान का संचार किया ।महाराज ने कहा कि जब-जब धरती पर असुरों के अत्याचार बढ़ते हैं, तब-तब प्रभु अवतार लेकर भक्तों को संताप से मुक्त करते हैं। भगवान की सगुण लीलाओं को भक्ति और विश्वास से सुनना चाहिए, इसमें तर्क का कोई स्थान नहीं। श्रीराम जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए उन्होंने प्रभु जन्म के अनेक कारण बताए, जिसे सुन भक्त भक्ति सागर में गोते लगाने लगे ।आचार्य ने कहा, ₹प्रभु कहते हैं कि जो भक्त सब कुछ त्यागकर उनका भजन करते हैं, प्रभु उनकी रक्षा मां की तरह करते हैं ।₹ कथा आगे बढ़ाते हुए मनु-शतरूपा प्रसंग पर चर्चा की। उन्होंने मनु महाराज का उदाहरण देते हुए कहा कि जीवन के अंतिम समय में सब त्यागकर हरि भजन का मार्ग अपनाना चाहिए। हमारा भी यही कर्तव्य है कि सांसारिक दायित्वों का निर्वाह करते हुए प्रभु के श्रीचरणों में मन लगाएं ।महाराज ने देवताओं की करुण पुकार सुनकर भगवान के नर रूप में अवतार का आश्वासन, अयोध्या की महिमा, गोस्वामी तुलसीदास द्वारा जन्म तिथि घोषणा और राजा दशरथ द्वारा प्रजा को न्योछावर का वर्णन किया। पूरे अयोध्या में बधाइयां गूंजने लगीं ।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं संवेदना सेवा न्यास के मार्गदर्शक अनूप गुप्ता ने आचार्य शांतनु महाराज को अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कथा के प्रमुख यजमान मौजूद रहे। प्रमुख रूप से पूर्व विधायक विक्रम सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, अर्चना त्रिपाठी, अमित चिखारिया, ज्ञानेंद्र, पंकज सिंह, अभिषेक शुक्ला, सत्य भगवान गुप्ता, नीरज गुप्ता, शुभम त्रिपाठी, प्रसून तिवारी, अनुपम दीक्षित, विक्रम सिंह चंदेल, अतुल त्रिवेदी, मनीष प्रताप सिंह, रिंकू पुरी, विनोद गौतम, शरद श्रीवास्तव, अंतुल अवस्थी, गायत्री सिंह, मंजू शुक्ला आदि रामभक्त उपस्थित रहे।

## जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



सीतापुर। जिले के कस्बा जलालपुर में बुधवार से आयोजित जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साह बढ़ाया और खेल भावना व अनुशासन को सर्वोपरि रखते हुए खेलने की अपील की। टूर्नामेंट का आयोजन शिवेंद्र प्रताप सिंह , अक्षय यादव, शंभुल शुक्ला, अंशुमान सिंह और आदित्य यादव के संयुक्त प्रयास से किया गया, जिसकी स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है। उद्घाटन समारोह के दौरान मैदान में मौजूद युवा खिलाड़ियों का जोश, अनुशासन और आत्मविश्वास देखते ही बन रहा था। मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवाओं को सही दिशा देने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व के गुण भी विकसित होते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन और सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। उद्घाटन मैच के साथ ही टूर्नामेंट का आगाज हुआ, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## मारपीट की घटना में जांच के बाद होगी कार्रवाई :पुलिस

पाटन, उन्नाव। सहन में खूंटा गाड कर जानवर बाधने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। गाली गलौज के बाद दोनों पक्ष एक दूसरे पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला बोल दिया। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम खेसुवा में बुधवार को सहन में राम गणेश पुत्र महादेव द्वारा खूंटा गाड कर जानवर बांधने पर राकेश की पुत्री सपना ने जब मना किया गया तो राम गणेश गाली गलौज करने लगा और मारपीट पर आमादा हो गया। मामला इतना बढ़ गया दोनों एक दूसरे पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों को चोटे आई हैं। मारपीट की घटना की शिकायत दोनों पक्षों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## अलग-अलग क्षेत्रों में मिले फांसी पर लटके शव, जांच में जुटी पुलिस

सीतापुर। जनपद में बुधवार को दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से फांसी पर लटके शव मिलने से हड़कंप मच गया। एक ओर सदरपुर थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय किशोर का शव खेत में पेड़ से लटका मिला, वहीं दूसरी ओर महोली कोतवाली क्षेत्र में एक 24 वर्षीय मजदूर का शव भी पेड़ से लटका पाया गया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। सदरपुर थाना क्षेत्र के देवरिया खुर्द निवासी 12 वर्षीय चाहत पुत्र हरिशंकर भार्गव मंगलवार शाम घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा।

बुधवार सुबह टेढ़ीपुरवा गांव के पास केवानी नदी किनारे स्थित गन्ने के खेत में उसका शव प्लास्टिक की पतली रस्सी से पेड़ पर लटका मिला। शव की पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाकर शव पोस्टमार्टम को भेजा है। उधर महोली कोतवाली क्षेत्र के अमिरता गांव में मकड़ेरा निवासी मुकेश (24) का शव गांव के बाहर शहतूत के पेड़ से उसके मफलर के सहारे लटका मिला। वह जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी पर मजदूरी करता था। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच कर मोबाइल फोन समेत अहम साक्ष्य कब्जे में लिए। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया दोनों ही मामले आत्महत्या के प्रतीत हो रहे हैं, हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो।

## महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई

जिला संवाददाता(vol)



फतेहपुर। राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में जनसुनवाई, महिलाओं की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश, फरवरी। लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंची महिलाओं ने अपनी समस्याओं को रखा।

इस दौरान 12 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित अधिकारियों को अग्रेषित कर दिया गया ।अंजू प्रजापति ने शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण, प्राथमिकता आधारित और समयबद्ध निस्तारण के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए। पिछली जनसुनवाई के आवेदनों की समीक्षा कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जनसुनवाई के दौरान महिलाओं को विधिक जानकारी प्रदान की गई तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्रों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। साथ ही, महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के निर्देश जारी किए ।कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, प्रोबेशन कार्यालय एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे ।इस पहल से महिलाओं में अपनी बात रखने का आत्मविश्वास बढ़ा है।

## कैम्प में दिवंगत पिच क्यूरेटर को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

मौरावां, उन्नाव। नगर पंचायत में चल रहे क्रिकेट कैम्प में दिवंगत पिच क्यूरेटर शिव कुमार को डीसीए संयुक्त सचिव राजेश कुमार व खिलाड़ियों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जानकारी के अनुसार मौरावां के मेला मैदान पर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से संबद्ध व डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन उन्नाव के तत्वाधान में डीसीए संयुक्त सचिव राजेश कुमार के संयोजन में 7 दिवसीय क्रिकेट कैम्प का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमे आज यूपीसीए के दिवंगत पिच क्यूरेटर शिव कुमार के चित्र पर राजेश कुमार व सभी खिलाड़ियों ने पुष्प अर्पित कर व दो मिनट का मौन रख कर उनको नम आंखों से श्रंद्धाजलि अर्पित की व उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। राजेश कुमार ने कहा कि शिव कुमार जी धनी व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। उनका सरल स्वभाव उन्हें सबका प्रिय बनाता था। उन्होंने कहा कि शिव कुमार जी का असमय जाना अत्यंत कष्ट कारी है। बताते चले कि पिछले दिनों शिव कुमार ने मौरावां नगर पंचायत में दो मैदानों का निरीक्षण किया था व जल्द ही यहां मैदान तैयार करने की बात कही थी। जिनका कल 3 फरवरी को ग्रीन पार्क स्टेडियम कानपुर में पिच पर काम करते समय दिल का दौड़ा पड़ने से निधन हो गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में खिलाडी आयुष, अनिरुद्ध, वीरू, अनुराग, शिवा, फहद, मयंक, विमल, गोविंद, सुशील, सुरेंद्र, हिमांशु, देवेश आदि रहें।

# डीएम ने किया निरीक्षण, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई



जिला संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. ने आज विकास खंड परसेण्डी के ग्राम गुरईपुर स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर में संचालित वीएचएसएनडी सत्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में पाई गई लापरवाही पर डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की। निरीक्षण के समय एएनएम अनुपमा बिना सूचना के अनुपस्थित मिलीं, जिस पर जिलाधिकारी ने 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। डीएम ने एएनएम की वैक्सीनेशन किट, ड्यू रजिस्टर, एचआरपी रजिस्टर व हीमोग्लोबिन मीटर की जांच की। साथ ही मरीजों के रजिस्टर का अवलोकन कर दूरभाष के माध्यम से मरीजों से फीडबैक भी लिया। व्यवस्थाएं संतोषजनक न मिलने पर सीएचओ अर्चना के वेतन में 5 प्रतिशत कटौती तथा बीसीपीएम पूनम वर्मा का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। आशा बबली व आंगनबाड़ी कार्यकत्री राजलली देवी की समय से अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई गई। डीएम ने सीडीपीओ को भी दूरभाष पर कड़ी फटकार लगाई और गलत फीडबैक देने पर संबंधित आशा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने बीडीओ को दिए गांवों में नियमित निरीक्षण के निर्देश

सीतापुर। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास खण्डों के माध्यम से संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से गांवों का भ्रमण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करें। किसी भी निर्माण में कमी पाए जाने पर तत्काल सुधार कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी कार्य मानकों के अनुरूप और निर्धारित समय में पूरे हों, इस पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि गांवों के निरीक्षण के दौरान लाभार्थीपरक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिले। साथ ही जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। बैठक में महिला सशक्तीकरण के तहत संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश भी दिए गए। स्वयं सहायता समूहों को सशक्त करने, उनके उत्पादों के विपणन तथा एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत दरी उत्पाद से जुड़े समूहों को लाभान्वित करने पर जोर दिया गया। खराब प्रगति वाले बीएमएम को सुधार के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जेसीबी-कार की टक्कर, दो लोग घायल

सीतापुर। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम जेसीबी और कार की टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल शहर कोतवाली क्षेत्र की विकास कॉलोनी निवासी शांता कुमार अवस्थी और दीपक कुमार बताए गए हैं। दोनों कार से लखीमपुर की ओर से सीतापुर आ रहे थे। इसी दौरान सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर पीरपुर गांव के पास उनकी कार सामने से आ रही जेसीबी से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि घायलों का इलाज कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पीएम मोदी का विजन डॉक्यूमेंट है बजट : कमलेश मिश्रा

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी यूपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर केंद्रीय बजट को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बजट को मोदी सरकार का विजन डॉक्यूमेंट करार दिया, कहा कि यह कागजी लेखा-जोखा नहीं, बल्कि 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला भविष्य का बजट है।

यह बजट ऑपरेशन सिंदूर के बाद पेश किया गया पहला बजट है। इसमें सुरक्षा को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। पिछली बार से बड़ा बजट है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर पर अभूतपूर्व फोकस किया गया है। बजट में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इंफ्रास्ट्रक्चर आवंटन है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश को बड़ा लाभ मिलेगा। नई दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के निर्माण से प्रदेश की कनेक्टिविटी में क्रांति आएगी. साथ ही ग्रेट कॉरिडोर (संभवतः ग्रेट इंडियन बस्ट कॉरिडोर या समान परियोजना) से भी उत्तर प्रदेश के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए 20 नए वाटरवे विकसित किए जाएंगे, जो जलमार्गों के माध्यम से अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में मोदी सरकार ने बड़ा काम किया है। मोबाइल निर्माण में भारत दुनिया में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है और इस क्षेत्र में 40 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त बढ़ोतरी की गई है। कमलेश मिश्र ने इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन को भारत की बड़ी ताकत बनाने की बात कही, जो आत्मनिर्भर भारत और तकनीकी उन्नति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह बजट लोगों-केंद्रित है, जो गरीब, युवा, किसान और उद्योगों के लिए समावेशी विकास सुनिश्चित करता है. केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में बजटों ने अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के साथ मिलकर यह



बजट प्रदेश के विकास को नई गति देगा। जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने बताया कि यह बजट गरीबों, महिलाओं और युवाओं को समर्पित बजट है,विपक्ष द्वारा बजट को निराशाजनक बताए जाने पर उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है। उन्होंने आगे बजट 2026 को जनकल्याणकारी, दूरदर्शी और श्विकसित भारतश के लक्ष्य को समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीब वर्ग की आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है ।बजट में सड़क, बिजली, पेयजल, नगरीय विकास और बुनियादी ढांचे के लिए बड़े निवेश का प्रावधान किया गया है। भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, पुरवा विधायक अनिल सिंह, सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकर, ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता, प्रखर गुप्ता, नूतन सिंह, मनीष जायसवाल मौजूद रहे। संचालन विजय द्विवेदी ने किया।

# शराब दुकानों में तोड़फोड़ को लेकर 21 लोगों पर केस दर्ज



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** खितवांस में मंगलवार को देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों में आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने एकराय होकर ताला तोड़ा, सीसीटीवी कैमरे तोड़े, डीवीआर ले गये और दुकानों में रखी देशी व अंग्रेजी शराब को लूट लिया। लूटी गयी शराब को सड़क पर फेंकते हुये नष्ट कर दिया गया। लाखों रुपये की शराब बर्बाद करने, लूटपाट करने और सेल्समैनों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुये लोक व्यवस्था भंग करते हुये सरकार को राजस्व की हानि पहुंचाने के मामले में अब प्रशासन और पुलिस सख्त हो गयी है। आबकारी ठेकेदारों की तहरीर पर 21 नामजद सहित अज्ञात लोगों पर जो कैमरे में कैद हुये पर खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं में एफआईआर दर्ज की गयी है। कोतवाली महरौनी के ग्राम सिलावन में रहने वाले रोहित राय पुत्र रामसेवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी ग्राम खितवांस में कम्पोजिट शराब की दुकान आवंटित है। बीते मंगलवार को अपराह्न करीब 12.30 बजे ठेका देशी शराब में सेल्समैन ग्राम खजुरिया निवासी हितेन्द्र कुमार राय पुत्र भगवानदास व प्रवेन्द्र राय पुत्र रामप्रसाद मौजूद थे। इसी बीच खितवांस के विक्रम पुत्र गोवर्धन, बलराम पुत्र हरीराम, निर्मल पुत्र मनीराम, सत्येन्द्र पुत्र रमाकान्त, सुधीर पुत्र अमान, विनोद पुत्र बुद्धे, मुन्ना खां पुत्र बादल खां, गजराम पुत्र प्रेमचंद, संतोष पुत्र पुनु, फूलचंद्र पुत्र खुशीलाल, अंकित पुत्र स्व.रामसिंह, राहुल पुत्र दीपचंद्र, जोधा पुत्र रामचंदे, नीलू पुत्र मनी, धरमू पुत्र धनु कुशवाहा, धनीराम पुत्र रामदीन, ललिता पत्नी गोपी, गुलाबबाई पत्नी पुनु, कमलेश पत्नी जुजु उर्फ बद्रीप्रसाद, अंशुल पुत्र कौशल किशोर व अन्य कैमरे में कैद कई लोगों ने एकराय होकर सेल्समैन से कहा कि उनके परिजनों ने शराब में बहुत पैसा दिया है। अब सभी को दो-दो लाख रुपये दो नहीं तो दुकान चलाने नहीं देंगे और तोड़ देंगे। सेल्समैनों ने जब मना किया तो उक्त लोगों ने दुकान में जबरन घुसकर सेल्समैनों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। लोगों ने खिड़की तोड़कर अंदर घुसकर वहां पर लगे पांच सीसीटीवी कैमरे बीयर का फ्रिज तोड़ दिया। मारपीट में सेल्समैन घायल हो गये और वह जान बचाकर भाग गये। लोगों ने दुकान में घुसकर 80 पेटी अंग्रेजी शराब व 100 पेटी बीयर व रुपयों की पेटी तोड़कर बाहर रोड पर पटककर तोड़ दिया। इससे रोड जाम हो गयी और लोक व्यवस्था भंग हुयी। सूचना पर आबकारी विभाग व पुलिस मौके पर पहुंची, इसके बावजूद भी काफी देर से लोगों को हटाया गया। आरोप है कि पूरे घटनाक्रम को ग्राम प्रधान कमलेश झां पुत्र हरीराम झां द्वारा लोगों को पंचायत भवन में बुलाकर षड यंत्र कर अंजाम दिया गया है। पुलिस ने रोहित राय की तहरीर पर नामजद व कैमरे में कैद लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3), 191 (2), 191 (3), 126 (2), 333, 119 (1), 61 (2), 324 (5), 352 व आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 1932 की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

- आबकारी ठेकेदारों की तहरीर पर दर्जनों लोगों पर आपराधिक मामला दर्ज
- लोक व्यवस्था भंग कर शासन को राजस्व की हानि पहुंचाने के गंभीर आरोप

इधर शेख का कुआं महरौनी निवासी प्रदुम्न दुबे पुत्र प्रकाश दुबे ने पुलिस को तहरीर देकर अपराह्न 12 बजे उसकी खितवांस स्थित देशी शराब की दुकान में विक्रम पुत्र गोवर्द्धन, बलराम पुत्र हरिराम, निर्मल पुत्र मनीराम, सत्येन्द्र पुत्र रमाकांत, सुधीर पुत्र अमान, विनोद पुत्र बुद्धे, मुन्ना खां पुत्र बादल खां, गजराम पुत्र प्रेमचंद, संतोष पुत्र पुनु, फूलचन्द्र पुत्र खुशीलाल, अंकित पुत्र स्व.रामसिंह, राहुल पुत्र दीपचंद्र, जोधा पुत्र रामचंदे, नीलू पुत्र मनी, धरमू पुत्र धनू कुशवाहा, धनीराम पुत्र रामदीन, गुडडी पत्नी रामसिंह, भूरी पत्नी काशीराम अहिरवार, गीता पत्नी कलूटे, अंशुल पुत्र कौशल किशोर व अन्य कैमरे में कैद कई लोगों ने जबरन घुसकर सेल्समैन तिलक परिहार पुत्र बन्धुलाल व दुकान मालिक संजय पुत्र किलई के साथ मारपीट की। आरोप है कि उक्त लोगों ने दुकान में घुसकर दो-दो लाख रुपये की रंगदारी मांगते हुये मारपीट की और सीसीटीवी कैमरे तोड़कर, दुकान में रखी पैसों की पेटी तोड़ दी। इसके अलावा शराब की 200 पेटियां व 50 पेटी लाल देशी शराब की सड़क पर फेंकते हुये लाठियों से तोड़ दी, जिससे रोड जाम हो गयी। मौके पर आबकारी विभाग व पुलिस ने पहुंच कर लोगों को समझाया, जिसके बाद भी लोगों ने काफी समय बाद सड़क से जाम हटाया। इससे लोक व्यवस्था भंग हुयी और शासन को राजस्व की क्षति पहुंची। पुलिस ने प्रदुम्न दुबे की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3), 191 (2), 191 (3), 126 (2), 333, 119 (1), 61 (2), 324 (5), 352 व आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 1932 की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## यह नामजद लोग हुए गिरफ्तार

खितवांस में मंगलवार को देशी शराब और कम्पोजिट अंग्रेजी शराब की दुकान में घुसकर तोडफोड़, लूटपाट, रंगदारी मांगने के अलावा शासन को राजस्व की हानि पहुंचाने के मामले में पुलिस ने दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एफआईआर में नामजद सत्येन्द्र कुमार, विनोद, सुधीर, विक्रम, गजराज, निर्मल, बलराम, ग्राम प्रधान कमलेश झां, मुन्ना खा, किशोरी को हिरासत में लिया है। नामजदों को पकड ? वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक महरौनी राजा दिनेश सिंह, चैकी खितवांस प्रभारी उ.नि. साबिर अली शामिल रहे।

संक्षेप

## झांसी में सजेगा साहित्य का महाकुम्भ

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड की सांस्कृतिक चेतना और साहित्यिक विरासत को वैश्विक पटल पर नई पहचान देने के उद्देश्य से बुन्देलखण्ड लिटरेचर फेस्टिवल (बीएलएफ) का पांचवां संस्करण आगामी 06 से 08 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। झांसी के जनरल बिपिन रावत शहीद पार्क में आयोजित होने वाला यह तीन दिवसीय उत्सव कला, साहित्य, लोक संस्कृति, सिनेमा और पत्रकारिता के बहुआयामी संवाद का साक्षी बनेगा। बताया गया है कि फेस्टिवल का आगाज शुक्रवार को आचार्य अंशुल नायक द्वारा संपन्न कराए जाने वाले वैदिक मंगलाचरण से होगा। जानकारी अनुसार उद्घाटन सत्र में पद्मश्री मालिनी अवस्थी, दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन प्रो. बलराम पाणि, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय, झांसी मंडल आयुक्त बिमल कुमार दुबे और चर्चित पत्रकार ऋचा अनिरुद्ध बुन्देलखण्ड की सांस्कृतिक विरासत और भविष्य की दिशा पर अपने विचार साझा करेंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में पंचायत वेब सीरीज के अभिनेता फैजल मलिक, अभिनेत्री निधि बिष्ट, फिल्म निर्देशक तरुण डुडेजा और कास्टिंग डायरेक्टर अनमोल आहूजा डिजिटल युग की चुनौतियों और सिनेमा के बदलते स्वरूप पर संवाद करेंगे। इसके अलावा, पद्मश्री शोभना नारायण कथक की साधना और मूर्तिकार अभिषेक कुमार सिंह कला के विभिन्न आयामों को रेखांकित करेंगे।

## बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम जैरवारा में रहने वाले दौलत राम पुत्र बहोरे रजक ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 3 फरवरी को उसका भाई भैय्यन, भाभी फूलाबाई व भतीजा रतिराम मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एच. 0621 स्पेलेण्डर प्लस लेकर बबीना से तालबेहट आ रहे थे। वह जैसे ही टेकरी कट हाई-वे पर पहुंचे तो सामने से आ रही बस नं. यू.पी.93 बी.टी. 9989 वेतवन्ती के चालक ने तेजी व लापरवाही से बस चलाते हुये उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके भाई, भाभी व भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गये व बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उसके भाई भैय्यन को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं भाभी व भतीजे का उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी), 106 (1) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## एसपी ने एसआई को किया निलम्बित

**ललितपुर।** आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती पत्र के निस्तारण में पुरानी फोटो पोर्टल पर अपलोड कर देने के मामले को पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गंभीरता से लिया है। देर रात एसपी ने थाना बार में तैनात उप निरीक्षक राहुल कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुये विभागीय कार्यवाही प्रचलित करने के आदेश जारी किये है।

## यूजीसी खत्म करने को सवर्ण समाज 7 को देगा ज्ञापन

**बांदा।** अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिसर के मंडल अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने यूजीसी बिल पर रोक लगाए जाने पर सर्वोच्च न्यायालय का आभार जताया है। उन्होने कहा कि 7 फरवरी को सवर्ण समाज यूजीसी बिल खत्म करने के लिए जिलाधिकारी की मार्फत राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजेगा। उन्होने कहा कि सरकार आए दिन ऐसे कानून ला रही है जिससे देश के अंदर जातीय विद्वेष की भावना बलवती होकर वर्ग संघर्ष की ओर अग्रसर हो रही है। 13 जनवरी को यूजीसी जैसा कानून इसी बात का परिचायक है कि स्वर्ण समाज का टकराव अनेक बातों को लेकर ओबीसी, एससी व एसटी से होने की संभावनाएं बनी हुई हैं। सरकार को चाहिए कि इस तरह के कानून तत्काल प्रभाव से समाप्त करे। सरकार का नारा है, सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास, इसी तर्ज पर कानून पारित करें। अन्यथा आने वाले समय में सरकार को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में स्वर्ण समाज सबक सिखाने का काम करेगा। उन्होने प्रबुद्धजनों से अपील की है, कि वह अधिक से अधिक संख्या में 11 बजे जीआईसी मैदान में एकत्र होकर सरकार को अपनी ताकत का एहसास कराएं।

# साइबर अपराधों को लेकर पुलिस का जागरूकता अभियान



जिला संवाददाता

**बांदा।** जिले के सभी थानों में साइबर जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं व लोगों को साइबर क्राइम से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों, ओ.टी.पी. किसी व्यक्ति को साझा न करने, अनजान वीडियो कॉल रिसीव न करने, लॉटरी, ईनाम के कॉल, मैसेज के फ्रॉड होने की सम्भावना होने, अनजान व्यक्ति को यूपीआई पिन न बताने, किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर स्क्रीन शेयरिंग एप (एनी डेस्क, क्वीक सपोर्ट, टीमव्यूवर, स्क्रीन मिरर) अपने फोन में कभी भी इंस्टाल न करने तथा सोशल नेटवर्किंग साइट पर होने वाले फ्रॉड की जानकारी दी गयी। साइबर अपराध से तत्काल सुरक्षा व शिकायत दर्ज कराने के लिए साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930, साइबर फ्रॉड होने पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए गृह मंत्रालय भारत सरकार की वेवसाइट की भी जानकारी दी गयी। थाना पहुंचे लोगों को तत्काल शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया एवं जनपद में स्थित साइबर क्राइम पुलिस थाना व समस्त जनपदीय थाना स्तर पर बनी साइबर हेल्प डेस्क पर तुरन्त सम्पर्क कर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गयी। सभी प्रकार के साइबर अपराध व उनसे बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया। जानकारी दी गयी कि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सुरक्षित व सावधानी पूर्वक उपयोग करें व किसी के बहकावें में आकर अपनी फोटो व गोपनीय जानकारी कभी अनजान व्यक्ति से साझा न करें।

# मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम में डीएम ने महिला शक्ति को सबल बनाने पर दिया जोर

**ललितपुर।** बुधवार को मण्डल कार्यालय,पंजाब नैशनल बैंक, अग्रणी बैंक ललितपुर द्वारा कल्याण सिंह सभागार, ललितपुर में मेगा कृषि आउट रीच कार्यक्रम का आयोजन मण्डल प्रमुख राज कुमार की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी सत्यप्रकाश की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि महिला शक्ति को आर्थिक रूप से संबल बनाने के लिए इस तरह के आयोजन प्रत्येक ब्लाक स्तर पर भी बढ़ाना चाहिए और ग्रामीण स्तर भी इस तरह के आयोजन करके बैंकिंग सेवाओं की जानकारी बढाने के उपाए किए जाने चाहिए। समृद्ध नारी और किसान हमारे देश की विकसित अर्थव्यवस्था का प्रतीक है, तभी हम विकसित भारत की संकलपना को पूरा कर पाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने उपस्थित जन समूह को शिक्षा का महत्त्व बताते हुए कहा कि वे सभी लाभार्थियों के अपनी नई पीढी को आर्थिक रूप से शिक्षित करें। कृषि विज्ञान अनुसंधान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक मुकेश चंद ने कृषि आधारित योजनाओं की जानकारी दी और सभी उपस्थित नारी शक्ति का आह्वान किया कि वे अपने परिवार को सशक्त और संबल बनाएँ। मण्डल प्रमुख राजकुमार ने बैंक के विजन को बताते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य स्वयं सहायता समूह के माध्यम से हर उस नारी शक्ति को सशक्त बनाना है जो अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारकर अपने परिवार को सशक्त बनाना चाहती है और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कृषि या उससे जुड़ी गतिविधियों से जुड़कर अपनी समृद्धि के रास्ते खोलना चाहती है। हमारा बैंक हर कदम पर उसके साथ खड़ा है और उसको आर्थिक मदद करना चाहता है।



उप अंचल प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बैंक के विजन को साझा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन देश भर में किए जा रहे हैं। सरकार के विकसित भारत के लक्ष्य को तब तक पूरा नहीं किया जा सकता है जब तक हमारे देश का किसान और महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त न हों। मंडल प्रमुख ने बताया की आज के इस आयोजन में स्वयं सहायता समूह में 6 करोड़ से अधिक के 102 लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड में 673 ग्राहकों को लगभग 24 करोड़ के और किसान गोल्ड कार्ड में 176 लाभार्थियों को 12 करोड़ और पशुपालन के लिए 163 लाभार्थियों को लगभग 03 करोड़ के ऋण वितरित किए गए। इस आयोजन में सभी मुख्य अतिथि और प्रशासनिक अधिकारियों सहित मण्डल प्रमुख राजकुमार, उप मंडल प्रमुख धीरेन्द्र कुमार शशि, मुख्य प्रबन्धक कमलेश सरन, वरिष्ठ प्रबन्धक मुकेश पटेल, चित्रांशु और ललितपुर जिले की शाखाओं के शाखा प्रभारी, कृषि अधिकारी और सम्मानीय ग्राहक गण उपस्थित रहे।

## विशेष पुनरीक्षण कार्य की रोल प्रेक्षक ने की समीक्षा



**बांदा।** विशेष रोल प्रेक्षक-संयुक्त सचिव, नवीन और नवीनकरणीय, ऊर्जा मंत्रालय जेवीएन सुब्रमण्यम ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ पुर्नरीक्षण कार्य की समीक्षा की। उन्होने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अर्हता तिथि 1 जनवरी, 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ पुर्नरीक्षण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने विधानसभा निर्वाचक क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुर्नरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी सभी उप जिलाधिकारी, ईआरओ से प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। फार्म-6, 7 व 8 की जानकारी लेते हुए कार्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। जारी की गयी नोटिसों की गुणवत्ता के साथ सुनवाई कर निस्तारण करने, फार्म-6, 7 व 8 के साथ संलग्न किये जा रहे प्रपत्रों को आवश्यक रूप से चेक करते हुए संलग्न करने के निर्देश दिये। नोटिस की सुनवाई कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने एवं डाक्यूमेंटेशन को बेहतर रखे जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी-जिलाधिकारी जे. रीभा ने एसआईआर कार्य के संबंध में जानकारी दी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार धर्मेंद्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बांदा।** बबेरू कोतवाली के अछाह गांव में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। असित कुमार उर्फ कल्लू पुत्र भगवानदीन 27 रात में खेतों की तरफ गया था। जब वह घर वापस नही लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खेतों की तरफ देखने गये तो असित बबूल के पेड़ पर तहमक और गमछे के फंदे पर लटका मिला। परिजन तत्काल उसे नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये लेकिन डाक्टरों ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के बडे.भाई अमित ने बताया कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त रहता था, शायद इसी वजह से आत्महत्या की है। पत्नी की मौत 7 साल पहले हो चुकी है और उसकी एक पुत्री भी है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# कैंसर से जंग जीतने का सबसे आसान तरीका है जागरूकता और समय से इलाजः सीएमओ

**ललितपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर के सभागार में विश्व कैंसर दिवस के अवसर गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है। कैंसर का नाम सुनते ही घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अगर इसका पता शुरूआती स्टेज में चल जाए, तो इलाज मुमकिन है और मरीज पूरी तरह ठीक हो सकता है। उन्होंने बताया कि हमारे जिले में मुँह और गले के कैंसर के मामले ज्यादा देखने को मिलते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण गुटखा, खैनी, बीड़ी और सिगरेट का सेवन है। नोडल अधिकारी एन0सी0डी0 डॉ0 अमित तिवारी ने बताया कि अगर मुँह में कोई ऐसा छाला है जो दवा से ठीक नहीं हो रहा, या गले में कोई गांठ है, तो इसे नजरअंदाज न करें। यह कैंसर की शुरूआत हो सकती है। कार्यक्रम के दौरान पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना ने सलाह दी कि गुटखा, खैनी, बीड़ी और सिगरेट का सेवन न करें। जंक फूड न खाएं, रोजाना व्यायाम करें और अपने खाने में ताजा फल-सब्जियां शामिल करें। तेज धूप से बचें, गरम खाना कभी भी प्लास्टिक के डिब्बों में न रखें, शरीर में कोई भी गांठ, पुराना छाला या तिल का रंग बदलना नजर आए, तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। अगर परिवार में पहले किसी को कैंसर रहा है, तो अधिक सतर्क रहें और नियमित स्क्रीनिंग करवाएं। कैंसर की समय पर पहचान हो जाए, तो सही इलाज से कई प्रकार के कैंसर को कंट्रोल किया जा सकता है। जानकारी की कमी, डर और लापरवाही के कारण लोग देर से डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, जिससे बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। विश्व कैंसर दिवस इसी सोच को बदलने की कोशिश करता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने अपील की कि कैंसर से जंग जीतने का सबसे आसान तरीका है, जागरूकता और समय से इलाज। डर को छोड़ें, जांच के लिए आगे आएं। आपका स्वास्थ्य ही हमारी प्राथमिकता है। गोष्ठी के दौरान उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रामनरेश सोनी, डॉ0 अवधेश चन्द्र यादव, जिला प्रशासनिक अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, दीपक जैन एवं सी0एम0ओ0 कार्यालय के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पशु तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई को विहिप ने दिया ज्ञापन



**बांदा।** शहर में अवैध तरीके से चल रहे गूचड़खानें ध्वस्त करने और पशु तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई करने को लेकर विश्व हिन्दू परिषद ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिलाध्यक्ष प्रकाश चंद्र त्रिपाठी की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने बताया कि शहर के मोहल्ला बसंत बिहार पल्हरी रोड में पशु तस्करी का अड्डा चल रहा है। यहां से लोडर में भरकर पशुओं को अवैध रूप से कटने के लिए ले जाया जाता है। यहीं रेलवे लाइन के किनारे रब्बानिया नगर स्थित कमरे में भी पशुओं को काटा जाता है और मांस की सप्लाई की जाती है। संगठन को जब इस अवैध गूचड़खाने की जानकारी मिली तो संगठन के गौरक्षा विभाग ने गौ संरक्षकों तथा स्थानीय पुलिस को साथ लेकर गूचड़खाने का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां पिकअप वैन, यूपी 35 टी 6531 हड्डियों से लदी मिली। जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर मंडी समिति पुलिस चैकी में खड़ी कराया है। संगठन ने आशंका जताई कि पिकअप वैन में मिली हड्डियां और अवैध गूचड़खाने में मिली खाल गाय और बछड़े की है। इसकी फॉरेंसिक जांच आवश्यक है। विश्व हिन्दू परिषद ने जिलाधिकारी से बसंत बिहार मोहल्ले में हो रही पशु तस्करी को बंद कराने तथा रेलवे लाइन किनारे बने अवैध गूचड़खाने को ध्वस्त कराकर पशु तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। संगठन का कहना है कि प्रभावी कार्रवाई न होने पर आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में अंकित पांडेय, बुद्धराज सिंह एडवोकेट, विकास कुमार गुप्ता व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कैंसर की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाए तो इसका सफल उपचार संभवः डॉ. सौरभ

ललितपुर। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में का शुभारंभ पहलवान गुरुदीन कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस में ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. सौरव यादव प्राचार्या डॉ. आंचल यादव, उपप्राचार्य संस्कार यादव द्वारा किया गया। ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर सौरव यादव द्वारा बताया गया कि नर्सिंग एवं स्वास्थ्यकर्मी केवल उपचारकर्ता ही नहीं, बल्कि समाज के मार्गदर्शक होते हैं। आपकी एक सही सलाह किसी के जीवन को बचा सकती है। यदि कैंसर की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाए तो इसका सफल उपचार संभव है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, नशामुक्त जीवनशैली तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कैंसर से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

डॉ. आंचल यादव द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कैंसर से लड़ाई केवल मरीज की नहीं होती, बल्कि पूरे समाज की होती है। सहानुभूति, सही जानकारी और समय पर उपचार से हम इस बीमारी को हराने में सफल हो सकते हैं।

संस्था द्वारा सभी छात्र छात्राओं से अपील की गई कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और कैंसर के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करें। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग ट्यूटर आनंद कुमार, नर्सिंग ट्यूटर आनंद यादव, नर्सिंग ट्यूटर कर्णप्रिया मांझी, नर्सिंग ट्यूटर वंदना सेन, नर्सिंग ट्यूटर वर्जीनिया इस्यास, नर्सिंग ट्यूटर ज्योति निरंजन, कंप्यूटर शिक्षक रूपचंद अहिरवार, सुश्री इशिका राजपूत, सुश्री संजना गायकवाड़, जगत झा एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग ट्यूटर वर्जीनिया इस्यास ने किया।

# वोट काटे जाने को लेकर सपा ने ज्ञापन देकर जताया रोष

- भाजपा कार्यकताओं पर लगाए फार्म नंबर 7 भरकर मतदाता सूची से वोट कटवाने के आरोप
- कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी कर किया प्रदर्शन
- कार्रवाई किए जाने की उठाई मांग, आन्दोलन की दी चेतावनी

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम सत्यप्रकाश के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर कर कई बूथों पर फार्म सात (मतदाता सूची से नाम हटाने का प्रारूप) के माध्यम से लोगों का नाम कटवाने की साजिश का पदार्फाश किया। उन्होंने नाम काटे जाने के संबंध में कई साक्ष्य भी प्रस्तुत किए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के इशारे पर चिन्हित बूथों पर फार्म सात भेजा गया हैं। इसके बाद भाजपा के लोग साजिस के तहत बीएलओ पर नाम काटने का दबाव बना रहे हैं। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने बताया कि भाजपा के मंडल और बूथ अध्यक्ष बीएलओं को देकर लोगों का नाम काटने का दबाव बना रहे हैं। उन्होने दावा किया कि सपा कार्यकताओं ने कई बूथों पर गड़बड़ी को पकड़ लिया हैं समाजवादी पार्टी ने दावा किया कि ललितपुर विधानसभा के बूथ नंबर 492 सेंट्रल पब्लिक स्कूल आजादपुरा, बूथ नंबर 430, 431, 432, 433, 434 नदीपुरा, बूथ नंबर 523, 524, 525, 526 नेहरू नगर सहित पूरे जनपद में विभिन्न बूथों पर बनाए हुए वोटरों के



जिन्होंने अभी एस आई आर प्रक्रिया पूरी की है। उनके फार्म नंबर 7 भरकर बीएलओ के पास जमाकर बीजेपी के कार्यकताओं द्वारा वोट काटने का दबाव बनाया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में भारी आक्रोश है, साथ ही वोटर मानसिक दबाव में भी है। सपा कार्यकताओं ने इस प्रकरण का पदार्फाश कर दिया। उन्होने दावा किया कि वोटरों के नाम मतदाता सूची से बाहर करने की साजिश चल रही हैं। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नेताओं के इशारे पर यह काम किया जा हैं। ललितपुर विधानसभा के अलावा उन्होंने महरौनी विधानसभा के बूथों में भी गड़बड़ी करने का मुद्दा उठाया। समाजवादी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले का संज्ञान नहीं लिया गया तो पार्टी विशाल धरना प्रदर्शन करते हुए आंदोलन को बाध्य होगी। इस दौरान पूर्व महिला सभा जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, प्रदेश सचिव गीता मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, आशीष चैबे सहित अनेक सपा नेता मौजूद रहे।

## जनसुनवाई का मतलब पीड़ित महिलाओं को मिले त्वरित न्याय



ललितपुर। बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती अर्चना पटेल ने सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के लिए महिला जनसुनवाई कर अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने जनसुनवाई करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिला जनसुनवाई का आयोजन इसीलिए किया जाता है कि पीढ़ित महिलाओं को त्वरित न्याय मिले और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जानकारी हो सके। उन्होंने कहा कि यदि पिछली जनसुनवाई में आये शिकायतकर्ता पुनः जनसुनवाई में आते हैं तो इससे जाहिर होता है कि अधिकारी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं कर रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आज जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनका निस्तारण अगली जनसुनवाई तक हो जाना चाहिए, यदि शिकायतें लम्बित रहती हैं तो सम्बंधित अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार होंगे। आज कुल 18 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर अवगत कराने के निर्देश दिये गए हैंइस अवसर पर उप जिलाधिकारी भूपेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बीएनएसएस की धारा 163 को किया प्रभावी

**ललितपुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट ने अवगत कराया कि आगामी 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि, 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, परीक्षायें, 02 मार्च को होली, 04 मार्च को भाई दोज, 21 मार्च को ईद-उल-फितर, 26 मार्च को रामनवमी एवं 31 मार्च को महावीर जयन्ती आदि त्यौहार हैं। कुछ अवांछनीय तत्वों द्वारा सामाजिक सद्भाव एवं शौहार्दपूर्ण वातावरण पर कुप्रभाव डालने का प्रयास किया जा सकता है तथा शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। इसलिए अपर जिला मजिस्ट्रेट अंकुर श्रीवास्तव ने 4 फरवरी से 31 मार्च 2026 तक के लिए बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। उक्त प्रतिबंधात्मक आदेश विशेष परिस्थितियों में अधोहस्ताक्षरी/उप जिला मजिस्ट्रेट, ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, पाली, मड़ावरा द्वारा अनुमति दिये जाने पर उस सीमा तक शिथिल होंगे, जिस सीमा तक अनुमति दी जायेगी। उक्त आदेश, लागू करने की तिथि से प्रभावी होगा।

# निर्यात बढ़ाने का मौका

धैर्य और विवेक के साथ किसी भी मुद्दे पर आगे बढ़ा जाये तो उससे बेहतर परिणाम मिलते ही हैं। यही बात भारत और अमरीका के ट्रेड डील के संदर्भ में भी लागू होती है। ईयू-इंडिया डील पर भी लागू होती है। क्योंकि अमरीका के साथ ट्रेड डील बड़ी चुनौती थी लेकिन ईयू के साथ भी कम जटिल नहीं थी। ईयू के साथ 20 साल से व्यापार वार्ता चल रही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने भी यही बात कही है। सोमवार को भारतीय समयानुसार देर शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने एक घोषणा में कहा कि दोनों पक्ष तत्काल प्रभाव से एक व्यापार समझौते के लिए तैयार हो गए हैं। इसके अंतर्गत अमेरिका अपने जवाबी शुल्क को 25 फीसदी से कम करके 18 फीसदी करेगा। वास्तव में राहत इससे कहीं अधिक है और यह शेयर बाजार में भी नजर आया जहां बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 2.5 फीसदी बढ़ गया। 25 फीसदी के तथाकथित जवाबी शुल्क के अलावा अमेरिका ने भारत पर 25 फीसदी का और दंडात्मक शुल्क लगाया था क्योंकि भारत रूस से कच्चे तेल का आयात कर रहा था। इससे भारतीय निर्यातकों को काफी नुकसान हो रहा था। ऐतिहासिक संदर्भों में देखा जाये तो 18 फीसदी की कर दर भी अधिक है लेकिन भारत को वियतनाम और बांग्लादेश जैसे देशों पर शुल्क के मामले में 1-2 फीसदी की बढ़त हासिल हो गई है। यह बहुत बड़ी राहत की बात है कि दोनों पक्ष समझौते पर सहमत हो गये। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि आखिर कौन सी बात ने ट्रंप को अपना मन बदलने पर विवश किया। सरकार ने कहा है कि संवेदन शील क्षेत्रों के हितों की रक्षा की गई है। भारतीय पक्ष निरंतर अमेरिकी प्रशासन के साथ समझौते के लिए प्रयासरत था। सोमवार को ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ईंधन, तकनीक, कोयला तथा अन्य वस्तुओं के साथ ही अतिरिक्त अमेरिकी चीजें खरीदने को राजी हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने रूस से तेल खरीदारी बंद करने पर सहमति जताई है, जिससे यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, भारत अमेरिका से आयात पर शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को शून्य करने की दिशा में भी आगे बढ़ेगा। हालांकि इस मोर्चे पर और अधिक स्पष्टता की आवश्यकता है। लेकिन यहां कुछ बिंदु उल्लेखनीय हैं। भारत को अमेरिका में कहीं अधिक शुल्क का सामना करना पड़ा, जिससे सरकार और निर्यातकों ने अन्य बाजारों में विविधीकरण के लिए सक्रिय प्रयाय किये हैं। सरकार ने अन्य व्यापारिक साझेदारों के साथ व्यवहार में अधिक खुलापन भी दिखाया, जिससे यूरोपीय संघ के साथ व्यापार वार्ताओं को सफलतापूर्वक पूरा करने में मदद मिली। घरेलू मोर्चे पर भी सुधारों की नई पहल दिखाई दी। जीएसटी सुधार इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। बीते साल सितम्बर में जीएसटी सुधारों को लागू करके देश में खपत बढ़ाने का प्रयास किया गया और इसका बहुत ही सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त हुआ। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि सुधारों कि प्रक्रिया जारी रहे और सुधारों का दायरा और विस्तृत किया जाये। भारत को यूरोपीय बाजारों में अधिक प्रासंगिक बनने और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते तथा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का पूरा लाभ उठाने के लिए तैयार होना होगा। अमेरिका के साथ हुआ समझौता, विशेषकर श्रम-प्रधान क्षेत्रों में बाजार हिस्सेदारी वापस पाने में मदद करने के अलावा, पूंजी खाते पर भी राहत प्रदान करेगा। व्यापार मोर्चे पर अनिश्चितता पूंजी प्रवाह को प्रभावित कर रही थी। उदाहरण के लिए, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 2025 में लगभग 19 अरब डॉलर के शेयर बेचे, और इस वर्ष भी बिकवाली का दबाव जारी रहा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली ने रुपये पर काफी दबाव डाला। चूंकि अब भारत का अमेरिका के साथ समझौता हो गया है, उम्मीद है कि प्रवाह की दिशा पलटेगी। यह प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने में भी मदद करेगा। भारत पर फिर से उन बड़ी वैश्विक कंपनियों का ध्यान बढ़ेगा जो चीन से हटकर विविधीकरण करना चाहती हैं। इसलिए अब भारत को बहुत सावधानी से आगे बढ़ना है और व्यापार समझौतों का लाभ उठाकर एफडीआई लाने, विनिर्माण बढ़ाने और घरेलू उत्पादों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाने की पहल करनी चाहिए।




**व्यापार समझौतों का फायदा उठाने के लिए जरूरी है कि कंपनियां उत्पादों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनायें।**

# देश में सफल हो रहे कैंसर के इलाज


अरविन्द जयतिलक

**कैंसर विशेषज्ञों का कहना है कि कैंसर के 90 फीसद से ज्यादा मरीजों का फर्स्ट स्टेज में इलाज हो सकता है। लेकिन इस कैंसर के प्रथम स्टेज पर आमतौर पर लोगों को बीमारी की भनक नहीं लगती है। जब बीमारी तीसरी-चौथे स्टेज पर पहुंच जाती है तो इलाज कठिन हो जाता है। इसलिए कैंसर से प्रभावी बचाव के लिए जांच सुविधाओं को बढ़ाने और सस्ता बनाने की जरूरत है।**



दुनिया भर के वैज्ञानिक कैंसर का प्रभावी इलाज खोजने के लिए लगातार शोध कर रहे हैं। उसी का नतीजा है कि आज कीमोथेरेपी के अलावा कई ऐसे उपचार तैयार कर लिए गए हैं जिससे कैंसर को मात देने में सफलता मिल रही है। आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले चार दशकों में कैंसर से उबरने वाले लोगों की संख्या में दो गुना इजाफा हुआ है। गत वर्ष यूनिवर्सिटी ऑफ जेनेवा और स्विट्जरलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ बासेल के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा डिजायनर वायरस तैयार किया है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को अधिक सक्रिय कर कैंसर के प्रोटीन को खत्म कर रहा है। उधर, लंदन के इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर रिसर्च के वैज्ञानिकों ने भी अंडाशय कैंसर के लिए प्रभावी दवा तैयार करने का दावा किया है। आंकड़ों पर गौर करें तो 1991 से अब तक कैंसर से मृत्यु दर में जकरीबन 23 प्रतिशत गिरावट दर्ज हुई है। आज 3.2 करोड़ लोग कैंसर को मात देकर जीवन जी रहे हैं। भारत की बात करें तो यहां सालाना होने वाली कुल मौतों में से तकरीबन 6 फीसदी यानि 3.5 लाख लोगों की मौत कैंसर से होती है। यह दुनिया भर में कैंसर से होने वाली कुल मौतों का 8 फीसद है। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक देश में हर रोज 13000 लोगों की मौत कैंसर से होती है। राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के मुताबिक वर्ष 2020 में तकरीबन 14 लाख लोगों की मौत कैंसर से हुई। इसके मरीजों की संख्या में प्रतिवर्ष 12.8 फीसद की बढ़ोत्तरी हो रही है। एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 2025 में यह बीमारी 15 लाख से अधिक लोगों की जिंदगी खत्म की।

भारत के संदर्भ में कैंसर की प्रमुख वजहों पर नजर दौड़ाएं तो इसके लिए मुख्य रुप से अशिक्षा, कुपोषण, गरीबी, कम उम्र में विवाह, महिलाओं का बार-बार गर्भवती होना और खराब सेहत जिम्मेदार है। अगर इस दिशा में सुधार के कदम उठाएं जाए तो परिणाम बेहतर हो सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कैंसर के उपचार के विकल्प को मात्र तीन तरीके से पाटा जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले वैश्विक समुदाय को विकासशील देशों में कैंसर की जांच के लिए कार्यक्रम चलाने में मदद देनी चाहिए। इसके तहत रेडियोथेरेपी मशीनें उपलब्ध कराने के साथ ही भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना की तरह आम लोगों के लिए बुनियादी स्वास्थ्य बीमा को अपनाने का बढ़ावा दिया जाना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हर साल कैंसर के उपचार में पूरी दुनिया में 320 अरब डॉलर का निवेश किया जाए तो कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या आधी हो जाएगी।

स्वास्थ्य

अगर सर्वाइकल व स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाएं समय रहते पपानीकोलाउ (पैप) स्मीयर और मैमोग्राम स्क्रीनिंग टेस्ट कराकर तुरंत इलाज कराएं तो इस भयंकर बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। आईएआरसी के मुताबिक बेहतर उपचार होने की स्थिति में बचने वाले पांच मरीजों में से चार विकासशील देशों के होंगे। लेकिन विडंबना है कि कैंसर पीड़ित मरीजों विशेषकर महिलाओं में इस भयावह बीमारी को लेकर जागरुकता का घोर अभाव है। जागरुकता के लिए साल 2016-18 के दौरान 'वी कैन, आई कैन' की थीम निर्धारित किया गया। इसका मकसद प्रत्येक व्यक्ति के सामूहिक व व्यक्तिगत स्तर पर वैश्विक रुप से कैंसर की रोकथाम की दिशा में प्रयास करना था।

इस थीम के तहत लोगों को अपनी जीवनशैली को स्वस्थ रखकर तथा परिवार एवं समुदाय को इसके प्रति जागरुक रखकर कैंसर की रोकथाम और उससे बचाव की दिशा में जागरुक किया गया। यह इसलिए भी आवश्यक है कि अमेरिकन कैंसर सोसायटी और प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल लैंसेट द्वारा गत वर्ष खुलासा किया गया कि 2030 तक कैंसर से होने वाली मौतों में 60 फीसद का इजाफा होगा और सालाना 55 लाख महिलाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ सकता है। दरअसल विशेषज्ञों ने शोध में पाया कि वर्तमान समय में दुनिया की प्रत्येक 7 महिलाओं की मौतों में एक की मौत कैंसर से हो रही है। एक अन्य शोध से भी उद्घाटित हो चुका है कि 2030 तक सर्वाइकल (बच्चेदानी का मुंह) कैंसर से पीडित महिलाओं की संख्या में 25 फीसद का इजाफा होगा। उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में सर्वाइकल कैंसर की चपेट में आकर हर साल दुनिया में तकरीबन 2 लाख 75 हजार महिलाओं की मौत हो रही है।

आंकड़ों पर गौर करें तो सर्वाइकल कैंसर के कारण दम तोड़ने वाली महिलाओं की 85 फीसदी आबादी केवल विकासशील देशों से है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो कैंसर से सर्वाधिक लोगों की मौत अफ्रीका, एशिया और दक्षिण अमेरिका में रहने वाले लोगों की होती है। कैंसर के कारण मरने वाले 70 फीसद से अधिक लोग इन्हीं तीन महाद्वीपों के होते हैं। चिंता की बात यह भी कि कैंसर से पीड़ित महिलाओं के सर्वाधिक मामले भी गरीब देशों में ही देखे जा रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक महिलाओं के कैंसर के मामलों में 56 से 64 फीसद मौतें गरीब देशों में होती है। उल्लेखनीय तथ्य यह कि गरीब देशों में कैंसर से होने वाली कुल मौतों में दो तिहाई स्तन कैंसर और 10 में से 9 सर्वाइकल कैंसर से होती है। शोधकताओं की मानें तो तेजी से होते आर्थिक बदलाव से बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता, असंतुलित खुराक, मोटापा और प्रजनन कारकों के चलते गरीब देशों में कैंसर पीड़ित महिलाओं की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। अगर नियमित शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा दिया जाए तो इससे शरीर संतुलित रहेगा और एक तिहाई कैंसर के मामले रोके जा सकते हैं। 'इंडस हेल्थ प्लस' की रिपोर्ट की मानें तो शहरों में बढ़ते हुए मोटापे के कारण 10 से 12 फीसद जनसंख्या पेट के कैंसर के जोखिम के दायरे में आ गयी है। 25 से 30 वर्ष के आयु वर्ग की 17 फीसद जनसंख्या में धुम्रपान एवं तंबाकू के सेवन के कारण मुख एवं फेफड़े के कैंसर का उच्च स्तरीय खतरा बन गया है। चिकित्सकों का कहना है कि एक तिहाई से ज्यादा कैंसर तंबाकू या उससे बने उत्पादों के सेवन की देन है जबकि एक तिहाई खान-पान व रहन-सहन या दूसरे कारणों हो होते हैं। जहां तक महिलाओं द्वारा तंबाकू का सेवन का सवाल है तो इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। महिलाओं को तंबाकू के सेवन से बचना चाहिए क्योंकि उनका शरीर तंबाकू के प्रति उच्च संवेदनशील होता है। तंबाकू के सेवन से उनमें सर्वाइकल कैंसर का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। तंबाकू के सेवन के अलावा घर व बाहर का वायु प्रदूषण भी कैंसर के बढ़ते खतरे का शबब बनता जा रहा है। भारत में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 35 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के लोग विभिन्न प्रकार के कैंसर के जोखिम के दायरे में आ रहे हैं जिसके लिए काफी हद तक वायु प्रदुषण भी जिम्मेदार है। वाहन एवं उद्योगों से निकलने वाले जहरीले धुंए से होने वाले प्रदूषण के कारण पिछले वर्ष फेफड़े के कैंसर मामले में 5 से 6 फीसद की वृद्धि हुई है। दक्षिण पूर्व एशिया में यह समस्या ज्यादा विकट है। वर्तमान समय में विश्व के शीर्ष 20 प्रदूषित शहरों में 14 दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र से हैं। हालांकि विश्व कैंसर दिवस के संस्थापक ह्ययूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल का दावा है कि विकासशील देश में फैली कैंसर की बीमारी उपचार के विकल्प की कमियों का नमूना भर है। यूनियन का कहना है कि अगर 'एचपीवी टीका' को कैंसर के मरीजों के बीच अच्छी तरह वितरित किया जाए तो सर्वाइकल कैंसर को समाप्त किया जा सकता है। लेकिन सच्चाई यह है कि विकासशील देशों की इस टीके तक पहुंच ही नहीं है जिसके कारण कैंसर पीड़ितों की मौत का सिलसिला बढ़ता जा रहा है।

## सोशल मीडिया


महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं एक सोच हैं, वह सोच जिसे कभी एक साम्राज्य ने, कभी नफरती विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की कोशिश की। राहुल गांधी


पश्चिम बंगाल में एस.आई.आर. के नाम पर लोगों के वोट काटे जा रहे हैं, हमे लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़ने से कोई आपत्ति नहीं है, आपत्ति नाम काटने को लेकर है। ममता बनर्जी.


भारत-अमरीका में हुए महत्वपूर्ण ट्रेड डील के लिए एनडीए संसदीय दल की बैठक में सभी सांसदों ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का अभिनन्दन कर बधाई दी। जेपी नड्डा.

# रचनात्मक उपयोग

कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी, काम भी बुरी बात नहीं है। बुरा केवल काम का दुरुपयोग है। दुरुपयोग करने से तो अमृत भी विष बन सकता है।

अंतर्दृष्टि

# व्हाट्सएप बिन कैसे रहूं!

व्यंग्यलोक

सभी सरकारी ऑफिसर अपना ऑफिस इसी व्हाट्सएप पर सजाते हैं। तरह-तरह के सरकारी ग्रुप व्हाट्सएप पर सरकार का झुनझुना बजाते हैं। ग्रुप के भीतर ग्रुप! ग्रुप के बाहर ग्रुप! ग्रुप के अंदर ग्रुप! ग्रुप ही ग्रुप! टीचर व्हाट्सएप ग्रुप पर पढ़ा रहा है और विद्यार्थी ग्रुप में कहीं ओर पार्टी मना रहा है। अफसर व्हाट्सएप पर कुरकुरी रिश्वत खा रहा है और नेता व्हाट्सएप से कुर्सी पर नजरें जमा रहा है। सभी सरकारी कार्यालय व्हाट्सएप पर जारी है और प्रेमी-प्रेमिका को व्हाट्सएप की बीमारी है। व्हाट्सएप के मालिक फेसबुक को प्रणाम करता हूं। पीर-पंडित गण गला फाड़ रहे हैं- कराग्रे वसति व्हाट्सएपा, कर मध्ये फेसबुकाया। कर मूले ट्विटरो, हस्त बंधने मोबाइलाया। तेल की कीमतें कितनी ही ऊपर आसमान चढ़ा दो पर व्हाट्सएप मत छीनना। कोरोना में कितनी ही लाशों को श्मशान पहुंचा दो मगर व्हाट्सएप मत छीनना। शेर और बकरी एक ही तालाब पर पानी पीते हैं, तालाब का नाम है व्हाट्सएप! नेता और डाकू अपना सम्मेलन एक साथ करते हैं, जगह का नाम है व्हाट्सएप! चोर और साहूकार एक जगह मंडी लगाए बैठे हैं, मंडी सजी है व्हाट्सएप! अगर कोई सरकार व्हाट्सएप बंद कर दे तो सरकार उसी क्षण गिर जाएगी। अगर कोई प्रेमी व्हाट्सएप बंद कर दे तो प्रेमिका उसी क्षण मर जाएगी। हलवाई व्हाट्सएप न खोले तो उसके पकोड़े हवा हो जाएंगे। व्हाट्सएप टचिंग से हॉस्पिटल के सारे पत्थर दवा हो जाएंगे। काकी व्हाट्सएप पर चूड़ियां खनका रही हैं और भैंस लिपस्टिक की नई शेड व्हाट्सएप पर चिपका रही है। सारे देवता व्हाट्सएप पर फूलों की बरसात कर रहे हैं और सारे पीर-पैगंबर व्हाट्सएप पर प्रेम गीत गा रहे हैं। हे व्हाट्सएप देव! प्लीज! ऐसे धोखा मत देना! सकल पदारथ है जग माहीं, बिन व्हाट्सएप कछु पावत नाहीं! व्हाट्सएप बिना चैन कहां रे! सोना नहीं, चांदी नहीं, व्हाट्सएप तो मिला! अरे व्हाट्सएप कर दे! कब्रिस्तान में भूतों को व्हाट्सएप न मिले तो वे खफा हो जाएंगे। व्हाट्सएप बिना कवि सारी कविताएं भूलकर मूंगफली बेचने के धंधे में उतर जाएंगे। व्हाट्सएप बिना सारे बादल बिन बरसात किए यूं ही छितर जाएंगे। गुड्डू को नाश्ते में, अफसर को लंच में और बीवी को डिनर में सिर्फ व्हाट्सएप चाहिए! जरिए व्हाट्सएप खनखनाती गर्मी में सावन की बरसात लाइए। चादर ओढ़ रात ढाई बजे जापानी कन्या संग प्रेम गीत गाइए! हो गई सुबह तो बाबा कोरोना के लाइव दर्शन पाइए। डिजिटली घंटे घड़ियाल बजाइए! मुझे बहुत डर लग रहा है। हे व्हाट्सएप देव! अगर किसी रात आप बंद हो गए तो हमारी सरकार का क्या होगा? हमारे कामकाज का क्या होगा? हमारी प्रेमिकाओं को क्या होगा?


रामविलास जॉगिड़

# इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर


प्रतिबिंब

जलवायु परिवर्तन का संकट अब हर दिन महसूस किया जा रहा है। बीती अप्रैल, मई, जून में जो भीषण गर्मी पड़ी उसे भूलना कठिन है। उत्तर भारत में सर्दी का महीना सिमट रहा है और गर्मी के दिन बढ़ते चले जा रहे हैं। सर्दी के दिन सीमित होते जा रहे हैं और गर्मी अब सिर्फ चार महीने तक ही सीमित नहीं रह गयी है बल्कि मार्च से अक्टूबर तक पूरे आठ महीने गर्मी पड़ती है और चार-पांच महीना तो भीषण गर्मी रहती है। ठंडी का आलम यह है कि इसकी अवधि घट रही है।

जलवायु परिवर्तन का यह संकट मानव अस्तित्व के लिए दिनोंदिन घातक होता जा रहा है। इस संकट को टालने का एक ही तरीका है कि इको-फ्रेंडली परिवहन प्रणाली को बढ़ावा दिया जाये, जीवाश्म ईंधन के बजाय रिन्यूबल एनर्जी की तरफ बढ़ा जाये और हमारी दिनचर्या इस तरह से हो कि प्रकृति और पर्यावरण को किसी भी तरह नुकसान न पहुंचे। सरकार इस दिशा में कोशिश कर भी रही है, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दे रही है, सोलर और विंड एनर्जी में भी तेज काम हो रहा है। इससे कॉर्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगेगा। लेकिन इस दिशा में संतुलित प्रयास की जरूरत है। सोलर एनर्जी में ठीक-ठाक प्रगति हो रही है, सड़कों पर इलेक्ट्रिक वाहन भी दिखने लगे हैं लेकिन अभी ईवी इन्फ्रा को विकसित करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो रही है। चार्जिंग स्टेशन, बैटरी स्वैपिंग स्टेशन आदि की कमी के कारण इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोग कम आकर्षित हो रहे हैं। इनका महंगा होना भी इसके विकास में बड़ी बाधा है। शून्य उत्सर्जन लक्ष्य की तरफ अग्रसर दुनियाभर की सरकारें ईवी30/30 अभियान पर जोर दे रही हैं, जिसका मतलब है कि 2030 तक देश में चलने वाले कम से कम 30 प्रतिशत वाहन, इलेक्ट्रिक हों। अपनी सरकार का इरादा भी यही है। सरकार चाहती है कि 2030 तक देश की सड़कों पर 80 फीसदी दुपहिया, तिपहिया और 70 प्रतिशत सार्वजनिक वाहन बिजली से चलें। फिलहाल देश में बिजली से चलने वाली गाडियों की हिस्सेदारी बहुत कम है। ऐसे में यह लक्ष्य बहुत दूर लगता है। पिछले पांच वर्षों में ईवी की बिक्री बढ़ी है। सरकारी प्रयासों और जन जागरूकता तथा कतिपय अन्य कारणों से इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में कुछ सुधार हुआ है लेकिन अभी भी जिस गति ईवी का विकास होना चाहिए नहीं हो रहा है। चार्जिंग स्टेशन की कमी, बैटरी स्वेपिंग की सुविधा न होने, महंगे होने आदि कारणों से लोग ईवी खरीदने से बच रहे हैं। इसके लिए सरकार को गंभीरता से पहल करनी होगी। आज जिस तरह शहरों में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है, तेल आयात की लागत बढ़ रहे हैं और कॉर्बन उत्सर्जन बेकाबू है, उसे देखते हुए ईवी को लेकर सरकार को और अधिक प्रयास करने होंगे। इसके लिए सरकार को ईवी पर सब्सिडी देने, टैक्स कम करने के साथ फ्री रजिस्ट्रेशन, समेत तमाम सुविधाओं के साथ आक्रामक अभियान चलाये, कंपनियां वाहनों के दाम कुछ नीचे लाएं तो संभव है, इसमें और तेजी आये।

जीवाश्म ईंधन पर्यावरण के लिए, हमारे स्वास्थ्य के लिए और भारत की समृद्धि के लिए ठीक नहीं हैं। वाहनों के ईंधन के लिए देश में कच्चे तेल का आयात जिस तरह बढ़ रहा है, उस दर से 2030 तक यह दोगुना से अधिक 90 बिलियन डॉलर हो जाएगा जबकि बैटरी की लागत पिछले दस सालों में 800 डॉलर प्रति किलोवाट घंटे से घटकर 135 डॉलर प्रति किलोवाट घंटे हो गई है। तो न सिर्फ पर्यावरण और प्रकृति के लिये बल्कि चार्जिंग स्टेशनों की बढ़ोतरी आर्थिक मजबूरी भी है। ग्रांट थॉर्नटन भारत-फिक्की की रिपोर्ट के अनुसार, 2026 तक सड़कों पर आने वाले 2 मिलियन ईवी की चार्जिंग के लिए भारत को लगभग चार लाख चार्जिंग स्टेशनों की आवश्यकता है। फिलहाल अभी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या कुछ हजार ही है। उम्मीद है कि 2027 तक यह एक लाख हो जायेगी। लेकिन अगर 2027 तक अगर 1 करोड़ इलेक्ट्रिक वाहन देश की सड़कों पर होंगे, तब यह संख्या अपर्याप्त होगी। इसलिए ईवी पर सब्सिडी, टैक्स कटौती कर सस्ता करने के साथ ही सरकार को चार्जिंग स्टेशन और बैटरी स्वैपिंग सुविधा पर गंभीरता से फोकस करना चाहिए ताकि सार्वजनिक के साथ ही शहरी परिवहन में अधिक से अधिक ईवी का इस्तेमाल हो।

**वीओएल.**

## विचार

जिसकी हम अभिलाषा करते हैं और जिसकी सिद्धि के लिए संपूर्ण अंतःकरण से प्रयत्न करते हैं, तो उसकी प्राप्ति हमें अवश्य होती है।

–स्वेट मॉर्डन.

यदि मनुष्य को पता लग जाये कि ईर्ष्या का फल कैसा होता है तो वह निश्चिय ही राजा शिवि के समान अपने अंग काटकर दे देगा।

–गौतम बुद्ध.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वैष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सामाने हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

उन्नति चाहने वाले व्यक्ति को निंदा, भय, क्रोध, आलस्य और दीर्घसूत्रता–ये अवगुण त्याग देने चाहिए।

–हितोपदेश.

## आपकी बात

### स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

### रोजगार के अवसर

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी है कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़े। ऐसे में यह जरूरी है कि जब भी कोरोना का संकट खत्म हो तो रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए। तकनीकी के इस युग में लगातार रोजगार के मौके घट रहे हैं। जो युवा तकनीक में दक्ष नहीं हैं उनके लिए अपना रोजगार बचाना कठिन हो गया है। इसलिए सरकार को तकनीकी दक्षता के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षण अभियान चलाना चाहिए ताकि लोगों को तकनीक फ्रेंडली बनाकर उनकी कुशलता को बढ़ाया जा सके।

**कृष्ण मोहन शुक्ला, गोण्डा.**

संक्षेप

## हज यात्रियों के टीकाकरण के लिए स्थान व तिथि निर्धारित

**बहराइच।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि हज यात्रा 2026 के लिए चयनित यात्रियों के मेडिकल स्क्रीनिंग, मेडिकल एक्जामिनेशन एवं वैक्सीनेशन के लिए 18 फरवरी 2026 तक की तिथि निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि 07 फरवरी को मदरसा दारूल उलूम मसूदिया मिस्बाहिया सलारगंज बहराइच, 09 को मदरसा उस्मानिया इस्लामिक स्कूल कैसरगंज व मदरसा अलजामेतुन नूरिया ऐनी इस्लामिक कैसरगंज 11 को मदरसा दारूल उलूमकादरिया बेलदारन टोला नानपारा व 12 फरवरी को मदरसा जामिया अरबिया मसूदिया नुरूल उलूम, काजीपुरा बहराइच में मेडिकल स्क्रीनिंग, मेडिकल एक्जामिनेशन, वैक्सीनेशन एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है।

मो. खालिद ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई द्वारा मोहम्मद एहसानुर्रहमान मो.न. 9721861702 को प्रशिक्षक नामित किया गया है।

# हिन्दू सम्मेलन में सामाजिक एकता पर दिया गया जोर

जिला संवाददाता




**अयोध्या।** हिन्दू समाज की एकता, सामाजिक समरसता और स्वाभिमान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अयोध्या में विराट हिन्दू सम्मेलन एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कौशलपुरी

- संघ शताब्दी वर्ष में व्यापक जनसंपर्क का लक्ष्य, समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता

कॉलोनी स्थित सुरेन्द्र लॉन में संपन्न हुआ, जिसमें संत समाज, धमार्चार्य, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की।सम्मेलन में लक्ष्मण किला पीठाधीश्वर पूज्य महंत मैथिली रमण शरण जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्र को सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले सौ वर्षों से कार्य कर रहा है।

उन्होंने समाज से जाति-पांति के भेद से ऊपर उठकर एकजुट होने का आह्वान किया और देश के विकास में सकल हिन्दू समाज के योगदान की चर्चा की।सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं संघ चालक प्रोफेसर विक्रमा प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस अवसर पर घर-घर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है तथा देश-विदेश में लगभग एक लाख स्थानों पर हिन्दू सम्मेलन आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे समाज को उसके महत्व के साथ संगठित किया जा सके।

संत चरण के रूप में उपस्थित लक्ष्मण किला पीठाधीश्वर महंत मैथिली रमण शरण जी महाराज ने अपने उद्बोधन में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन के लंबे संघर्ष का उल्लेख करते हुए इसे राष्ट्र की अस्मिता से जुड़ा बताया। इसके पश्चात उनके नेतृत्व में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की उल्लेखनीय भागीदारी रही। परिषद के जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश पाठक के नेतृत्व में लगभग 200 से अधिक पूर्व सैनिकों ने सम्मेलन में सहभागिता की। उन्होंने बताया कि आयोजन का उद्देश्य हिन्दू समाज को एकजुट करना और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करना है।सम्मेलन के आयोजन में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों का सहयोग रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख प्रोफेसर रमा प्रति मिश्रा, महानगर शारीरिक प्रमुख अवनि कुमार शुक्ला, डॉ. आभा सिंह, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य मंगली प्रसाद तिवारी, ओपी इंटर कॉलेज के प्रबंधक अमर सिंह सहित अनेक सामाजिक व शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

इसके अलावा अखिलेश तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, पुकारे यादव, अनुकल्प मिश्रा, प्रशांत गौड़, देवेश कुमार पांडेय, तरुण मालवीय, अभिषेक शुक्ला, राजपाल वर्मा, कैप्टन अमरजीत सिंह, सूबेदार कपिल देव सिंह, प्रांत प्रचार प्रमुख रणविजय सिंह, सदर तहसील अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मिश्रा, जिला सह सचिव कैप्टन वीके सिंह, जिला सह सचिव सूबेदार सिद्धनाथ शर्मा, नगर कार्यवाह बालेन्दु भूषण मिश्रा, बृज किशोर शुक्ला, सूबेदार मेजर महेन्द्र कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक मौजूद रहे।

## भाजपा जिला कार्यालय में बजट पर वार्ता हुई




**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा पारित बजट 2026 पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री व प्रभारी अवध क्षेत्र भाजपा संजय राय रहे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट लोकलुभावन घोषणाओं से परे माननीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्पना को पूर्ण करने वाला एक दूरदर्शी बजट है। जिसमें किसान, युवा, महिला, ग्रामीण भारत, तथा विनिर्माण के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला बजट साबित होगा। इस अवसर पर विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी विधायक बलहा सरोज सोनकर एम0एल0सी0 डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र पार्टी जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह जिला मंत्री डॉक्टर डिंपल जैन जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा युवा मोर्चा जिला संयोजक अरुडेन्द्र सिंह अंकित नितिन रूपानी प्रभात शुक्ला हर्ष चंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। देवेंद्र कुमार मिश्र जिला मीडिया प्रभारी भारतीय जनता पार्टी बहराइच

## जमीनी विवाद पर मारपीट, 3 घायल

**टिकैतनगर, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम मंगरौड़ा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। जिसमे एक पक्ष के 3 लोग घायल हो गए। जिसमे 1 की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। तहरीर मिल गई है। और संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बहराइच।** साइबर क्राइम पुलिस थाना बहराइच द्वारा राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ए साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत माह के प्रथम बुधवार को, पुलिस अधीक्ष बहराइच के आदेशों के अनुपालन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान् क्षेत्राधिकारी नगर श्री नारायण दत्त मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण में, साइबर क्राइम पुलिस थाना बहराइच द्वारा श्री मानस इंटर कॉलेज, विशुनपुर, थाना क्षेत्र दरगाह शरीफ, जनपद बहराइच में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 150झ200 छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकगण को मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को सोशल मीडिया आई-डी पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन लागू करने, मोबाइल में इंस्टॉल महत्वपूर्ण एप्लीकेशनों में मजबूत एवं कठिन पासवर्ड प्रयोग करने, मोबाइल पर प्राप्त होने वाले संदिग्ध लिंक, एपीके फाइल्स एवं अज्ञात कॉल/मैसेज से सतर्क रहने तथा विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही, किसी भी प्रकार के साइबर अपराध या ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में त्वरित कार्रवाई हेतु नेशनल क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के टोल फ्री नंबर 1930 के प्रयोग के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## बाल संस्कार केंद्र में किया निःशुल्क पुस्तक वितरण



**अयोध्या।** दि आयुष्मान फाउंडेशन द्वारा संचालित अयोध्या जनपद के जमथरा घाट स्थित अयोध्या बाल संस्कार केंद्र में द कैम्ब्रियन स्कूल के तत्वाधान में बच्चों को पाठ्यपुस्तकों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर कक्षा एक से कक्षा आठ तक के बच्चों को सीबीएसई बोर्ड की पुस्तकें स्कूल की ओर से 40 बच्चों को प्रदान की गईं कार्यक्रम में द कैम्ब्रियन स्कूल की ओर से प्रधानाचार्य डॉ. जयंत चैधरी, पीजीटी गणित शिशिर दुबे, टीजीटी गणित ऋषभ पटेल एवं विद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की खास बात रही की स्कूल की तरफ से बच्चे भी शामिल हुए। संस्था की ओर से पवन पटेल, राजू यादव, शीतला प्रसाद वर्मा, इति सोनकर, नीलम श्रीवास्तव एवं काजल सागर की गरिमामयी उपस्थिति रही इस अवसर पर संस्था के प्रतिनिधि शीतला प्रसाद वर्मा ने द कैम्ब्रियन स्कूल के प्रबंधन एवं शिक्षकों का इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डा. जयंत चैधरी ने कहा कि केवल फोटो खिंचवाना या पुस्तकों का वितरण करना ही हमारा कर्तव्य नहीं है। बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में हम निरंतर बढ़-चढ़कर भाग लेते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से केंद्र की संचालिका इति सोनकर ने सभी आगंतुकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

## शिक्षा से ही देश व समाज का उत्थान संभवः चन्द्रभानु पासवान



**अमानीगंज-अयोध्या।** संत भीखादास रामजस समूह मोहली का 41 वां वार्षिकोत्सव बुधवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समूह के शिक्षण संस्थानों के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मिल्कीपुर विधायक

- धूमधाम से मनाया गया संत भीखादास रामजस समूह का 41वॉ वार्षिकोत्सव

चन्द्रभानु पासवान ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र परिश्रम से पढ़ाई कर सफलता हासिल करें।

परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही देश और समाज का उत्थान संभव है। देश की उन्नति का भार इसी भावी पीढ़ी के कंधों पर है। राज्य सरकार तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्रों को टैबलेट और स्मार्ट फोन दे रही है। प्रधानाचार्य डॉ रमेश मिश्रा ने कहा कि संत भीखा दास रामजस शिक्षण समूह की संस्थाएं निरंतर शिक्षा की ज्योति जला रही हैं, अनेक छात्र संस्थान में अध्ययन कर देश के कोने-कोने में नाम रोशन कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि विनम्रता इस महाविद्यालय परिवार की सबसे बड़ी पूंजी है। संस्थान के संस्थापक डॉ एनसी तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय की स्थापना और उसे निरंतर प्रगति पर ले जाने में क्षेत्रवासियों का हमेशा सहयोग रहा है, उन्होंने आंगुतकों का आभार प्रकट किया। अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। समूह के प्राचार्य डॉ सर्वेश कुमार तिवारी, निदेशक डॉ शैलेष तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ देव कुमार दुबे ने किया। संस्थान के विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर डा. वीरेन्द्र तिवारी, बब्बन शुक्ला, शिक्षक नेता जय हिन्द सिंह, नीरज मिश्रा, भूपेंद्र तिवारी, शिवम् तिवारी , श्रीहरि तिवारी, ओम हरि तिवारी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य वेद प्रकाश द्विवेदी, भवानी फेर मिश्र, बंशीधर द्विवेदी, संदीप शुक्ला, मनोज दुबे, सुधाकर सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, अरूण द्विवेदी, ज्ञानधर दूबे, राधिका प्रसाद पाण्डेय, शीतला वाजपेई, कृष्ण केवल मिश्र सहित भारी संख्या में अनेक विद्यालयो के प्रबंधक प्रधानाचार्य एवं सामाजिक लोग संत भीखा दास ग्रुप के विभिन्न कॉलेजों के छात्र उपस्थित रहे।

# एसआईआर प्रकिया में फॉर्म 7 के माध्यम से हो रही गड़बड़ी को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री ने की प्रेस वार्ता

**बाराबंकी।** एसआईआर प्रक्रिया फॉर्म 7 के माध्यम से पात्र मतदाताओं के फर्जी तरीके से कुछ लोगों द्वारा वोट काटने की कार्यवाही करने वालो के खिलाफ एफआईआर कराकर जेल भेजेगे। किसी मतदाता के साथ भेदभाव नहीं होने देंग। जिला प्रशासन से मिलकर पूरी जानकारी देकर संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायेंगे। उक्त उद्गार समाजवादी पार्टी

- चुनाव आयोग से फार्म 7 के जरिए हो रही धांधली को रोकने की उठाई मांग
- हर पीडीए बूथ प्रहरी अपने-अपने बूथ की कर रहा निगरानी: गोप

कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता मे आयोजित प्रेस वार्ता मे जनपद एसआईआर प्रभारी व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने मीड़िया से रुबरु होते हुये कही।

प्रेस वार्ता मे पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री गोप ने कहा फार्म 7 के माध्यम से पीडीए एवं विशेष रूप से अल्पसंख्यकों का वोट कटवाने की साजिश निरंतर की जा रही है। मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर धांधली की तैयारी हो रही है। फार्म 7 के फर्जी तरीके से इस्तेमाल की पूरे प्रदेश की हर विधानसभाओं से शिकायत मिल रही है। समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग को लिखित शिकायते दी है। और लिखित शिकायतों के बाद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। श्री गोप ने चुनाव आयोग से फार्म 7 के जरिए हो रही धांधली को रोकने की मांग करते हुए कहा कि डाउन लोडेड फार्म के सत्यापन की वैकल्पिक व्यवस्था व हर फार्म पर नम्बरिंग हो, कागजी फार्म 7 पर भारत निर्वाचन आयोग का होलोग्राम, फार्म 7 के अब तक जमा सारे फार्म निरस्त करने, अब तक जमा फार्म 7 के हस्ताक्षरों की न्यायिक जांच किये जाने, घपलेबाजी को पकड़ने के लिए आर्टीफिसियल इंटेलीजेंस का सहारा लिया जाने, सीसीटीवी फुटेज निकाली जाने, जो भी आरोपी पकड़ा जाये उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर संबंधित के खिलाफ साजिश करने के साथ उसके ऊपर 420 का मुकदमा चलाया जाने की मांग उठाई। उन्होने आगे कहा कि हमारा हर पीडीए बूथ प्रहरी अपने-अपने बूथ की निगरानी कर रहा है। जहां से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत आएगी तत्काल समाजवादी पार्टी पदाधिकारी, विधायक मौके पर पहुंच इस प्रकार का कृत्य करने वालों को रंगे हाथों पकड़ने का काम करेंगे। जिसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर 9839204142 भी जारी किया गया है। प्रेस वार्ता मे विधायक रामनगर फरीद महफूज किदवाई, सदर विधायक सुरेश यादव, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू, हिमांशु यादव, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान, प्रीतम सिंह वर्मा, अजय वर्मा बबलू मौजूद रहे।



## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से अनुदेशकों में खुशी की लहर



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** सुप्रीम कोर्ट ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित उच्च प्राथमिक स्कूलों में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि की है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाकर 17,000 रुपये कर दिया। इस निर्णय से विकासखंड मिल्कीपुर सहित अन्य क्षेत्रों के अनुदेशकों में खुशी का माहौल है। अनुदेशकों ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अनुदेशक मानदेय बढ़ोतरी के पात्र हैं। वर्ष 2017 में इनके मानदेय को 17,000 रुपये करने का प्रस्ताव किया गया था, लेकिन यह बढ़ा हुआ मानदेय अनुदेशकों को नहीं मिल पाया था। इसके बाद अनुदेशकों ने इस मामले को न्यायालय में चुनौती दी। यह मामला हाईकोर्ट से होते हुए सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपना फैसला सुनाते हुए अनुदेशकों के मानदेय को 17,000 रुपये निर्धारित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा मानदेय बढ़ोतरी किए जाने के बाद मिल्कीपुर में कार्यरत अनुदेशकों ने खुशी का इजहार करते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर अमित सिंह, वीरेंद्र कुमार, विपिन सिंह, वकार अहमद, कुमारी छाया, जितेंद्र कुमार, मनोज कुमार, सरोज यादव सहित कई अन्य अनुदेशकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## एसपी ने जनता दर्शन में जनसमस्याएं सुनी



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

## चालक-परिचालक व आमजन की आंखों का हुआ परीक्षण



**बहराइच।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ओ.पी. सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर सोमवार को जरवल स्थित गुप्ता रोडवेज ढाबा पर परिवहन विभाग द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कर लगभग 132 वाहन चालकों/परिचालकों एवं आमजन की आंखों की जांच कर उन्हें आंखों की सुरक्षा एवं नियमित परीक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। श्री सिंह ने बताया कि नेत्र परिक्षण शिविर के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र जरवल के अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश, नेत्र सर्जन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. रावत, नेत्र परीक्षण सहायक साकिब अहमद द्वारा शिविर संचालन में सहयोग प्रदान किया गया।

नेत्र परीक्षण शिविर के दौरान एआरटीओ श्री सिंह व सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) प्रदीप कुमार द्वारा मौजूद चालक-परिचालक व आमजन को सडक सुरक्षा नियमों एवं सड़क दुर्घटना से बचाव की जानकारी प्रदान की गयी तथा वाहन चलाते समय हेलमेट/सीटबेल्ट का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। श्री सिंह ने बताया कि ऐसे शिविरों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा वाहन चालकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना है। डीएम के निर्देश पर परिवहन विभाग के इस अभिनव पहल की चालक-परिचालक व आमजन द्वारा सराहना की गई। शिविर संचालन में यातायात कार्यालय से पुलिस दस्ता, पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग के कार्मिको द्वारा सहयोग किया गया।

# नगरपालिका ने चलाया अतिक्रमण और सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर अवैध अतिक्रमण व सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगरपालिका परिषद नवाबगंज अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला के नेतृत्व मे कर निर्धारण अधिकारी कमलेश कुमार चौबे, कर अधीक्षक संजय भारती, राजस्व निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, राजस्व निरीक्षक मनीषा शुक्ला, राजस्व निरीक्षक पूजा गुप्ता, राजस्व निरीक्षक शबाना अहमद

- 8 अवैध लोहे गुमटियो, 43 अवैध होर्डिगो को बुलडोजर से गया हटवाया,
- 2000 अतिक्रमण और 1000 रुपये प्रतिबंधित पालीथीन मिलने पर वसूला गया जुर्माना

फातमी, अनिल, सूजा खान, राजा सिंह, आफताब की संयुक्त टीम ने धनोखर चैराहा से घंटाघर, सट्टी बाजार, फजलुरहमान पार्क तक विशेष अभियान चलाया। अभियान के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुये कर निर्धारण अधिकारी श्री चैबे ने बताया कि दुकानों व सड़कों से अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाया गया है। तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलिथीन के खिलाफ औचक निरीक्षण कर जुमार्ना लगाकर कार्यवाही की गई है। सिटी इंटर कालेज के पास रखी 8 अवैध लोहे की गुमटियो सहित 43 अवैध होर्डिगो को बुलडोजर के माध्यम से हटवाया गया। तथा दुकानदारो से 2000 रुपये अतिक्रमण एंव 1000 रुपये पालीथीन का जुर्माना वसूला गया।

# परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर का लक्ष्य पूरा

**बहराइच।** 2026रू जिले में परिवार नियोजन सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया है। सोमवार को नॉन-उम्मीद ब्लॉक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिसिया में परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर (एफपीसीसी) का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही जनपद में निर्धारित 20 एफपीसीसी स्थापित करने का लक्ष्य पूरा हो गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने सीएचसी रिसिया में एफपीसीसी का शुभारंभ करते हुए कहा कि परिवार नियोजन केवल जनसंख्या नियंत्रण नहीं, बल्कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य, सुरक्षित गर्भधारण और स्वस्थ परिवार की नींव है। एफपीसीसी के माध्यम से योग्य दंपतियों को गर्भनिरोधक विकल्पों, प्रजनन स्वास्थ्य और सुरक्षित मातृत्व से जुड़ी सही जानकारी एक ही स्थान पर मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कई लोग भ्रांतियों और झिझक के कारण परिवार नियोजन सेवाओं से दूर रहते हैं। प्रशिक्षित काउंसलरों की मदद से अब दंपतियों को उनके नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ही परामर्श मिलेगा, जिससे वे सोच-समझकर निर्णय ले सकेंगे।

सीएचसी रिसिया में आयोजित कार्यक्रम में 52 आशा कार्यकर्ता, 15 एएनएम, 5 मेडिकल ऑफिसर, आईसीटीसी काउंसलर, लेबर रूम स्टाफ नर्स सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। सीएमओ ने काउंसलरों को निर्देश दिया कि वे प्रभावी काउंसलिंग करें और परिवार नियोजन सेवाओं की स्वीकार्यता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि राम बरन यादव ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत उम्मीद ब्लॉकों में 15 और नॉन-उम्मीद ब्लॉकों में 5 एफपीसीसी स्थापित किए गए हैं। इस प्रकार जनपद बहराइच में कुल 20 परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर सक्रिय हो चुके हैं, जिससे सेवाओं की पहुँच ब्लॉक से लेकर समुदाय स्तर तक मजबूत हुई है।रिसिया सीएचसी अधीक्षक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि एफपीसीसी स्थापित होने से 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग के योग्य दंपतियों को सुरक्षित गर्भनिरोधक विकल्प, व्यक्तिगत परामर्श और आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। इससे अनियोजित



## प्रायोगिक व मौखिकी परीक्षाओं के लिए पोर्टल 12 तक खुला

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा जारी निर्देश के क्रम में सभी सम्बन्धित महाविद्यालय को सूचित किया जाता है, कि एन०ई०पी० के अन्तर्गत संचालित वर्ष-2026 की स्नातक (प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) तथा परास्नातक (प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर) की प्रायोगिक / मौखिकी की परीक्षाओं से सम्बन्धित आनलॉइन पोर्टल 12 फरवर तक खुला रहेगा। परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि समस्त महाविद्यालय / संस्थान 12 फरवरी 2026 तक प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षाएं नियमानुसार सम्पन्न कराते हुए अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। यहाँ यह भी अवगत कराना है, जो महाविद्यालय / संस्थान सेशनल / वोकेशनल कोर्स/प्रोजेक्ट वर्क की परीक्षा अभी तक तक सम्पन्न नहीं कराये है, वे सभी महाविद्यालय / संस्थान सेशनल/वोकेशनल कोर्स / प्रोजेक्ट वर्क की परीक्षा 12 फरवरी तक आवश्यक रूप से सम्पन्न कराते हुए अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

संक्षेप

## दो लोगों पर दलित उत्पीड़न का केस दर्ज

**लंभुआ, सुलतानपुर।** दलित युवक को जाति सूचक शब्दों की गालियां देते हुए घर में घुसकर मारना गांव के ही दो लोगों के लिए महंगा साबित हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के समहुता खुर्द निवासी दलित अमन गौतम द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक गांव के ही पवन सिंह तथा विक्रम सिंह द्वारा माताजी के मरने के बाद पचास हजार दिए थे। अब पैसे की वापसी मांगने पर दोनों आरोपी जाति सूचक शब्दों की गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। जान बचाकर घर के अंदर भागने के बाद दोनों घर में घुसकर मारे पीटे। पुलिस के पीओ कुमार ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

## दो गैंग लीडरों पर गैंगस्टर का केस

**लंभुआ, सुलतानपुर।** लंभुआ कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए दो युवकों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। लंभुआ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि गरयें गांव निवासी धीरज सिंह को शातिर किस्म का अपराधी मानते हुए उसके खिलाफ गिरोहबंद कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार धीरज सिंह स्वयं अपने संगठित गिरोह का गैंग लीडर है, जबकि उसी गांव का शुभम सिंह उसके गिरोह का सक्रिय सदस्य है। पुलिस ने एक विस्तृत गैंग चार्ट तैयार किया था। उसे अनुमोदन के लिए डीएम सुल्तानपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। शनिवार को डीएम की स्वीकृति मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को जमानत

**सुलतानपुर।** एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल में निरुद्ध अमेठी जिले के गौरीगंज थाने के ग्राम आवादमऊ मौजा हरदो निवासी हनुमान सिंह को कोर्ट से राहत मिल गई है। एडीजे चतुर्थ जलाल मोहम्मद अकबर ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा व सरकारी वकील की बहस सुनने के बाद आरोपी को जमानत दे दी है। बीते 15 जनवरी को गौरीगंज थाने की पुलिस ने सुजानपुर मोड़ के पास से आरोपी हनुमान सिंह को एक किलो 100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## बद्री प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में नेत्र शिविर सात को

**नसीराबाद, रायबरेली।** आम जनता के सुख दुख में शामिल रहने वाली स्वयंसेवी संस्था ओंकार सेवा संस्थान बभनपुर और सद्गुरु सेवा ट्रस्ट चित्रकूट के प्रयास से कई जनपदों के नेत्र रोगियों को नई ज्योति मिली है। इस बार 7 फरवरी को सद्गुरु साईं ट्रस्ट के चिकित्सक रोगियों का नेत्र परीक्षण करेंगे और उनमें से मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित रोगियों को ट्रस्ट की बसों द्वारा सद्गुरु सेवा ट्रस्ट के नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के लिए रवाना करेंगे। ओमकार सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य ने बताया कि सद्गुरु सेवा ट्रस्ट द्वारा आवागमन और ऑपरेशन आदि की सुविधा मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

# कर्तव्य बोध व्यक्ति के चरित्र निर्माण का आधार है : प्रो. दिनेश त्रिपाठी

### अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का कर्तव्य बोध कार्यक्रम आयोजित



**सुलतानपुर।** राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय इकाई द्वारा कर्तव्य बोध दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों में कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष प्रो. डी. के. त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि कर्तव्य बोध व्यक्ति के चरित्र निर्माण का आधार है। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करता है, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त बनता है। शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक का निर्माण भी है।

इस अवसर पर प्रो. इंद्रमणि कुमार ने कर्तव्य बोध पर अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और कार्य के प्रति निष्ठा की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अध्ययन के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझें और उन्हें जीवन में उतारें। कार्यक्रम में प्रो. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो. धीरेंद्र कुमार, प्रो. इंद्रमणि कुमार, डॉ. महमूद आलम, डॉ. सुनील त्रिपाठी, डॉ. बृजेश प्रताप सिंह, डॉ. यशमन्त सिंह, डॉ. हीरा लाल यादव, वीरेंद्र गुप्ता सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। साथ ही शोधार्थियों, परास्नातक तथा बी.ए., बी.एससी, बी.कॉम और बी.एड. के सैकड़ों विद्यार्थियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का समापन कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ।

## बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

जिला संवाददाता (vol)

**सुलतानपुर।** जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हुआ। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि डीएफओ अमित सिंह एवं विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि दो दिवसीय जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह में 14 ब्लॉक और नगर क्षेत्र की ने बढ़िया प्रदर्शन किया। 197 अंक प्राप्त कर लगातार ग्यारहवीं बार भदैया बना ओवर आल चैंपियन, 137 अंकों के साथ धनपतगंज ने दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया वहीं जयसिंहपुर ब्लॉक ने 116 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। दिन भर चली प्रतियोगिता में 100 मीटर जूनियर में कूरेभार के अविनाश प्रथम चक्का फेंक जूनियर बालक में भदैया के वीरू प्रथम रहे' टेबल टेनिस बालक वर्ग में दूबेपुर प्रथम और भदैया द्वितीय रहा वहीं बालिका वर्ग में भदैया प्रथम और दूबेपुर दूसरे स्थान पर रहा' बैडमिंटन में जयसिंहपुर बालक बालिका दोनों वर्गों में विजेता रहा दोनों वर्गों में उपविजेता भदैया रहा' जूडो कुश्ती में भदैया और धनपतगंज का दबदबा रहा जिसमें कई भार वर्ग में प्रतियोगिता संपन्न हुई' व्यक्तिगत चैंपियनशिप प्राथमिक बालक वर्ग में दूबेपुर के जोहिद और बालिका में आर्या यादव कूरेभार रही जूनियर बालक में दूबेपुर के योगेश रहे वहीं बालिका में कुड़वार की अनुश्री मिश्रा ने व्यक्तिगत चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया' इस बीच सभी ब्लॉक व्यायाम शिक्षकों के बीच दौड़ प्रतियोगिता हुई जिसमें लंभुआ के पंकज सिंह प्रथम वहीं धनपतगंज के अरविंद सिंह द्वितीय रहे दूसरी दौड़ खेल अनुदेशकों और शिक्षा मित्रों के मध्य हुई जिसमें भदैया के उमेश यादव प्रथम और मोतिगरपुर के अजहर द्वितीय रहे' संचालन अनिल यादव और बबिता सिंह ने किया' जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी ने बताया कि विजेता खिलाड़ी मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे' जिला व्यायाम शिक्षिका ने बताया कि पात्रता संबंधी सभी कार्य पूर्ण कराते हुए विजेता खिलाड़ियों को तैयार किया जाएगा जिससे मंडल में अच्छा प्रदर्शन हो सके' इस अवसर पर जिला स्काउट मास्टर धर्मेंद्र सिंह जिला गाइड कैप्टन ज्योति सिंह ब्लॉक के व्यायाम शिक्षक, शिक्षक संघों के पदाधिकारी सहित शिक्षक मुनेंद्र मिश्रा रितेश त्रिपाठी जितेंद्र मौर्य संतोष सिंह मनोज राहुल गायत्री सिंह अर्जुन यादव अनुपम शुक्ला सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

● लगातार ग्यारहवीं बार भदैया बना ओवर आल चैंपियन

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र का नाम मतदाता सूची में होना अनिवार्य : गौतम सिंह



**महराजगंज, रायबरेली।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रा.विद्यालय मऊ शर्की के मतदेय बूथ 325, 326, 327, 328, 329 समेत पांच बूथों पर एसडीएम गौतम सिंह ने मतदाताओं के दावे व आपत्तियों की सुनवाई की। अभियान के दौरान अनमैपिंग मतदाता सूची से संबंधित नोटिसों पर सुनवाई के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण बूथ पर पहुंचे। शाम चार बजे तक एसडीएम ने कुल 110 मतदाताओं के दावों और आपत्तियों की सुनवाई की। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। एसडीएम गौतम सिंह ने बताया 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले मतदाता प्रारुप 6 भरकर नाम जुड़वा लें। मृतक या पलायन कर चुके मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए प्रारुप 7 व नाम/पता संशोधन, स्थानांतरण या दिव्यांग श्रेणी के चिन्हांकन के लिए प्रारुप 8 पर आवेदन करें। एसडीएम गौतम सिंह ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना अनिवार्य है। युवा वर्ग आगे आएं और अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस विशेष अभियान के दौरान ग्राम प्रधान भेलई मौर्य, लेखपाल शिवराज सिंह, शिक्षक दयाशंकर, बीएलओ दीपक सिंह, रीता त्रिपाठी, संतोष कुमारी, भारती सिंह, मीनाक्षी सिंह, समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और मतदाता उपस्थित रहे।

## युवा चेतना दिवस के रूप में मनाया गया राजकुमारी आकांक्षा सिंह का जन्म दिन

**अमेठी।** बुधवार को राजर्षि रणंजय सिंह आसलदेव पीजी कॉलेज पीपरपुर और आरआरपीजी कॉलेज में अमेठी रियासत की राजकुमारी आकांक्षा सिंह का जन्म दिवस 'युवा चेतना दिवस' के रूप में मनाया गया। राजर्षि रणंजय सिंह आसलदेव पीजी कॉलेज में इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ और 'ग्रीन डे' के थीम पर युवा चेतना दिवस मनाया गया। वहीं आरआरपीजी कॉलेज में इस दौरान शिक्षकों ने केक काटकर आकांक्षा सिंह का जन्मदिवस मनाया। आसलदेव पीजी कालेज की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने इस दौरान कहा कि राजकुमारी आकांक्षा सिंह सुप्रीम कोर्ट की प्रखर ? अधिवक्ता हैं और अमेठी के शैक्षणिक विकास के लिए सदैव मार्गदर्शन करती रहती हैं उन्होंने आकांक्षा सिंह के शतायु होने की कामना किया। आरआरपीजी के प्राचार्य डॉ. ओपी त्रिपाठी ने आकांक्षा सिंह के जन्मदिवस पर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षक व स्टाफ उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची से लोकतंत्र पर हमला, सैठा गांव में सैकड़ों फर्जी व त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियां उजागर

**अमेठी।** अमेठी जनपद की 185 विधानसभा गौरीगंज अंतर्गत सैठा गांव में वर्ष 2026 की मतदाता सूची में सामने आई गंभीर अनियमितताएँ लोकतंत्र के साथ सीधा खिलवाड़ हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनिल सिंह ने कहा कि सैठा गांव में सैकड़ों परिवारों के नाम गलत मकान नंबरों पर दर्ज किए गए हैं, वहीं एक ही मकान पर अलग-अलग जातियों और असंबंधित परिवारों के नाम जोड़ दिए गए हैं ।विशेष रूप से सैठा भाग संख्या 397 के मकान संख्या 261 में वोटर क्रमांक 121 से 130 तक दर्ज नामों में शामिल हैं ।अनिल सिंह ,दीपा सिंह ,राजू पुत्र विंधई ( पूर्व प्रधान प्रत्याशी, दलित आरक्षण कोटे में ,उनकी पत्नी छोटका, आदेश सिंहराजेश सिंह, ब्राह्मण परिवार, अमित मिश्रा पुत्र राम सुमेर मिश्रा और उनकी पत्नी का नाम दर्ज है, ।प्रवक्ता ने कहा कि यह कोई साधारण प्रशासनिक भूल नहीं है, बल्कि सुनियोजित और गंभीर गड़बड़ी का मामला प्रतीत होता है, जिसका सीधा असर निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर पड़ सकता है ।सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि मेरे स्वयं के घर-परिवार सहित अन्य स्थानीय नागरिकों के पते पर भी ऐसे व्यक्तियों के नाम दर्ज हैं, जिनका वहां कोई वास्तविक निवास नहीं है ।प्रवक्ता ने सवाल उठाया कि—जब एक ही गांव सैठा में इस स्तर की गड़बड़ी हो सकती है, तो पूरी 185 विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में इस तरह की त्रुटियाँ लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास हैं, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी ।कांग्रेस पार्टी की मांग है कि सैठा गांव सहित पूरे क्षेत्र की तत्काल विशेष फील्ड जांच कराई जाए ,सभी अपात्र, फर्जी और गलत नामों को तुरंत हटाया जाए ,इस गंभीर लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं बीएलओ पर सख्त कार्रवाई की जाए ।

## समरसता कार्यक्रम संपन्न

**भेंटुआ अमेठी।** विकासखंड क्षेत्र के सरस्वती शिक्षा मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्रामभारती यूपी बोर्ड परतोष अमेठी में सोमवार को समरसता का कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

**अयं निजः परोवेति गणना लघु चेतसाम।**
**उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम।।**

समरसता एक सामाजिक अवधारणा ना होकर एक गहन भावनात्मक, सांस्कृतिक चेतना का नाम है। भारत विविधताओं से भरा हुआ एक महान राष्ट्र है। जहां भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, पहनावा, भोजन आदि में असंख्य अंतर होते हुए भी एकता की भावना विद्यमान है। यही हमारी सांस्कृतिक विरासत है।

चूंकि विद्यालय संस्कार प्रधान है, विद्यालय द्वारा पारस्परिक प्रेम, संवाद, भाईचारा और सहयोग को बढ़ावा दिया जाता है। शिक्षा के माध्यम से जातिगत भेदभाव समाप्त करने हेतु सामाजिक समरसता खिचड़ी सहभोज का कार्यक्रम प्रति वर्ष मनाया जाता है।

समाज के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय के कक्षा शिशु से द्वादश तक के सभी भैया/ बहन इस समरसता कार्यक्रम खिचड़ी में बढ़-चढ़कर भाग लिए और खिचड़ी का आनंद उठाएं। प्रधानाचार्य संतोष मिश्र के देखरेख में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय के आचार्य वन्धुओं एवं कर्मचारियों द्वारा खिचड़ी बनाई गई।

समरसता खिचड़ी कार्यक्रम के अतिथि भेंटुआ ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी डॉ संतोष कुमार यादव,शिवम पांडेय कंप्यूटर ऑपरेटर, छात्रावास अधीक्षक रमाकांत त्रिपाठी, वरिष्ठ संवाददाता अशोक कुमार सिंह, प्रधानाचार्य विवेक कुमार शर्मा, विद्यालय के सह प्रबंधक रामसागर जायसवाल, प्रबंध समिति सदस्य प्रेम कुमार मिश्र, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, राधेश्याम त्रिपाठी, कमलेश मिश्र, अभिभावक वन्धु एवं समस्त आचार्य बंधु भगिनी खिचड़ी में सम्मिलित हुए। प्रधानाचार्य जी ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न छोट-बड़ो सब सम बसे, रैदास रहे प्रसन्न



● सतगुरु रविदास जी के पावन प्रकाश पर्व पर रैदास सदसंगत समागम सम्पन्न

**रायबरेली।** संत शिरोमणि गुरु रविदास मन्दिर रैदास आश्रम सामुदायिक केन्द्र में सतगुरू रविदास जी के 649वें पावन प्रकाश पर्व पर तीन दिवसीय रैदास सदसंगत समागम बड़े धूमधाम से मनाया गया। सदर विधायक अदिति सिंह सामाजिक, धार्मिक, शैक्षिक, अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सतगुरू रविदास जी का दिव्य सन्देश समता, न्याय, मानवता हम सभी को सदैव सत्य और सदभाव के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यकम महिला सशक्तिकरण और उनको जागृति पर केंद्रित था। महिला सशक्तिकरण की मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह ने अपने विचार सतगुरु की अमृतवाणी ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न। छोट-बड़ो सब सम बसे, रैदास रहे प्रसन्न। साझा करते हुए कि यह संकल्पना मेरे पिता पूर्व विधायक स्व अखिलेश सिंह का था, इसी लिए मैं अपनी क्षेत्र की जनता, जनार्दन, समाज के प्रति चिंतित रहती हूं और शासन प्रशासन से हरदम मांग करती हूं कि मेरी जनता और यह समाज कभी भूखा न सोए और न उसके साथ सामाजिक भेदभाव हो, और सभी छोटे-बड़े, अमीर-गरीब समान रूप से निवास करें। सभी को भोजन मिले और परस्पर प्रेम हो, जिससे सभी लोग प्रसन्न रहें। इसी सेवा भाव से मैं सेवा कर रही हूं। विधायक अदिति सिंह के द्वारा पचास गरीब महिलाओं को कम्बल प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। आश्रम व मन्दिर के मुख्य व्यवस्थापक चन्द्र शेखर, बौद्ध संयोजक राजेश कुरील, सह संयोजक विमल किशोर सबरा एंव शिक्षक आशा राम, रोहित प्रतिपक्षी, अशोक प्रियदर्शी, विजय भीम, सुनीता अम्बेडकर, सुशीला राम अवतार गौतम, सतेश गौतम, ने आए हुए अतिथियों एंव दो दर्जन समाजसेवी, विद्वान जनों को अंगवस्त्र एंव पावन पर्व का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर स्वागत किया। लंगर का आयोजन नीरज द्वारा किया गया। समागम में मुख्य रूप श्रीराम वर्मा, माता प्रसाद गौतम, , रैदास श्रद्धालोजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गुरु तेग बहादुर मार्केट बचाने के लिए व्यापारियों ने किया जोरदार प्रदर्शन



● पालिका अधिशासी अधिकारी के खिलाफ सैकड़ों व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर की नारेबाजी

**रायबरेली।** नगर पालिका परिषद रायबरेली के अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह के खिलाफ बुधवार को सैकड़ों व्यापारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सुपर मार्केट परिसर से पैदल मार्च करते हुए व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएमकार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने ईओ तेरी तानाशाही नहीं चलेगी , व्यापारी एकता जिंदाबाद , अधिशासी अधिकारी मुदार्बाद जैसे नारों के साथ नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया।

बताया गया कि सुपर मार्केट की वर्षों पुरानी बिल्डिंग को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा जर्जर घोषित किए जाने के बाद नगर पालिका द्वारा पूरी बिल्डिंग को गिराकर नए स्वरूप में निर्माण करने का प्रस्ताव लाया गया है। इस प्रस्ताव से सुपर मार्केट में वर्षों से दुकानें चला रहे सैकड़ों दुकानदारों के सामने बेरोजगारी का संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों का कहना है कि यदि बिल्डिंग क्षतिग्रस्त है तो उसकी मरम्मत कराई जा सकती है, लेकिन पूरी बिल्डिंग को गिराना नियम और नीति के विरुद्ध है। व्यापारियों का आरोप है कि नगर पालिका प्रशासन बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के दुकानदारों को उजाड़ने की तैयारी कर रहा है, जो किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। व्यापारियों ने मांग की कि जब तक कोई ठोस और सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक सुपर मार्केट की बिल्डिंग को गिराने का प्रस्ताव तत्काल प्रभाव से रोका जाए। इस विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से व्यापारी नेता पारुल बाजपेई, अतुल गुप्ता, पंकज मुरारका सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन व्यापारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार व जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में 14 मार्च को दीवानी न्यायालय, रायबरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमोद कंठ द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यापक स्तर पर बैंक से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन मामले, बीमा, राजस्व, विद्युत, जल, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, परिवार न्यायालय से सम्बन्धित मामलों एवं शमनीय दाण्डिक मामलों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। लोक अदालत में निस्तारण होने पर निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं होती है तथा मामला अन्तिम रुप से निस्तारित हो जाता है। समस्त विद्धान अधिवक्तागण एवं वादकारीगण अपने मामलों को सम्बन्धित न्यायालय में प्रार्थनापत्र के माध्यम से लगवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण कर लाभ उठा सकते हैं।

इसके अतिरिक्त ई-चालानी व चेक बाउंस के मामलों का सरल व सहज तरीके से लोक अदालत में निस्तारण कराया जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में अधिक जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के छजलापुर स्थित कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। वादकारी अपना मामला राष्ट्रीय लोक अदालत में लगाये जाने के लिए सम्बन्धित न्यायालय में भी प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर सकते है।

## एसआईआर को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में जिला प्रभारी ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक



**रायबरेली।** भाजपाके जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने वर्तमान में चल रहे एसआईआर के कार्य को लेकर वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं की बैठक की। बैठक में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को मंडल वाइज प्रवासी की जिम्मेदारी दी गई। जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची में नाम बढ़ाने और त्रुटियों को सुधारने पर जोर दिया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य हर पात्र नागरिक को मतदाता सूची में शामिल करना है। कार्यकताओं को निर्देश दिए गए कि वे नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए काम करें। बैठक में जिला अध्यक्ष बुद्धी लाल पासी और जिला प्रवासी विकास सिंह ने भी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वह एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण कर लेने वाले और छूटे हुए मतदाताओं के नाम हर हाल में फॉर्म नंबर 6 भरा कर बीएलओ के पास जमा कराये। वहीं जिन मतदाताओं को नोटिस मिली है। उनकी भी मदद कर उनका भी नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराना है। इस अवसर पर जिला महामंत्री शरद सिंह, दिनेश त्रिपाठी, देवेंद्र सिंह, जेपी सिंह, सुशील शुक्ला, राम सुमेर लोधी, शिवेंद्र सिंह, सूर्य प्रकाश, जीबी सिंह, कमलेश चौधरी, शिवाकांत शर्मा, वीरेंद्र मिश्रा आदि वरिष्ठ भाजपाई मौजूद रहे।

## कांग्रेस अनु.जाति विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**रायबरेली।** कांग्रेस अनु.जाति विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में अनु.जाति विभाग जिलाध्यक्ष सुरेश पासी की अध्यक्षता में आहूत की गई। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि बैठक के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने अनु.जाति विभाग को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर संगठन में तेज तर्रार युवाओं को जोड़ा जाना चाहिए, जो अपने समाज के लिए कुछ करने का जज्बा रखते हो और कांग्रेस पार्टी की विचार धारा का सम्मान करते हो।

कांग्रेस अनु.जाति विभाग के जिलाध्यक्ष सुरेश पासी ने उप्र कांग्रेस कमेटी से आये हुए पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया, बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अनु.जाति विभाग के मान-सम्मान और अधिकारों की रक्षा सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है, बाबा साहब के संविधान को भाजपा सरकार समाप्त करने का षड़यंत्र कर रही है, जिसके विरूद्ध जननायक मा.सांसद श्री राहुल गांधी जी मजबूती से खड़े है, हमें राहुल गांधी जी के हाथों को मजबूत करना होगा और यह तभी सम्भव है, जब कांग्रेस अनु.जाति विभाग का संगठन ग्रामीण स्तर पर मजबूत बनेगा। बैठक में मुख्य अतिथि उप्र कांग्रेस कमेटी से आये प्रमोद कुमार जयंत एआईसीसी कोऑर्डिनेटर व प्रभारी अवध व बुन्देलखण्ड जोन, बृजेश कुमार आर्य, उपाध्यक्ष व प्रभारी अवध जोन, भरत गौतम, प्रदेश सचिव, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, सईदुल हसन, राम खेलावन पासी, समुझ लाल धीमान, राम सजीवन कोरी, हरिशंकर त्यागी, राम कुमार, लालता प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एम्स रायबरेली में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रायबरेली।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एम्स रायबरेली, के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग द्वारा आम लोगों में कैंसर के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कैंसर के मरीज और उनके तीमारदार शामिल हुए। उन्हें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा कैंसर के सामान्य लक्षणों के बारे में जागरूक किया गया।



भाग लेने वाले विशेषज्ञ पैनल में डॉ. दीपक राजपूत, एडिशनल प्रोफेसर, जनरल सर्जरी विभाग, डॉ. वंदना वर्मा, एडिशनल प्रोफेसर, प्रसूति वं स्त्री रोग विभाग, डॉ. अनन्या सोनी, एडिशनल प्रो., नाक कान एवं कला विभाग, डॉ. सुयश सिंह, एसोसिएट प्रो., और हेड न्यूरोसर्जरी, डॉ. गौरव त्रिवेदी, असिस्टेंट प्रो., रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, डीएमएस - डॉ. केडी सिंह, और डॉ. अरुणप्रीत कौर, और डॉ. मिलनदीप, असिस्टेंट प्रो. इमरजेंसी विभाग ने सहभागिता की।

विशेषज्ञ पैनल ने अपनी संबंधित विशेषज्ञताओं के कैंसर के बारे में बात करते हुए, बीमारी का जल्दी पता लगाने और तुरंत इलाज पर जोर देते हुए, आम लोगों द्वारा कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की समन्वयक और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रूपाली ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों में बीमारी के बारे में जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम की शुरूआत मेहमानों और विशेषज्ञ पैनल का सम्मान करके हुई। उन्होंने समय पर कैंसर के इलाज के महत्व के बारे में बताया, और बीमारी की सामान्य शिकायतों पर प्रकाश डाला।

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर और फैकल्टी इंचार्ज डॉ. गौरव त्रिवेदी ने विश्व कैंसर दिवस 2026 की थीम यानी ह्यूनाइटेड बाय यूनिकह्व के महत्व पर जोर दिया, जिसका मतलब है कि हमें अपने अनुभवों के साथ मिलकर मजबूती से खड़ा होना चाहिए, कैंसर के खिलाफ लड़ाई में सशक्तिकरण साझा करना चाहिए, और बहु-विषयक भागीदारी वाले एकजुट दृष्टिकोण पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने एम्स रायबरेली में मुफ्त कैंसर इलाज के लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजनाओं, जैसे आयुष्मान भारत योजना, और मुख्यमंत्री कोष पर भी प्रकाश डाला, और कैंसर रोगियों और उनके परिवारों को कैंसर योद्धा कहकर उनकी सराहना की। विभिन्न विशेषज्ञों ने समाज पर कैंसर के बोझ, जल्दी पता लगाने और समय पर प्रबंधन की भूमिका पर जोर देते हुए अपने विचार रखे। डॉ. अनन्या सोनी ने इस क्षेत्र में सिर और गर्दन के कैंसर को रोकने के लिए तंबाकू को छोड़ने पर जोर दिया। डॉ. सुयश और डॉ. दीपक राजपूत ने दर्शकों को संबोधित किया और क्रमशः ब्रेन ट्यूमर, थायराइड और ब्रेस्ट कैंसर के लिए सर्जिकल सुविधा की उपलब्धता के बारे में बताया।

## श्रीमद् भागवत कथा से भक्तिमय हुआ वातावरण

**तिलोई, अमेठी।** सेमरौता कस्बे में अग्निहोत्री परिवार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास डॉ. पंडित नरेंद्र पाण्डेय जी ने श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और संस्कारों का महत्व विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि नारायण के जाप से ही देवर्षि नारद को बैकुंठ की प्राप्ति हुई और उन्हीं के माध्यम से यह दिव्य भगवत कथा महर्षि वेदव्यास तक पहुँची। कथा व्यास ने बताया कि श्रीमद् भागवत पुराण का श्रवण करने से जीव के भीतर से मृत्यु का भय समाप्त हो जाता है और मन में भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा उत्पन्न होती है। भागवत कथा मनुष्य को मोह, लोभ और अहंकार से मुक्त कर सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में सोलह संस्कार अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जो व्यक्ति के चरित्र निर्माण और आध्यात्मिक उन्नति का आधार हैं। भागवत कथा इन्हीं संस्कारों को जाग्रत कर मनुष्य को आदर्श जीवन जीने की राह दिखाती है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भजनझ्रकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कथा आयोजक सुरेश अग्निहोत्री, कमलेश अग्निहोत्री व समस्त अग्निहोत्री परिवार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राधेश्याम, शिवाकांत त्रिपाठी, परमानन्द मिश्र , मो लतीफ, दयानन्द मिश्र, तारकनाथ बाजपेई, दिनेश कुमार जायसवाल, कन्हैयालाल त्रिपाठी, वृजविहारी अवस्थी, श्याम विहारी अवस्थी, नागेश्वर तिवारी।

संक्षेप

## तांबा और पीतल का भारी मात्रा में पकड़ा स्क्रैप, चार गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना गोविंदनगर पुलिस ने बुधवार तड़के चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मुखबिर को सूचना पर डीग गेट चैकी क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी रेलवे लाइन के पास से घेराबंदी कर इन चोरों को दबोचा। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया तांबा व पीतल का भारी मात्रा में स्क्रैप और दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान नई बस्ती निवासी यूसुफ उर्फ ईसुब, चुन्नी, चांद और यूसुफ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मुख्य अभियुक्त यूसुफ उर्फ ईसुब शातिर किस्म का अपराधी है, जिस पर मथुरा के विभिन्न थानों में चोरी और लूट के करीब 11 केस दर्ज हैं। वहीं, अभियुक्त चांद पर भी पूर्व में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज रहा है। थाना प्रभारी ने बताया अभियुक्तों के खिलाफ धारा 303(2), 317 (2) बीएनएस और आर्मस एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मयंक, संतोष कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## अवैध निर्माण पर सीएम योगी का चला बुलडोजर

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण ने एक्सप्रेसवे के किनारे हो रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने निर्माणाधीन होटल और विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया है। इस कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माणों को हटाया गया। यमुना एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट हेरिटेज सिटी के तहत की गई है। उन्होंने कहा कि संबंधित लोगों द्वारा बिना अनुमति के व्यावसायिक निर्माण किए जा रहे थे, जिनके लिए पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके थे। ओएसडी ने स्पष्ट किया कि यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में प्राधिकरण की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का व्यावसायिक निर्माण अवैध है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## श्याम फागुन महोत्सव 20 फरवरी से

**मथुरा।** खाटू श्याम सेवादार परिवार द्वारा आगामी 20 फरवरी से शुरू होने जा रहे चार दिवसीय श्याम फागुन महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया, जिसमें संस्थापक राजीव अग्रवाल ने श्री श्याम फागुन महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 20 फरवरी को निशान यात्रा के साथ की जाएगी जो कि कृष्णा नगर विपिन नर्सिंग होम के पीछे से प्रारंभ होकर भूतेश्वर महादेव मंदिर के समीप खाटू श्याम मंदिर पर संपन्न होगी। 22 फरवरी को मेहंदी कार्यक्रम 4 बजे कृष्ण कुंज कॉलोनी भूतेश्वर रोड पर किया जाएगा। 23 फरवरी को विशाल संकीर्तन सायं 6 बजे से फ्लोरेंस गार्डन सरस्वती कुंड मसानी लिंक रोड पर किया जाएगा संस्था सचिव आलोक जैन ने बताया कि इस वर्ष विशाल संकीर्तन में भजन सम्राज्ञी अंजलि द्विवेदी नाथ नगरी बरेली से भजन सम्राट विशाल शैली पटियाला पंजाब से और अनुज पारीक भीलवाड़ा राजस्थान से तथा ब्रज क्षेत्र से भजन गायक भी अपने मधुर भजनों से बाबा को रिझाएंगे।

# मुक्त होगी श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनेगा भव्य मंदिर : महेंद्र प्रताप

### व्यास पीठ से संत राधे राधे बाबूजी ने किया ऐलान, बोले हम सब महेंद्र के साथ



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** चौमुंहा स्थित राधा मोहनजी गोशाला में व्यास संत राधे-राधे बाबूजी के सान्निध्य में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान बुधवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण के हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट पहुंचे। उन्होंने कथा श्रवण के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जन्मभूमि से जुड़े ऐतिहासिक और न्यायिक पक्षों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1670 में मुगल शासक औरंगजेब द्वारा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर को ध्वस्त कर वहां मस्जिद का निर्माण कराया गया था। उन्होंने दावा किया कि इससे पूर्व भी मंदिर को कई बार तोड़ा गया और उस कालखंड में मथुरा में लूटपाट तथा जजिया कर जैसे अत्याचार हुए।

महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जन्मभूमि स्थल पर भव्य मंदिर निर्माण की मांग को लेकर दायर उनके वाद को न्यायालय ने सबसे पहले स्वीकार किया था। वर्तमान में यह मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन प्रक्रिया के साथ-साथ समाज में जनजागरण भी चल रहा है। उन्होंने बताया कि छ्चलो गांव अभियानह के तहत श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में महोली और तरसी गांवों में लोगों को मुकदमे की स्थिति से अवगत कराया गया और आंदोलन के प्रति समर्थन मांगा गया।

महेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित श्रद्धालुओं से एकता बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि न्यायालय के निर्णय के बाद स्थल पर भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग साफ होगा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस मौके पर बाबा जयकिशन दास जी महाराज, शास्त्री रामनिवास, विश्व हिंदू महासंघ ब्रज प्रांत अध्यक्ष सतीश सिंह एडवोकेट, श्रीपाल सिसोदिया एडवोकेट, राजेश पहलवान, गिरिराज पंडित, मास्टर प्रेमचंद्र शर्मा और आयोजक रोहताश शर्मा मौजूद रहे।

## फर्जी सत्यापन प्रमाण पत्र जारी करने पर जनसूचना अधिकारी ने दर्ज करायी रिपोर्ट

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** जिला सूचना अधिकारी कार्यालय में फर्जी दस्तावेजों के सहारे सरकारी कार्यों में अनियमितता और जालसाजी का मामला सामने आया है। मामले में आउटसोर्सिंग कर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर नारायण सिंह के विरुद्ध सूचना व जनसंपर्क अधिकारी प्रशांत सुचारी ने एफआईआर दर्ज कराई है। अब पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयासों में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा मथुरा में विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों, उत्सवों और योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु पंजीकृत एजेंसियों के माध्यम से होर्डिंग, एलईडी वैन और एलईडी स्क्रीन आदि का उपयोग किया जाता है। प्रचार कार्य पूर्ण होने के बाद कार्य सत्यापन प्रमाण पत्र के आधार पर मुख्यालय स्तर से भुगतान की प्रक्रिया होती है। मुख्यालय भेजे गए एक कार्य सत्यापन प्रमाण पत्र की फोटो की जांच में यह सामने आया कि प्रमाण पत्र पर किए गए हस्ताक्षर फर्जी थे। जांच में पाया गया कि प्रमाण पत्र में दर्शाया गया कार्यालयीय डिस्पैच नंबर और रजिस्टर प्रविष्टि भी फर्जी है। आंतरिक जांच और संबंधित फर्मों से संपर्क करने पर खुलासा हुआ कि उक्त प्रमाण पत्र कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा फर्जी हस्ताक्षर, मोहर और दस्तावेज तैयार कर जारी कराया गया था। जांच के दौरान वर्ष 2021 से अब तक कई अन्य सत्यापन प्रमाण पत्रों की छायाप्रति मंगाई गई, जिनमें पांच प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए। सरकारी कार्यों में अनियमितता, धोखाधड़ी और जालसाजी को लेकर थाना सदर बाजार में एफआईआर दर्ज कराई गयी है। पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच जारी है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भांजी की हत्या करने वाला मामा साथी सहित गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना राया पुलिस सगी भांजी की हत्या कर शव को जलाकर खुर्द-बुर्द करने वाले वांछित मामा सहित दो को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना राया निरीक्षक अरविन्द सिंह, उ0नि0 कुशलपाल सिंह, उ0नि0 राजेश कुमार ने जयपुर बरेली हाइवे के ऊपर आयरखेड़ा पुलिया के पास से 100 मीटर पहले सूरजपाल पुत्र साहब सिंह निवासी ग्राम हर्दपुर खण्ड मनीनाबालू, जगदीश पुत्र साहब सिंह निवासी ग्राम हर्दपुर खण्ड मनीनाबालू पकड़ा है।

## कृषक इंटर कॉलेज में विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित



**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद प्रांगण में बुधवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मां पीतांबरा पीठ दतिया के संत श्री रामदास जी महाराज श्रीमती प्रोफेसर पूर्ति सिंह विभाग प्रचारक अखिलेश जी कार्यक्रम के अध्यक्ष संतोष उपाध्याय ने भारत मां के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन योगेश उपाध्याय ने किया। डॉक्टर पूर्ति सिंह ने पंच परि वर्तन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय को स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करना चाहिए। संत महाराज रामदास जी ने सनातन परंपरा में वेद मंत्र यज्ञ के बारे में बताया तथा गौसंवर्धन हेतु समाज से आग्रह किया गया कि अपने बच्चों का भविष्य संघ की शाखा में बौद्धिक व वैचारिक माध्यम से सुधारा जा सकता है। कार्यक्रम में ब्रजेश उपाध्याय प्रशांत उपाध्याय अमित उपाध्याय अनूप उपाध्याय, पुरुषोत्तम उपाध्याय कैलाश उपाध्याय, रविकांत भूपेंद्र सोनवीर सिंह, जिला प्रचारक राकेश एवं भारी मात्रा में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## 22को विकास भवन में लगेगा 'वृहद वृद्ध विधिक साक्षरता और सेवा मेगा कैम्प'

**फिरोजाबाद।** जनपद के बुजुर्गों और आम नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने के लिए आगामी 22 फरवरी को विकास भवन में एक विशाल वृहद वृद्ध विधिक साक्षरता एवं सेवा मेगा कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर बुधवार को ए.डी.आर.भवन जनपद न्यायालय परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सिविल जज योगेश शिवा ने बताया कि जनपद न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग के मार्गदर्शन में इस कैम्प की रूपरेखा तैयार की गई है। प्रेस वार्ता का मुख्य उद्देश्य इस आयोजन की जानकारी जन जन तक पहुँचाना है ताकि पात्र व्यक्ति समय रहते आवेदन कर सकें। ?सचिव योगेश शिवा ने अवगत कराया कि इस मेगा कैम्प में विभिन्न सरकारी विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहाँ वृद्धावस्था विधवा, दिव्यांग एवं श्रमिक पेंशन प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सामूहिक विवाह योजना, विश्वकर्मा सम्मान योजना और किसानों से जुड़ी विभिन्न योजनाएँ आदि की जानकारी और लाभ दिया जाएगा। साथ ही ?कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। ?योजनाओं के लाभ के साथ-साथ, शिविर में आने वाले नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति भी साक्षर किया जाएगा। प्राधिकरण के समस्त पैरा लीगल वालंटियर्स को निर्देशित किया गया है कि वे गांवों और शहरों में घर घर जाकर लोगों को इस कैम्प के बारे में जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। हमारा प्रयास है कि वृद्धजनों और जरूरतमंदों को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्हें एक ही छत के नीचे सभी कानूनी और सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।




## एसएसपी ने किया साइबर थाना एलआईयू क्षेत्राधिकारी सदर कार्यालय का निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** एसएसपी ने थाना रसूलपुर क्षेत्राधिकारी सदर कार्यालय साइबर थाना एलआईयू कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। बुधवार को एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित ने थाना रसूलपुर क्षेत्राधिकारी सदर कार्यालय साइबर थाना एलआईयू कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसएसपी द्वारा थाना रसूलपुर पर सीसीटीएनएस पर चल रहे कार्यों एवं यक्ष एप की समीक्षा की साथ ही त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसएसपी द्वारा साइबर थाना में पोर्टल पर प्राप्त विभिन्न शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रभारी साइबर थाना को निर्देशित किया गया साथ ही क्षेत्राधिकारी कार्यालय एवं एलआईयू कार्यालय का निरीक्षण करते हुए समयबद्ध सूचना प्रेषित करने एवं साफ सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक रसूलपुर प्रभारी साइबर थाना एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एडीएम की अध्यक्षता में हुई सैनिक बंधु की बैठक

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन के निर्देशन में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में एडीएम वि/रा विशू राजा की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक का आयोजन किया गया, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, अधिकारी फिरोजाबाद ने सभी पूर्व सैनिकों का अभिवादन व स्वागत किया, और उन्हे कल्याणकारी योजनों के बारे में जानकारी द, तत्पश्चात पूर्व सैनिकों की समस्याओं को एडीएम ने सुना और निस्तारण हेतु निर्देशित किया। एडीएम ने पूर्व सैनिकों द्वारा की गई देश की सेवा की भूरि भूरि प्रशंसा की और सेवा हेतु आभार व्यक्त किया, तत्पश्चात अवगत कराया गया कि भविष्य में भी पूर्व सैनिकों व वीर नारी व उनके आश्रितों की समस्याये संज्ञान में आती है तो उनको त्वरित निस्तारण किया जाय, बैठक में सीएमओ, फिरोजाबाद ने आयुष्मान कार्ड बनवाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी, बैठक के दौरान कर्नल नवीन यादव, कमाण्डर विजेन्द्र सिंह ओनरेरी कैप्टन शेर सिंह सूबेदार मेजर रामवीर सिंह यादव, सूबेदार मेजर छोटे लाल और अन्य पूर्व सैनिकों ने प्रतिभाग किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 94 जोड़ों के विवाह हुए संपन्न



**फिरोजाबाद।** उप्र की महत्वाकांक्षी सीएम सामुहिक विवाह योजनान्तर्गत बुधवार को जनपद के नगरीय निकाय नगर पंचाचत नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद, सिरसागंज एवं विकास खण्ड शिकोहाबाद, मदनपुर, अरॉव के चिन्हित पात्र जोड़ों के विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत स्वागत वाटिका नानेमउ में सम्पन्न हुये। जिसमें नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद के 14 नगर पालिका परिषद सिरसागंज के 04, विकास खण्ड शिकोहाबाद के 20, विकास खण्ड अरॉव के 22, विकास खण्ड मदनपुर के 34 इस प्रकार कुल 95 जोड़ों, जिनमें 81 हिन्दू जोडे एवं 14 मुस्लिम जोडे इस प्रकार कुल 94 जोड़ों के विवाह उनके धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सम्पन्न कराये गये।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में हरिओम यादव निवर्तमान विधायक सिरसागंज, विजय प्रताप उर्फ छोटू यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, कमलेश राजपूत ब्लॉक प्रमुख अरॉव, जोगेन्द्र सिंह ब्लॉक प्रमुख मदनपुर, उदयप्रताप सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा आदि की गरिमामयी उपस्थिति में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों अतिथियों द्वारा सरकार की तरफ से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराते हुए वर-वधू को नये दाम्पत्य जीवन शुरू करने लिए के मंगल कामनाओं सहित शुभकामनाएँ प्रदान की गयी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त महेन्द्र सिंह यादव उपायुक्त स्वतः रोजगार ग्रामीण, राजमती जिला समाज कल्याण अधिकारी, के०एम० सिंह जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, तहसीलदार सिरसागंज तथा सम्बन्धित विकास खण्ड नगरीय निकायों के अधिकारी अधिकारियों के साथ-साथ समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही। मंच का संचालन प्रेमस्वरूप पारस द्वारा किया गया।

# स्वंय का पुत्र न होने के संदेह में की थी बेटे की हत्या

**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर पुलिस टीम ने घर के अंदर निर्मम तरीके से अपने बेटे की हत्या करने वाले अभियुक्त पिता राजेश को आलाकत्ल एक हंसिया सहित गिरफ्तार कर बेटे की हत्या का खुलासा किया है। थाना मक्खनपुर क्षेत्रान्तर्गत 2-02-2026 को सब्जी मंडी से श्रीराम ग्लास फैक्ट्री की तरफ जाने वाले रास्ते में स्थित मकान में हत्या के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई, पुलिस टीम द्वारा घर के अन्दर जाकर देखा तो खून पड़ा हुआ था। पुलिस टीम द्वारा खोजबीन की गयी तो बच्चे का शव एक बक्शे में मिला, उच्चाधिकारियों द्वारा फील्ड़ यूनिट टीम घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मामले में मृतक बच्चे मयंक की माता उर्मिला की तहरीर के आधार पर थाना मक्खनपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। घर से मृतक का पिता फरार था। थाना पुलिस ने बुधवार को अभियुक्त पिता राजेश कुमार पुत्र रामकिशन निवासी जिजौली कस्बा व थाना मक्खनपुर को गिरफ्तार कर लिया तथा अभियुक्त की निशांदेही से कॉंच फैक्ट्री से स्टेशन की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर सरसो के खेत से घटना में प्रयुक्त आला कत्ल एक हंसिया की बरामदगी की गई। पुलिस ने बेटे की हत्या करने वाले अभियुक्त पिता को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा करते हुए बताया कि अभियुक्त राजेश कुमार की शादी करीब 22 वर्ष पूर्व उर्मिला के साथ हुई थी, अभियुक्त शराब पीने का आदी था जिसके चलते उसका अपनी पत्नी से विवाद रहता था, उसकी पत्नी व पत्नी के मायके वालों ने अभियुक्त के पिता रामकिशन से मकान को मृतक मयंक के नाम पर बैनामा कराया था जिसका संरक्षक स्वंय अभियुक्त राजेश कुमार था। उर्मिला राजेश की शिकायत राजेश के परिवार वालों से भी करती थी, शादी के करीब 6 साल बाद अभियुक्त की पत्नी विवाद के चलते काफी समय अपने मायके में रही इस बीच उसका ससुराल मे आना जाना कभी कभी होता था। अभियुक्त को संदेह था कि मयंक उसका पुत्र नहीं है। इसी के चलते दिनांक 02.02.2026 को सुबह ही अभियुक्त राजेश कुमार ने प्लान किया कि आज मैं अपनी पत्नी उर्मिला व बेटा मयंक की हत्या कर दूँगा। पत्नी रोजाना शाम 3 बजे आती थी तथा उसकी लडकी महिमा जो दोपहर 2 से शाम 05 बजे तक कोचिंग के लिए जाती थी, इसी दरम्यान प्लान के अनुसार उसने समय करीब दोपहर 2 बजे बेटा मयंक स्कूल से घर आया था और घर पर ही कमरे में फोन में गेम चलाने लगा इसी दौरान उसने मयंक को हंसिया से उसके सिर पर वार किया जिसके बाद बह कमरे से बाहर भागा लेकिन सीढियों के पास जाकर गिर गया जिसके बाद उसने मयंक के ऊपर हंसिया से लगातार सिर व चेहरे व उसके पूरे शरीर पर 25-30 वार किये जिससे वह पूरी तरह लहू लुहान कर हत्या की तथा बोरे से फर्श पर पडे खून को साफ किया तथा अपने ऊपरी छत से खून से सने बोरे व खून से सने अपने लोवर आदि को खाली प्लाट में फेंक दिया। उसके बाद मैं मयंक के शव को मय हसिया के नीचे लेकर आया तथा शव को नीचे रखे संदूक में रखकर ताला बंद कर रहा था तभी उसकी पत्नी उर्मिला आ गयी और उसने पति के हाथ में खून से सनी हंसिया को देख लिया। वह घबरा गया और अपनी पत्नी को नहीं मार सका तथा हंसिया लेकर फैक्ट्री के रास्ते भाग गया तथा हंसिया को फैक्ट्री के आगे स्टेशन की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर सरसों के खेत में फेंक दिया था। जिसको अभियुक्त की निशांदेही पर मोती फैक्ट्री से स्टेशन की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर स्थित सरसों के खेत से बरामद किया गया। अभियुक्त ने अपने पुत्र की हत्या सम्पत्ति व स्वंय का पुत्र न होंने के सन्देह में की थी। अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

● हत्यारा पिता गिरफ्तार

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि से काशी विश्वनाथ धाम जायेगा दिव्य प्रसाद

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर एक अनूठी सांस्कृतिक और धार्मिक पहल की जा रही है। संस्थान द्वारा आठ फरवरी को श्रीकृष्ण जन्मभूमि से काशी विश्वनाथ धाम, वाराणसी के लिए दिव्य प्रसाद भेजा जाएगा। संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने जानकारी दी कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली से काशी विश्वनाथ के लिए फल, पंचमेवा, मेवा मिश्री और ब्रज के विशेष व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। यह दिव्य प्रसाद महाशिवरात्रि के दिन बाबा विश्वनाथ को भेंट किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य काशी, मथुरा और अयोध्या के मध्य सांस्कृतिक समन्वय को और अधिक सुदृढ करना है। संस्थान की प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि ब्रजभूमि में महाशिवरात्रि का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया जाता है।

## कोहरे में टकरायीं दो स्कूल वैन, बच्चों और टीचर की निकलीं चीखें, नौ हुए घायल

**मथुरा।** थाना राया क्षेत्र अंतर्गत मथुरा मार्ग पर बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे दो स्कूली वैन घने कोहरे में आमने-सामने से टकरा गई। हादसे में बच्चे व स्टाफ समेत नौ लोग घायल हो गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही अभिभावकों में अफरा-तफरी मच गई। अभिभावक अस्पताल पहुंचे, जहां बच्चों को सुरक्षित पाकर राहत की सांस ली। सेंट डोनमिक स्कूल की वैन राया से बच्चों को लेकर मथुरा की ओर जा रही थी। वहीं एसकेएस स्कूल की वैन मथुरा से टीचर्स को लेकर राया आ रही थी। बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे घने कोहरे में गावं मल्हे के समीप बस को ओवरटेक के चक्कर में दोनों वैन की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मचने लगी। टीचर्स ने स्कूल में सूचना दी। वैन चालक विपिन निवासी थना अमरसिंह के पैर में फैक्चर हो गया। चार बच्चों व तीन शिक्षकों के चोटें आ गई। जबकि अन्य बच्चों व स्टाफ के मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। राया थाने के कार्यवाहक प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को थाने में खड़ा कराया है। किसी की ओर से कोई प्रार्थना-पत्र नहीं मिला है।

## बिहार के सीएम के पुत्र निशांत कुमार सादगी सोशल मीडिया पर छायी



**मथुरा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार बुधवार को अपने परिवार के साथ पवित्र नगरी वृंदावन के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने वहां मंदिरों में दर्शन और पूजन किया। निशांत कुमार की यह यात्रा किसी राजनीतिक कारण से नहीं, बल्कि उनकी सादगी और बेहद सहज व्यवहार के कारण चर्चा में रही। धार्मिक नगरी वृंदावन में बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार अपने परिवार के साथ दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। यह यात्रा किसी राजनीतिक या औपचारिक कार्यक्रम का हिस्सा नहीं थी, बल्कि पूरी तरह निजी और आध्यात्मिक रही। निशांत कुमार की इस यात्रा की सबसे खास बात उनका सादा अंदाज रहा। वृंदावन की गलियों में वे ई-रिक्शा से घूमते नजर आए। न कोई भारी सुरक्षा व्यवस्था, न वीआईपी प्रोटोकॉल और न ही किसी तरह का तामझाम दिखा। स्थानीय लोगों ने उन्हें आम श्रद्धालु की तरह सहज रूप में घूमते देखा। वृंदावन प्रवास के दौरान निशांत कुमार ने परिवार के साथ विभिन्न मंदिरों में दर्शन किए। उन्होंने आध्यात्मिक वातावरण में समय बिताया और कृष्ण नगरी की शांति को नजदीक से महसूस किया। यात्रा के दौरान वे पैदल घूमते और जल निकायों के आसपास भ्रमण करते भी नजर आए। निशांत कुमार की वृंदावन यात्रा की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। इनमें वे ई-रिक्शा में सफर करते, गलियों में टहलते और आम श्रद्धालुओं के बीच बिना किसी विशेष पहचान के नजर आ रहे हैं। यही सादगी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई। निशांत कुमार आमतौर पर सार्वजनिक मंचों और लाइमलाइट से दूर रहते हैं। वे बहुत कम सार्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आते हैं और निजी जीवन में सादगी पसंद माने जाते हैं। राजनीति से भी उन्होंने अब तक दूरी बनाए रखी है, हालांकि बिहार की राजनीति में उनके नाम को लेकर समय-समय पर चचाएं होती रहती हैं।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को रौंदा, पिता की मौत

**मथुरा।** बीतीरात्रि मथुरा-बरेली हाइवे पर शादी समारोह से लौट रहे दो बाइक सवार पिता-पुत्र को अज्ञात वाहन चालक ने पीछे टक्कर मारकर रौंद दिया। इस दुर्घटना में बाइक पर पीछे बैठे बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गयी। 65 बर्षीय बुजुर्ग लालाराम पुत्र रामजीलाल निवासी दिसवार गोरई शादी समारोह में भाग लेने गये थे। अपने परिवार के लडके दुर्गेश पुत्र राजकुमार के साथ मोटरसाईकिल संख्या यूपी 81 डीबी 8909 स्पलेण्डर पर सवार होकर राया के श्रीजी वाटिका मे आयोजित शादी समारोह में भाग लेने आये थे। वह आयोजन में शामिल होने के बाद वापस विसावली जा रहे थे। लालाराम बाइक पर पीछे बैठे हुये थे। दोनों मथुरा-बरेली हाईवे पर गांव भीमा नगला के समीप से गुजर रहे थे तभी अज्ञात वाहन चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हये बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे पीछे बैठे लालाराम सड़क पर गिर पड़े। बताया जाता है दुर्घटना करने वाला वाहन मृतक लालाराम को 50 मीटर दूर तक घसीट कर ले गया जिनकी मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद वाहन चालक घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। इस दुर्घटना में बाइक चला रहे दुर्गेश को हल्की चोट आयी हैं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

**घावे पर कंटेनर दुर्घटनाग्रस्त, चालक की गयी जान :** ग्वालियर से दिल्ली जा रहा आयशर कंटेनर रात्रि लगभग 12 बजे घने कोहरे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित महुअन टोल प्लाजा के पास अज्ञात वाहन से टकरा गया जिससे कंटेनर चालक जीवनलाल (40) पुत्र गोपाल निवासी मोतीझील कृष्णानगर पहाड़िया ग्वालियर की मौके पर ही मौत हो गयी। बताया गया कि कंटेनर में काफी सामान लदा हुआ था जिसकी जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और सामान को सुरक्षित करवाते हुये यह पता लगाने की कोशिश की कि इस वाहन में दूसरे किस वाहन ने टक्कर मारी लेकिन अभी तक इसका कोई पता नहीं लगा है।

# मतदाता जागरूकता को मिला नया संबल



● राधेश्याम कॉलोनी में भाजपा का विशेष कैम्प

**मथुरा।** मथुरा विधानसभा क्षेत्र के कृष्णा नगर मंडल अंतर्गत वार्ड संख्याद्द12, राधेश्याम कॉलोनी में भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा महानगर जिला अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के नेतृत्व में बूथ नंबर 91 93 94 पर विशेष मतदाता पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का उद्देश्य अधिक से अधिक नए मतदाताओं का पंजीकरण कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाना रहा। कैम्प का निरीक्षण करने पहुँचे मथुरा नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल ने उपस्थित पार्टी कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया और मतदाता पहचान पत्र बनवाने आए नागरिकों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना अत्यंत आवश्यक है, वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने मतदाता जागरूकता को समय की आवश्यकता बताते हुए अधिक से अधिक नागरिकों से मतदान अधिकार के प्रयोग हेतु पंजीकरण कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनीश वर्मा, महामंत्री गोविंद शर्मा, महापौर प्रतिनिधि अंकुर अग्रवाल सुनीता उपाध्याय, मुनेश दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारी, बूथ कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। कैम्प के माध्यम से बड़ी संख्या में नए मतदाताओं के फॉर्म भरे गए, जिससे क्षेत्र में मतदाता जागरूकता को बल मिला।

## एक ही बरसात में जल भराव से लोग परेशान

**शाहगढ़, अमेठी।** ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाला हर्दोईया मार्ग-एक ही बारिश से पूरे रास्ते मे हुआ जलभराव राहगीर परेशान हो रहे। शाहगढ़ हर्दोईया मार्ग काफी दिनों से जर्जर है इस रास्ते से राहगीर आना नहीं पसंद करते हैं लगभग एक लाख की आबादी वाला या मार्ग काफी दिनों से खस्ता हाल है जो कि इस रास्ते पर आवा गमन अत्यधिक रहता है सोमवार को हुई बारिश ने विभाग की पोल खोल दी है जगह-जगह जलभराव से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और बारिश से बच्चे वा तिमारदार रोज गिर कर चोटिल हो रहे हैं व्यापारी अंकित पांडेय ने बताया की यह रोड सबसे खराब है व्यापारी वा राहगीर सभी परेशांन हैं कई बार विभाग को सूचित करने पर भी समस्या का समाधान नहीं होता है सड़क पर चलना तो क्या पैदल भी चलना दुश्वार है जगह जगह गड्ढे हैं स्कूली बच्चे व राहगीर प्रतिदिन गिरकर चोटिल हो रहे है चुल्बुल मिश्रा, पप्पू,, अनिल शुक्ला, अजय शुक्ला, पंकज तिवारी, कपिल पांडेय, रिंकू मिश्रा, अंकुर शुक्ला, रमेश पांडेय, देव लाल अग्रहरि आदि ने यह सड़क जल्द से जल्द बनवाने की माँग उप्र सरकार से की हैं।

संक्षेप

## टैफे के मैसी डायनास्टार कॉन्टेस्ट सीजन 3 शुरू

मुम्बई। मैसी डायनास्टार कॉन्टेस्ट 2026-सबसे बड़े ऑलराउण्डर की तलाश के दो सीजन सफलतापूर्वक पूरे होने के बाद, टैफे-ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड ने मौलिक रचनात्मकता सहित ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आज इस प्रतियोगिता के तीसरे सीजन की शुरुआत की घोषणा की। टैफे का मैसी डायनास्टार सीजन 3, जो इस श्रृंखला में अब तक की सबसे बड़ी प्रतियोगिता है, इसकी परिकल्पना किसानों, उद्यमियों, छात्रों, स्टार्टअप्स और ग्रामीण परिवर्तनकर्ताओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय नवाचार मंच के रूप में की गई है। कृषि एवं ग्रामीण उद्यमिता में नए आइडियाज को मान्यता देने और पोषित करने के अपने प्रगतिशील विचारों के लिए प्रशंसित - मैसी डायनास्टार कॉन्टेस्ट - किसानों, उद्यमियों, छात्रों, शिक्षाविदों और उन नवोन्मेषकों को एक ऑनलाइन मंच प्रदान करता है।

## अपोलो टायर्स का नया कैंपेन हर सफर में दम है शुरू

बंगलुरु। अपोलो टायर्स ने आज अपना नया ब्रांड कैंपेन हर सफर में दम है शुरू किया। इस कैंपेन में क्रिकेट आइकन सचिन तेंदुलकर के साथ टीम इंडिया के क्रिकेटर विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल, शुभमन गिल और अर्शदीप सिंह ऑफिशियल टीम इंडिया जर्सी में नजर आएंगे। इसमें ना केवल भारत का प्रतिनिधित्व करने का एक सपना दिखाया गया है, बल्कि यह गौरव अर्जित करने, उसे कायम रखने और अपने जीवन में उसे बनाए रखने के लिए जरूरी स्टैंडर्ड, अनुशासन और दृढ़ता को भी पेश किया गया है। इस कहानी के साथ-साथ दिग्गज क्रिकेटर और अपोलो टायर्स के ब्रांड एंबेसडर, सचिन तेंदुलकर को भी दिखाया गया है। वो क्रिकेटर्स की कई पीढ़ियों और लाखों भारतीयों की प्रेरणा हैं, वो उस स्थायी विरासत, मूल्यों और मानकों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो आज भी भारतीय क्रिकेट को परिभाषित करते हैं।

## अमेजन और आईआईटी रुड़की ने की साझेदारी

लखनऊ। अमेजन इंडिया ने आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत कृषि अवशेषों से ऐसे नए पैकेजिंग मटीरियल विकसित किए जाएंगे, जो पारंपरिक लकड़ी आधारित कागज और प्लास्टिक पैकेजिंग का टिकाऊ विकल्प बन सकें। इस परियोजना का उद्देश्य गैर-लकड़ी आधारित कागज तकनीक विकसित करना है, जिससे कृषि अवशेषों को जलाने के बजाय उपयोग में लाया जा सके और वर्जिन वुड पल्प पर निर्भरता कम हो। प्रस्तावित पैकेजिंग हल्की होने के साथ-साथ मजबूत होगी, पूरी तरह रीसाइकल करने और घरेलू स्तर पर कंपोस्ट किए जाने योग्य होगी। शोध के तहत गेहूं की पराली और बगास (गन्ने की खोई) जैसे फसल अवशेषों से उच्च गुणवत्ता वाला पल्प तैयार किया जाएगा, जिससे ऐसे पेपर मेलर बनाए जा सकें जिनकी मजबूती और टिकाऊपन पारंपरिक पैकेजिंग के बराबर हो। यह पहल न केवल पराली जलाने की समस्या को कम करने में मदद करेगी, बल्कि आयातित वुड पल्प पर निर्भरता घटाने और किसानों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर भी पैदा कर सकती है।

## सैमसंग ने बनाये दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

गुरुग्राम। सैमसंग ने आज घोषणा की कि गैलेक्सी एस सीरीज के लिए उसके देशव्यापी इंडिया #विद गैलेक्सी फोटोग्राफी चैलेंज ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपनी जगह बना ली है। यह स्मार्टफोन फोटोग्राफी और डिजिटल स्टोरीटेलिंग के क्षेत्र में एक बड़ा मील का पत्थर है। 2010 में लॉन्च हुई गैलेक्सी एस सीरीज ने अपनी क्रांतिकारी फोटोग्राफी, प्रीमियम डिजाइन और आसान उपयोग के कारण वर्षों से उपभोक्ताओं का दिल जीता है। इस सीरीज ने लगातार नए आविष्कारों के जरिए यूजर्स को दुनिया के और करीब लाया है, उनके जीवन को सुविधाजनक बनाया है और उन्हें बेमिसाल मोबाइल अनुभव दिए हैं। इंडिया #विद गैलेक्सी कैंपेन लोगों को जोड़ता है और एक राष्ट्र की भावना का जश्न मनाता है। दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर हमने गैलेक्सी एस सीरीज की क्षमताओं को प्रदर्शित किया है। साथ ही, हमने अपने उन उपभोक्ताओं की आवाज को मंच दिया है जो अपने लेंस के जरिए भारत की विविधता, सुंदरता और भावना को सामने लाते हैं। यह पहल नवाचार और सांस्कृतिक कहानी कहने के प्रति सैमसंग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# सेंसेक्स में 79 अंकों की उछाल



मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के शेयरों में तेज गिरावट के बीच घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को मामूली बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स 79 अंक की बढ़त पर रहा जबकि निफ्टी 48 अंक चढ़कर बंद हुआ।

कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी और कच्चे तेल के दाम में तेजी से भी निवेशक धारणा प्रभावित हुई। हालांकि, चुनिंदा शेयरों में तेजी से सूचकांक हल्की बढ़त के साथ बंद हुए। पिछले कारोबारी सत्र में जोरदार उछाल के बाद बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 78.56 अंक यानी 0.09 प्रतिशत बढ़कर 83,817.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 83,947.53 अंक के उच्चस्तर तक गया और 83,119.95 अंक के निचले स्तर तक आया। इस तरह इसमें 827.58 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयर वाला मानक सूचकांक निफ्टी 48.45 अंक यानी 0.19 प्रतिशत चढ़कर 25,776 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों और हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली से बाजार में सतर्कता का माहौल बना रहा। वैश्विक प्रौद्योगिकी शेयरों में कमजोरी का असर घरेलू आईटी शेयर पर भी पड़ा। सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल, ट्रेंट, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और मारुति सुजुकी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। इन शेयर में सात प्रतिशत तक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। प्रमुख आईटी कंपनियों में तेज गिरावट की वजह से बीएसई आईटी सूचकांक 5.49 प्रतिशत लुढ़ककर 35,109.51 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, उपयोगिता में 2.72 प्रतिशत, तेल व गैस में 2.37 प्रतिशत, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में 2.36 प्रतिशत, बिजली में 2.18 प्रतिशत, ऊर्जा में 1.91 प्रतिशत, विवेकाधीन वस्तुओं में 1.56 प्रतिशत और धातु में 1.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई। तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता सामान, धातु और वाहन शेयरों में मजबूत बढ़त देखी गई, जबकि वैश्विक प्रौद्योगिकी शेयरों में कमजोरी के चलते आईटी शेयरों पर बिकवाली का दबाव रहा। एआई स्टार्टअप एंथ्रोपिक की तरफ से समूची कार्यप्रणाली को स्वचालित करने वाला टूल पेश किए जाने से यह चिंता बढ़ी है कि कृत्रिम मेधा (एआई) में तीव्र प्रगति पारंपरिक सॉफ्टवेयर कारोबारी मॉडल को प्रभावित कर सकती है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 5,236.28 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,014.24 करोड़ रुपये का निवेश किया।

# चांदी तीन लाख रुपये के करीब पहुंची, सोना 1.65 लाख रुपये पर

नयी दिल्ली। कीमती धातुओं ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन राष्ट्रीय राजधानी में अपनी तेजी को बरकरार रखा। इस दौरान चांदी की कीमतें बढ़कर 2.98 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गईं और सोना 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रहा।



कारोबारियों ने कहा कि मजबूत वैश्विक रुख, कमजोर डॉलर ने इस उछाल में योगदान दिया। पिछले सप्ताह की भारी बिकवाली के बाद डॉलर के कमजोर होने से निवेशकों में बहुमूल्य धातुओं के प्रति रुचि फिर से जगी थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 14,300 रुपये, या 5.03 प्रतिशत बढ़कर 2,98,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछली सत्र में चांदी 2,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी तेजी से बढ़ा और 7,400 रुपये या 4.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,65,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जबकि मंगलवार को यह 1,57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने और चांदी ने बुधवार को अपनी तेजी जारी रखी, सोने की कीमतें तीन प्रतिशत से अधिक बढ़ीं और लगभग 1.6 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गईं, जबकि चांदी में भारी अस्थिरता और सुधार की अवधि के बाद दिन के कारोबार के दौरान छह प्रतिशत तक का उछाल आया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी 4.28 डॉलर, या 5.03 प्रतिशत बढ़कर 89.35 डॉलर प्रति औंस हो गई, जबकि सोना 100.03 डॉलर, या 2.02 प्रतिशत बढ़कर 5,047.07 डॉलर प्रति औंस हो गया। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से सुरक्षित निवेश की नई खरीदारी के कारण बुधवार को सोने और चांदी में तेजी आई। यह टकराव इस सप्ताह के आखिर में होने वाली अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता को लेकर उम्मीदों को कमज़ोर करता है।

## डेटा सेंटर स्थापित करने वाली विदेशी कंपनियों पर कोई कर जोखिम नहीं: वित्त मंत्रालय

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर क्लाउड सेवाएं प्रदान करने वाली विदेशी कंपनियों को 20 साल की कर छूट देने का बजट प्रस्ताव केवल उन्हीं कंपनियों पर लागू होगा, जिन्होंने भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से अधिसूचित डेटा सेंटर स्थापित किया है। ऐसे मामलों में इन विदेशी कंपनियों की वैश्विक आय पर भारत में कर लगाए जाने का कोई जोखिम नहीं होगा। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि बजट की यह घोषणा उन विदेशी कंपनियों को भी निश्चितता प्रदान करेगी, जो भारत में डेटा सेंटर से क्लाउड सेवाएं और खरीद सेवाएं प्राप्त करने के कारोबार में हैं। सूत्रों ने कहा कि अब भारतीय डेटा सेंटर वैश्विक क्लाउड इकाइयों को आत्मविश्वास के साथ अपनी सेवाएं दे सकते हैं क्योंकि इन वैश्विक इकाइयों को भारतीय डेटा सेंटर का उपयोग करने पर किसी कर जोखिम की आशंका नहीं रहेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने 2026-27 के बजट में घोषणा की थी कि जो भी विदेशी कंपनी भारत से डेटा सेंटर सेवाओं का उपयोग कर वैश्विक ग्राहकों को क्लाउड सेवाएं प्रदान करती है, उसे 2047 तक कर छूट दी जाएगी। हालांकि, ऐसी कंपनियों को भारतीय ग्राहकों को सेवाएं एक भारतीय रीसेलर इकाई के माध्यम से देनी होंगी।

## रुपया 11 पैसे टूटकर 90.43 प्रति डॉलर पर



मुंबई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति की घोषणा के बाद पिछले कारोबारी सत्र में आई तेजी के बाद बुधवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 11 पैसे गिरकर 90.43 (अस्थायी) पर आ गया।

यह गिरावट कॉरपोरेट और आयातकों द्वारा डॉलर की संभावित खरीदारी के कारण हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति के बाद सकारात्मक माहौल के बावजूद अभी भी सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि अभी तक कोई हस्ताक्षरित या आधिकारिक रूप से जारी व्यापार समझौता नहीं हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.35 पर खुला और कारोबार के दौरान 90.26 के उच्चस्तर तथा 90.54 के निचले स्तर घूमता रहा। अंत में घरेलू मुद्रा 90.43 (अस्थायी) पर बंद हुई, जो पिछले बंद स्तर से 11 पैसे कम है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर मंगलवार को सहमति होने के बाद भारतीय रुपया एशिया की सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बनकर उभरा था। उस दिन रुपये ने एक ही कारोबारी सत्र में 117 पैसे या 1.28 प्रतिशत की रिकॉर्ड बढ़त दर्ज की थी और अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 90.32 पर बंद हुआ था। पिछले सत्र में तेज बढ़त के बाद भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की शर्तों को लेकर निवेशकों की ओर से अधिक स्पष्टता की प्रतीक्षा के कारण बुधवार को भारतीय रुपया कमजोर पड़ गया। उम्मीद से कमजोर सेवा क्षेत्र यानी पीएमआई आंकड़ों के कारण रुपये पर दबाव बना रहा। व्यापार समझौते को लेकर आशावाद से मंगलवार को रुपये में तेज उछाल आया था, लेकिन कच्चे तेल की कीमतों में रातोंरात हुई बढ़ोतरी ने इसकी आगे की तेजी को सीमित कर दिया।

## आईटी शेयरों में गिरावट इन्फोसिस सात फीसद टूटा

नयी दिल्ली। अमेरिकी बाजारों में प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली के अनुरूप बुधवार को घरेलू शेयर बाजार में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में तेज गिरावट देखी गई। इस दौरान इन्फोसिस का शेयर सात प्रतिशत से अधिक लुढ़क जाने से पूरे क्षेत्र पर दबाव बना।

बीएसई पर दिग्गज आईटी सेवा प्रदाता इन्फोसिस का शेयर 7.19 प्रतिशत तक गिर गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 6.95 प्रतिशत, एलटीआईमाइंडट्री में 5.51 प्रतिशत और हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज में 4.98 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स में 4.69 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 4.22 प्रतिशत, टेक महिंद्रा में 4.12 प्रतिशत और विप्रो में 3.73 प्रतिशत की गिरावट रही। इन प्रमुख आईटी कंपनियों के शेयरों में आई इस बड़ी गिरावट से इन कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण करीब 1.66 लाख करोड़ रुपये घट गया। बीएसई का आईटी सूचकांक 5.49 प्रतिशत गिरकर 35,109.51 अंक पर बंद हुआ। एआई स्टार्टअप एंथ्रोपिक की तरफ से समूची कार्यप्रणाली को स्वचालित करने वाला टूल पेश किए जाने से यह चिंता बढ़ी कि कृत्रिम मेधा में तीव्र प्रगति पारंपरिक सॉफ्टवेयर कारोबारी मॉडल को प्रभावित कर सकती है।

# देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर जनवरी में दो महीने के उच्च स्तर पर: पीएमआई



नयी दिल्ली। देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर जनवरी में दो महीने के उच्च स्तर 58.5 पर पहुंच गई। नए कारोबार की प्राप्ति और उत्पादन में तेजी से विस्तार इसकी मुख्य वजह रही जिससे सेवा प्रदाताओं को अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती करने के लिए प्रोत्साहन मिला।

बुधवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी मिली। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक दिसंबर के 58.0 से जनवरी में दो महीने के उच्च स्तर 58.5 पर आ गया। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। भारत का सेवा क्षेत्र का पीएमआई जनवरी में बढ़कर 58.5 हो गया जो दिसंबर में 58.0 था। यह इस क्षेत्र में निरंतर गति का संकेत देता है। उत्पादन में मजबूत वृद्धि की मुख्य वजह नए ऑर्डर का लगातार आना रहा जिसमें दक्षिण और दक्षिणपूर्व एशिया से बढ़ती अंतरराष्ट्रीय मांग भी शामिल है। सर्वेक्षण में पाया गया कि भारत में सेवा प्रदाताओं ने नए कारोबार में तेजी से वृद्धि दर्ज की। वे भविष्य के प्रति अधिक आशावादी थे और उन्होंने अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती की। इसके अनुसार, नए ऑर्डर में पिछले दो महीनों में सबसे तेज वृद्धि हुई। नए कारोबार में वृद्धि का मुख्य स्रोत घरेलू बाजार रहा लेकिन अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में भी ठोस वृद्धि हुई। सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने इंडोनेशिया, केन्या, मलेशिया, ओमान, कतर, श्रीलंका, थाईलैंड और वियतनाम के ग्राहकों से प्राप्त नए व्यवसाय के बारे में जानकारी दी। भारत में सेवा प्रदाता भविष्य के प्रति अधिक आशावादी थे। कीमतों के मोर्चे पर सर्वेक्षण में पाया गया कि कच्चे माल की लागत और विक्रय शुल्क में वृद्धि तेज गति से हुई।

## सिप्ला का ब्रीदफ्री लंग वेलनेस सेंटर लॉन्च

नोएडा। भारत एक बढ़ती हुई जन स्वास्थ्य चुनौती का सामना कर रहा है। देश में क्रॉनिक रेस्पिरेटरी डिजीज और गैर-संक्रामक बीमारियों के बढ़ते बोझ में ये दो शीर्ष योगदानकर्ता हैं। भारत कम निदान की एक खामोश महामारी से जूझ रहा है, जिसमें गंभीर अस्थमा के लक्षणों का अनुभव करने वाले लगभग 70% लोगों का निदान नहीं हो पाता है और अनुमानित 95-98% सीओपीडी मामले बिना इलाज रह जाते हैं। दिल्ली और मुंबई में शुरू किया गया सिप्ला का ब्रीदफ्री लंग वेलनेस सेंटर - ऐसी ही एक सुविधा है। यह एक ऑन-ग्राउंड भौतिक केंद्र है। डॉक्टर और रोगियों को समय पर, उच्च गुणवत्ता वाले निदान तक पहुंच प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। आगे का रास्ता बेहतर सिस्टम, मजबूत समर्थन और डायग्नोस्टिक विशेषज्ञता तक आसान पहुँच के जरिए शुरूआती पहचान को सक्षम बनाने में है।

## आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया। यह बैठक अर्थव्यवस्था में वृद्धि पर केंद्रित आम बजट और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा की पृष्ठभूमि में हो रही है, जिससे बाजार की धारणा मजबूत हुई है। मौद्रिक नीति समिति का फैसला शुक्रवार सुबह गवर्नर मल्होत्रा द्वारा घोषित किया जाएगा।

विशेषज्ञों का मानना कि भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले फरवरी से अब तक प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 1.25 प्रतिशत अंक की कटौती कर दी है और चूंकि फिलहाल न तो वृद्धि और न ही मुद्रास्फीति के मोर्चे पर कोई बड़ी चिंता है, इसलिए इस बार दरों में यथास्थिति बनाए रखी जा सकती है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि उधारी लागत को और कम करने के लिए केंद्रीय बैंक एक और दर कटौती कर सकता है। आरबीआई का दर कटौती चक्र फिलहाल समाप्त होता दिख रहा है। व्यापार समझौते से विकास को लेकर निश्चितता बढ़ेगी और उच्च आवृत्ति संकेतकों में दिख रहा मौजूदा सकारात्मक रुझान आगे भी बना रह सकता है। हमारा यह भी मानना है कि आरबीआई ने अब ब्याज दरों में कटौती करना बंद कर दिया है, लेकिन वह अपने तरलता प्रावधानों का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करना जारी रखेगा।

## डीएसपी मल्टी ऐसेट ओमनी फंड ऑफ फंड्स लॉन्च

मुंबई। डी एस पी म्यूचुअल फंड ने आज डी एस पी मल्टी ऐसेट ओमनी फंड ऑफ फंड्स लॉन्च करने की घोषणा की है, जो फंड स्कीम का एक ओपन-एंडेड फंड है, जिसका उद्देश्य उन व्यक्तियों के लिए इंवेस्ट को आसान बनाना है, जिन्हें बाजारों, टाइम ऐसेट आवंटन निर्णयों को ट्रैक करना या साइकिल में कई इंवेस्टमेंट का प्रबंधन करना कठिन लगता है। नया फंड ऑफर 5 फरवरी, 2026 को खुलेगा और 19 फरवरी, 2026 को बंद होगा। यह फंड डी एस पी नेत्रा, डी एस पी म्यूचुअल फंड के इन-हाउस मार्केट इंटेलिजेंस फ्रेमवर्क से संचालित है। डी एस पी नेत्रा ऐसेट वर्गों में सुरक्षा के जोखिम और मार्जिन का आकलन करने के लिए बाजार डेटा, मूल्यांकन और दीर्घकालिक ऐतिहासिक पैटर्न का इस्तेमाल करता है, जिससे बाजार की स्थिति विकसित होने पर आवंटन निर्णयों का मार्गदर्शन करने में मदद मिलती है।

पेज एक का शेष

### सीएम ने

गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओटीएस-2026 योजना को अधिक व्यावहारिक और लाभकारी स्वरूप दिया जाए। एकमुश्त भुगतान करने वाले आवंटियों को देयों पर उपयुक्त छूट दी जाए। साथ ही, किस्तों में भुगतान की सुविधा हो। उन्होंने कहा कि योजना के प्रावधानों को अंतिम रूप देते समय यह ध्यान रहे कि योजना के मूल में आम आदमी को राहत देने का ही भाव निहित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विभाग द्वारा प्रत्येक आवेदन का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में कर दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई योजना लागू होने से हजारों आवंटियों को राहत मिलेगी और विभाग को राजस्व भी प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने विभाग को निर्देश दिया कि योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार की विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे अवगत हो सकें। उन्होंने कहा, 'एकमुश्त समाधान योजना' के बारे में आम जनता के बीच सक्रिय रूप से जानकारी पहुंचाई जाए, ताकि सभी पात्र लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि योजना की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन, पारदर्शी और उपयोगकर्ता-अनुकूल होनी चाहिए।

### सीता मइया

चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि इस गैलरी की कथा-वस्तु, डिजाइन, विजुअल भाषा, कला और तकनीक सहित सभी आयाम इस भावना को प्रकट करें कि हम एक दिव्य विरासत का पुनर्पाठ कर रहे हैं, जिसे नई पीढ़ी के सामने प्रेरणास्रोत के रूप में स्थापित किया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैदेही आर्ट गैलरी की मूल भावना यही हो कि आगंतुक सीता माता के जीवन-संदेश को केवल देखें नहीं, बल्कि उसे अनुभव करें, समझें और आत्मसात करें।

### सदन में

ने आगे बताया कि शाम करीब पांच बजे जब सदन फिर से शुरू हुआ और प्रधानमंत्री के जवाब की उम्मीद थी, तभी विपक्ष की कुछ महिला सांसद ट्रेजरी बेंच की सीटों के पास पहुंच गईं। इनमें वर्षा गायकवाड़ और ज्योतिमणि शामिल थीं। उन्होंने 'डू व्हॉट इज राइट' लिखा बड़ा बैनर पकड़ रखा था। यह विरोध एक दिन पहले निलंबित किए गए आठ विपक्षी सांसदों के समर्थन में बताया गया। महिला सांसदों ने प्रधानमंत्री की सीट के आसपास खड़े होकर विरोध जताया।

प्रधानसंत्री के संबोधन न होने पर भी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो साझा कर कहा कि जैसा उन्होंने पहले कहा था, पीएम सदन में नहीं आएंगे क्योंकि वे सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते। वीडियो में राहुल गांधी दोपहर के समय यह कहते दिखे कि यदि प्रधानमंत्री आते तो वे उन्हें एक किताब देते और उस पर चर्चा की मांग करते।

### राहुल की

हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कांग्रेस नेता ने शिष्टता की सभी सीमाएं पार कर दी हैं। भाजपा ने अपनी सिख नेताओं, जिनमें पुरी और दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा शामिल हैं, को मैदान में उतारा और कांग्रेस पर 1984 के सिख विरोधी दंगों जैसी सिख विरोधी मानसिकता रखने का आरोप लगाया है। सिरसा ने कहा कि असली गद्दार गांधी परिवार है जिसने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर को टैंकों और बंदूकों से अपवित्र किया तथा सिखों के गले में टायर डालकर उन्हें जिंदा जला दिया।

सिख समुदाय से संबंध रखने वाले बिट्टू लुधियाना और आनंदपुर साहिब से तीन बार सांसद रहे हैं और फिलहाल केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री हैं। वह 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच बुधवार को नोकझोंक देखने को मिली जब संसद परिसर में कांग्रेस नेता ने उन्हें गद्दार कहकर संबोधित किया और उसके जवाब में बिट्टू ने देश का दुश्मन कहा। यह घटना संसद के मकर द्वार के निकट उस वक्त घटी, जब वहां वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि से निलंबित किए गए आठ विपक्षी सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। राहुल गांधी इनके साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए प्रदर्शन में शामिल थे। कांग्रेस के नेता रह चुके बिट्टू संसद भवन में प्रवेश कर रहे थे और वह टिप्पणी करते सुने गए कि ये (प्रदर्शन कर रहे सांसद) जंग जीतकर आए हैं। इस पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा देखिए यहां एक गद्दार चला आ रहा है, मेरे गद्दार मित्र, चिंता मत करो, वापस आ जाओ।

इस पर बिट्टू ने कहा कि ये देश के दुश्मन हैं। इसके बाद गांधी ने बिट्टू से हाथ मिलाने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया और कहा, नमस्कार भाई, मेरे गद्दार दोस्त। चिंता मत करो, तुम वापस (कांग्रेस में) आओगे। हालांकि भाजपा नेता ने हाथ नहीं मिलाया और सीधे संसद भवन के अंदर चले गए। हालांकि, बिट्टू ने हाथ मिलाने से इनकार कर दिया और गांधी की ओर इशारा करते हुए कहा, देश के दुश्मन। कांग्रेस द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में, केंद्रीय मंत्री को मकर द्वार की सीढ़ियों से गुजरते हुए देखा जा सकता है, जिसमें वह कांग्रेस नेताओं और निलंबित सांसदों की ओर इशारा करते हुए अपने देश के दुश्मन वाले आरोप को दोहरा रहे हैं। बिट्टू ने बाद में राहुल गांधी को सोनिया गांधी का बिगड़ा हुआ बेटा करार दिया। भाजपा नेता ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा, उन्होंने यह बात कई अन्य सांसदों से क्यों नहीं कही, बल्कि केवल एक सिख से ही क्यों कही? बिट्टू ने एक वीडियो संदेश में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, वे (गांधी परिवार) खुद को सबसे बड़ा देशभक्त मानते हैं क्योंकि उनके पिता (राजीव गांधी) ने अपना जीवन कुर्बान किया था। मैने पार्टी में यह लड़ाई लड़ी कि मेरे दादा, बेअंत सिंह गांधी परिवार द्वारा लगाई गई आग के कारण पंजाब में शहीद हुए। केंद्रीय मंत्री ने कहा उन्होंने सबसे पवित्र गुरुद्वारे, स्वर्ण मंदिर पर हमला किया और गुरु ग्रंथ साहिब पर गोलियां चलाईं। उन्होंने स्वर्ण मंदिर को ध्वस्त कर दिया और कई पंजाबियों को मार डाला। उनकी समस्या यह है कि शहीदों के नाम लेते समय मेरे दादाजी का नाम भी राजीव गांधी के साथ लिया गया। भाजपा नेता ने कहा, मैं एक शहीद का पोता हूं और जब तक मैं कांग्रेस में था, सब ठीक था। लेकिन अब जब मैं भाजपा में हूं, तो ये मुझे ऐसे नामों से पुकार रहे हैं। ये खुद को क्या समझते हैं? ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने के बाद, वह मेरी तरफ हाथ भी बढ़ा रहे हैं। ये खुद को शहंशाह समझते हैं और ऐसे दिखावा करते हैं कि जैसे देश के मालिक हैं।

### पुलिस हिरासत

पर यह मुकदमा दर्ज किया गया। उधर, घटना के बाद इसी मामले में रानी की सराय थाने में हत्या का मुकदमा दारोगा नरेंद्र बहादुर सिंह के विरुद्ध पहले ही दर्ज कर लिया गया था। जिसके कारण शहर कोतवाली में दर्ज मुकदमे को रानी की सराय थाने में दर्ज मुकदमे में शामिल कर लिया गया। बाद में शासन ने सितंबर 2003 में इस मामले की जांच सीबीसीआइ डी को सौंप दी। सी बी सीआईडी ने फरवरी 2005 में चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित किया। दौरान मुकदमा आरोपी दारोगा नरेंद्र बहादुर सिंह की मौत हो गई। अभियोजन पक्ष की तरफ से जिला शासकीय अधिवक्ता प्रियदर्शी पियूष त्रिपाठी तथा सहायक शासकीय अधिवक्ता दीपक कुमार मिश्रा ने कुल सात गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी तत्कालीन थानाध्यक्ष जे के सिंह को आजीवन कारावास तथा एक लाख पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

### प्रवीण कुमार

अनुपम सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, सेनानायक 9वीं वाहिनी पीएससी मुरादाबाद ख्याति गर्ग को पुलिस अधीक्षक खीरी, पुलिस अधीक्षक रायबरेली यशवीर सिंह को पुलिस अधीक्षक बस्ती, सेनानायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद चारू निगम को पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर, पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनंदन को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर, सेनानायक 01वीं वाहिनी एसएसएफ लखनऊ अविनाश पाण्डेय को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ, पुलिस अधीक्षक अमेठी अर्पणा रजत को पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर, सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर रवि कुमार को पुलिस अधीक्षक रायबरेली, पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय अभिसूचना आगरा सुकीर्ति माधव को पुलिस अधीक्षक पीलीभीत, अपर पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी सर्वानन टी. को पुलिस अधीक्षक अमेठी और अपर पुलिस अधीक्षक संभल अनुकृति शर्मा को अपर पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर बनाया गया।

### यूपी के

2026 से इन शिक्षकों को प्रति माह 17,000 रुपये के हिसाब से मानदेय देना शुरू करे, और बकाया राशि का भुगतान आज से छह महीने के अंदर किया जाए। अदालत ने कहा, 'आंशिक समय या संविदा पर नियुक्त किए गए प्रशिक्षकोंशिक्षकों की नियुक्ति प्रारंभिक 11 महीने के अनुबंध या विस्तारित अनुबंध की अवधि समाप्त होने पर संविदा नियुक्ति नहीं रह जाती। इन प्रशिक्षकोंशिक्षकों ने दस साल से अधिक समय तक लगातार काम किया है, इसलिए इन्हें स्थायी रूप से नियुक्त माना जाएगा, क्योंकि समय के साथ और काम की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए, ऐसे पदों का स्वचालित रूप से सृजन हो जाता है।

### उत्तराखंड : कौशल

दूसरी ओर प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, कारपेंटर, मिस्त्री जैसे कुशल श्रमिकों की निरंतर मांग बनी हुई है। उन्होंने शिक्षा, तकनीकी, कौशल और उद्योग विभागों को साझा रणनीति के तहत कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि यह असंतुलन समाप्त हो सके।

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि बदलते औद्योगिक परिदृश्य में सरकार की प्राथमिकता केवल भौतिक ढांचे के विकास तक सीमित नहीं होगी, बल्कि उद्योगों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप दक्ष मानव संसाधन तैयार करना भी उतना ही महत्वपूर्ण होगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जैसे ही किसी युवा का चयन प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए किया जाए, उसे संभावित रोजगार प्रदाता संस्थानों से जोड़ा जाए, ताकि प्रशिक्षण अवधि के दौरान ही उसका करियर पथ स्पष्ट हो सके। साथ ही सभी योजनाओं के परिणामों को 6 माह, मध्य अवधि और दीर्घ अवधि–तीनों स्तरों पर मापने के निर्देश दिए गए।

### कैंसर के

लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि बीमारी का पता शुरूआती चरण में ही चल सके और मृत्यु दर घटाई जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकना चाहिए। इसके तहत आयुष्मान भारत योजना के तहत बड़ी संख्या में कैंसर मरीजों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड जारी करने में उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री राहत कोष गंभीर रोगों से जूझ रहे मरीजों के लिए अंतिम सुरक्षा कवच बना है। बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को सीधे अस्पतालों के माध्यम से आर्थिक सहायता दी गई है, जिससे धन के अभाव में इलाज न रुकने पाए। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और अन्य संस्थानों में बाल चिकित्सा ऑन्कोलॉजी विभाग को सशक्त किया गया है, ताकि बच्चों में कैंसर का इलाज प्राथमिकता पर हो। साथ ही, एआई जैसी आधुनिक तकनीकों को कैंसर जांच और उपचार में शामिल करने की दिशा में भी कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

### गाजियाबाद : गेम

देर रात दो बजकर 15 मिनट पर सूचना मिली कि साहिबाबाद इलाके में टीला मोड़ थाना क्षेत्र में भारत सिटी के एक टावर में नौवीं मंजिल के फ्लैट की बालकनी से तीन लड़कियों ने छलांग लगा दी है।




# भारत 10वीं बार अंडर-19 के फाइनल में

## 6 फरवरी को इंग्लैंड से मुकाबला; अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया, आरोन जॉर्ज का शतक

एजेंसी



हरारे। भारत ने 10वीं बार अंडर-19 वर्ल्डकप के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को टीम ने दूसरे सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया। 6 फरवरी को टीम इंडिया का फाइनल मैच इंग्लैंड के साथ होगा। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर रही अफगानिस्तान ने 50 ओवर में 4 विकेट खोकर 310 रन बनाए हैं। टीम से फैजल शिनोजादा (110 रन) और उजैरुल्लाह नियाजई (नाबाद 101 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं। भारत से दीपेश देवेन्द्रन और कनिष्क चौहान ने दो-दो विकेट झटके। 311 रन के जवाब में भारतीय टीम ने ओपनर आरोन जॉर्ज (115 रन) के शतक की बदौलत 41.1 ओवर में 3 विकेट पर जीत हासिल कर ली। टीम से वैभव सूर्यवंशी (68 रन) और कप्तान आयुष म्हात्रे (62 रन) ने फिफ्टी लगाई। भारत ने टूनार्मेंट के इतिहास में सबसे बड़ा रन चेज किया है। इतना ही नहीं, भारत ने यूथ वनडे में सबसे बड़ा टारगेट चेज किया है। इस मुकाबले में 620 रन बने। जोकि भारत और अफगानितान की टीमों के बीच यूथ वनडे मैच में सबसे ज्यादा हैं। पिछला रिकॉर्ड 521 रनों का था, जोकि 5 साल पहले 27 दिसंबर 2021 को कउउ के दुबई मैदान पर बना था।

अफगानिस्तान से फैजल और उजैरुल्लाह के शतक अफगानिस्तान की ओर से दो शतक लगे। इसके बावजूद अफगानी टीम भारत से पार नहीं पा सकी। भारतीय टीम ने 311 रन का टारगेट 41.1 ओवर में चेज कर लिया है। टीम ने 7 विकेट की जीत हासिल की। इस जीत में आरोन जॉर्ज के अलावा, कप्तान आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी की फिफ्टी का भी योगदान रहा। 40वें ओवर में भारत ने 300 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। विहान मल्होत्रा ने सिंगल लेकर टीम इंडिया को 300 के आंकड़े तक पहुंचाया। इस ओवर की तीसरी बॉल पर आरोन जॉर्ज 115 रन बनाकर आउट हो गए। वहीदुल्लाह जादरान ने कैच आउट कराया। भारतीय ओपनर आरोन जॉर्ज ने 37वें ओवर में शतक पूरा किया। उन्होंने 95 बॉल पर सेंचुरी लगाई। 36वें ओवर में विहान मल्होत्रा को जीवनदान मिला। वे अब्दुल अजीज को उन्हीं की बॉल पर कैच थमा बैठे थे। फील्ड अंपायर ने उन्हें आउट भी दे दिया था, लेकिन थर्ड अंपायर ने कैच चेक करने के लिए हाईलाइट देखी तो पता चला कि गेंदबाज का पैर क्रीज से बाहर था। 34वें ओवर में आरोन जॉर्ज और विहान मल्होत्रा ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की। जॉर्ज ने अब्दुल अजीज की तीसरी बॉल पर चौका लगाकर फिफ्टी पार्टनरशिप की। 33वें ओवर में भारतीय टीम ने 250 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। खातिर स्टानिकजई की चौथी बॉल पर आरोन जॉर्ज ने एक रन लिया और टीम को 250 पार पहुंचाया।

जॉर्ज फिफ्टी बनाकर खेल रहे हैं। आज भारत और अफगानिस्तान के बीच एक यूथ वनडे में सबसे ज्यादा रन बनने का रिकॉर्ड बना। 28वें ओवर में भारतीय टीम के 219वा रन बनाते ही यह रिकॉर्ड बना। इससे पहले यह रिकॉर्ड 521 रनों का था, जोकि 5 साल पहले 27 दिसंबर 2021 को कउउ के दुबई मैदान पर बना था। 27वें ओवर की दूसरी बॉल पर भारत ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान आयुष म्हात्रे 62 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूरिस्तानी उमरजई ने उस्मान सादात के हाथों कैच कराया। इसी के साथ शतकीय साझेदारी टूट गई। नूरिस्तानी ने वैभव सूर्यवंशी (33 बॉल पर 68 रन) को भी आउट किया। 311 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने 25वें ओवर में 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। आयुष म्हात्रे ने नूरिस्तानी उमरजई की आखिरी बॉल पर सिंगल लेकर टीम स्कोर 100 पार पहुंचाया। 23वें ओवर में आयुष म्हात्रे ने भी फिफ्टी पूरी कर ली।

उन्होंने 43 बॉल पर अर्धशतक लगाया। आयुष इस टूनार्मेंट में दूसरा अर्धशतक लगाया। इसी ओवर में दोनों ने शतकीय साझेदारी भी पूरी की। 20वें ओवर की आखिरी बॉल पर ऑरोन जॉर्ज ने छक्का लगाकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 37 बॉल पर अर्धशतक लगाया। वे आयुष म्हात्रे के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं। 19वें ओवर में भारतीय टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। खातिर स्टानिकजई के ओवर की आखिरी बॉल पर आयुष म्हात्रे ने एक रन लिया और टीम का स्कोर 150 पार पहुंचाया। 18वें ओवर में आरोन जॉर्ज और आयुष म्हात्रे ने दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की। म्हात्रे ने रूहुल्लाह अरब की तीसरी बॉल पर चौका लगाया और साझेदारी को 50 पार पहुंचा दिया। 12वें ओवर में भारतीय टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। आयुष म्हात्रे ने नूरिस्तानी उमरजई की तीसरी बॉल पर छक्का लगाया और टीम को 100 पार पहुंचा दिया। पावरप्ले-1 के आखिरी ओवर में भारत ने पहला विकेट गंवाया। यहां पर वैभव सूर्यवंशी 33 बॉल पर 68 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूरिस्तानी उमरजई ने उस्मान सादात के हाथों कैच कराया। इसी के साथ ओपनिंग पार्टनरशिप ब्रेक हुई। 8वें ओवर में वैभव सूर्यवंशी को दूसरा जीवनदान मिला। नूरिस्तानी उमरजई की चौथी बॉल पर वहीदुल्लाह जादरान से मिडऑन पर आसान सा कैच छूट गया। 7वें ओवर में वैभव सूर्यवंशी ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने 24 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने अब्दुल अजीज की आखिरी बॉल पर छक्का लगाया। इसी ओवर में भारतीय टीम ने 50 रन का आंकड़ा भी पार किया। छठे ओवर में भारतीय टीम ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। वैभव सूर्यवंशी और आरोन जॉर्ज ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। 5वें ओवर की पहली बॉल पर वैभव सूर्यवंशी को जीवनदान मिला। अब्दुल अजीज की बॉल पर उजैरुल्लाह नियाजई ने बैकवर्ड पॉइंट्स पर कैच ड्रॉप किया। चौथे ओवर में वैभव सूर्यवंशी ने वहीदुल्लाह जादरान की बॉल पर लगातार दो चौके और एक छक्का लगाया। इस ओवर से 15 रन आए। 4 ओवर के बाद भारत का स्कोर 31 रन पहुंच गया। भारतीय पारी के दूसरे ओवर की तीसरी बॉल पर वैभव सूर्यवंशी ने अपनी पारी का पहला चौका लगाया।

# पिस्टल निशानेबाज ईशा ने भारत को दिलाये दो स्वर्ण, सम्राट को कांस्य



नयी दिल्ली। ओलंपियन ईशा सिंह ने पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए बुधवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (पिस्टलाराइफल) के पहले दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और भारत को टीम वर्ग में भी पीला तमगा दिलाने में मदद की, लेकिन विश्व चैंपियन सम्राट राणा को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इक्कीस वर्षीय ईशा ने फाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 239.8 अंक हासिल किए। उन्होंने चीनी ताइपे की दो निशानेबाजों चेंग येन चिंग (235.4, रजत) और यू ऐ वेन (217.7, कांस्य) के अलावा हमवतन सुरुचि सिंह की कड़ी चुनौती से पार पाकर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। इस निशानेबाज ने पिछले साल चीन के निंगबो में आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2024 में 19 वर्ष की आयु में जकार्ता में अपना पहला महाद्वीपीय खिताब जीता था। पहले 10 शॉट के चरण के बाद फाइनल में बढ़त बनाने वाली 19 वर्षीय सुरुचि एलिमिनेशन राउंड में पिछड़ गईं और चौथे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने और आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय मनु भाकर सातवें स्थान पर रहीं।

ईशा ने संयम बनाए रखते हुए 10.4 और उससे अधिक के तीन स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा मजबूत किया जबकि इस बीच चीनी ताइपे की दोनों निशानेबाज पिछड़ गई। क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि 576 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि मनु और ईशा दोनों का स्कोर 575 रहा। इन तीनों ने फाइनल में जगह बनाई। सुरुचि (576), मनु (575) और ईशा (575) की तिकड़ी ने कुल 1726 अंकों के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता, जो क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाले वियतनाम (1713) और चीनी ताइपे (1711) से काफी अधिक था। इससे पहले विश्व चैंपियन सम्राट पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पिछले साल काहिरा में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सम्राट ने क्वालीफाइंग राउंड में 581 का स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई और लग रहा था कि वह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहेंगे। लेकिन फाइनल में यह 21 वर्षीय खिलाड़ी 220.3 का स्कोर बनाकर उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव (242.0) और कजाकिस्तान के वैलेरी रखिमजान (241.0) से पीछे तीसरे स्थान पर रहा। आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी श्रवण कुमार चौथे स्थान पर रहे। भारत ने इस स्पर्धा में टीम रजत पदक जीता। भारत की तरफ से सम्राट (581), श्रवण (578) और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता वरुण तोमर (573) ने कुल 1732 अंक बनाए। उज्बेकिस्तान के भी 1732 अंक थे लेकिन उसने मेजबान भारत के 52 के मुकाबले 58 इनर 10 का स्कोर बनाया था और इसलिए उसे स्वर्ण पदक मिला।

कजाकिस्तान 1731 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत ने इस प्रतियोगिता में 118 निशानेबाजों का सबसे बड़ा दल उतारा है। कजाकिस्तान का दल दूसरा सबसे बड़ा है। उसके 35 निशानेबाज इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सदस्यीय निशानेबाजी टीम को बुधवार से यहां शुरू हुई एशियाई चैंपियनशिप के लिए आना था लेकिन उसे देश में राजनीतिक अशांति के कारण वीजा आवेदन में देरी के बाद टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उनकी गैरमौजूदगी महाद्वीपीय चैंपियनशिप के लिए बड़ा झटका है क्योंकि ईरान निशानेबाजी में मजबूत टीम रहा है और इस खेल में उसका रिकॉर्ड शानदार रहा है।

## संक्षेप

### तृतीय मीडिया ओलंपिक सात और आठ को

लखनऊ। मीडियाकर्मियों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य व फिटनेस को ध्यान में रखते हुए मीडिया ओलंपिक के तीसरे संस्करण का आयोजन 7 और 8 फरवरी 2026 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में किया जा रहा है। मीडिया ओलंपिक संघ और द इंडियन व्यू के तत्वावधान में होने वाले दो दिवसीय इस आयोजन में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज, फुटबाल शूट आउट और रस्साकसी की स्पर्धाएं होंगी। आयोजन सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में किसी भी आयु के मीडिया कर्मी और उनके परिवार के सदस्य हिस्सा ले सकते हैं। इसके विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व मीडिया ओलंपिक के दो संस्करण हो चुके है जिन्होंने सफलता के नए मानदंड स्थापित किए थे। इस वर्ष भी हम तृतीय संस्करण का आयोजन इसलिए कर रहे है ताकि मीडिया कर्मियों के परिवारों की प्रतिभाओं को वि भिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच उपलब्ध कराया जा सके। इन खेलों का उद्घाटन 7 फरवरी को केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर सुबह 11 बजे होगा जबकि समापन 8 फरवरी को केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर शाम 4 बजे होगा।

### देविका ने सफलता का श्रेय सिंधू को दिया

नयी दिल्ली। थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 की विजेता देविका सिहाग ने अपनी इस शानदार जीत का श्रेय दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के साथ कई महीनों के अभ्यास और मशहूर कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा के मार्गदर्शन को दिया। हरियाणा की यह 20 वर्षीय खिलाड़ी साइना नेहवाल और सिंधु के बाद सुपर 300 महिला एकल खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला शटलर बन गईं है। देविका ने कहा, सिंधु दीदी के खेल को करीब से देखना और उनके साथ अभ्यास करना मेरे लिए बहुत मददगार साबित हुआ। वह बहुत अनुशासित और मेहनती हैं और इससे मुझे भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली। मैं पिछले कुछ महीनों से उनके साथ अभ्यास कर रही हूं। उन्होंने इंडोनेशियाई कोच इरवानस्याह की भूमिका को भी स्वीकार किया, जिन्होंने इससे पहले जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग जैसे शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ काम किया है। देविका ने कहा वह बहुत अनुभवी कोच हैं।

# भारत ने भूटान को 8-0 से हराया



एजेंसी

पोखरा (नेपाल)। भारत की अंडर-17 महिला टीम ने बुधवार को यहां सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के अपने अंतिम राउंड-रॉबिन मैच में भूटान को 8-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया जिसमें उसका सामना बांग्लादेश से होगा। भारत के लिए पर्ल फर्नांडिस (16, 39, 41वें मिनट) ने पहले हाफ में हैट्रिक लगाई जबकि प्रीतिका बर्मन (25, 90वें मिनट) ने भारत के लिए दोनों हाफ में एक-एक गोल किया। अलीशा लिंगदोह (छठे), अभिस्ता बसनेट (10वें), और दिव्यानी लिंडा (17वें) ने एक-एक गोल किया। वहीं बांग्लादेश ने दिन के दूसरे मैच में मेजबान नेपाल को 4-0 से हराया। भारत तालिका में तीन मैच में छह अंक के साथ बांग्लादेश से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा।

मेजबान टीम तीन अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही जबकि भूटान बिना किसी अंक के सबसे नीचे रहा। तालिका में शीर्ष दो टीम भारत और बांग्लादेश अब शनिवार को फाइनल में आमने-सामने होंगी। भारतीय अंडर-17 टीम एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 की तैयारियों के लिए बड़ी आयु वर्ग की सैफ चैंपियनशिप में भाग ले रही है। प्रीतिका को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में बांग्लादेश से होगा सामना**

## डेविस कप : बेंगलुरु के ऊंचाई पर स्थित स्थल से सामंजस्य बैठाना होगा भारत-नीदरलैंड को

बेंगलुरु। भारत और नीदरलैंड जब इस सप्ताहांत बेंगलुरु में डेविस कप मुकाबले के लिए कोर्ट पर उतरेंगे तो वे सिर्फ एक-दूसरे से मुकाबला नहीं करेंगे बल्कि टेनिस की सबसे मुश्किल परिस्थितियों में से एक ऊंचाई का भी सामना करेंगे। समुद्र तल से 900 मीटर (2,950 फीट) की ऊंचाई पर बेंगलुरु भारत का सबसे ऊंचाई पर स्थित टेनिस आयोजन स्थल है जो पुणे (550 मीटर) से काफी अधिक ऊंचाई पर स्थित है। हालांकि यह क्विटो (2850 मीटर) या ला पाज (3500 मीटर) जैसे स्थलों जितना मुश्किल नहीं है लेकिन इतनी ऊंचाई पर भी हवा गेंद, शरीर और खिलाड़ियों के अंक बनाने के तरीके पर काफी असर डाल सकती है। डेविस कप जैसी टीम प्रतियोगिताओं में गलती की गुंजाइश काफी कम होती है और ऐसे में परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाना काफी महत्वपूर्ण होगा। ज्यादा ऊंचाई पर हवा का सीधा असर गेंद की स्पीड पर होता है - शॉट तेजी से जाते हैं और गेंद अधिक उछलती है। समुद्र तल के स्तर पर जो रैली नियंत्रण में लगती है ,वह बेंगलुरु में अचानक लंबी जा सकती है। खिलाड़ियों को सबसे पहले जो बदलाव करना होता है वह है रैकेट की तारों में।

# आरसीबी की निगाह दूसरे खिताब पर

एजेंसी




वडोदरा। लीग चरण में खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके उत्साह से लबरेज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुरुवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के फाइनल में दूसरा खिताब जीतने की कोशिश करेगी जबकि पिछले तीन बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स की टीम खिताबी मुकाबले में हार के मिथक को तोड़ने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इन दोनों टीम के हाल के प्रदर्शन को देखते हुए यह निश्चित है कि फाइनल में रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। पूर्व चैंपियन आरसीबी ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है और मुश्किल परिस्थितियों में वापसी करने की अपनी क्षमता भी साबित की है। इसी जुझारूपन की बदौलत उसने लगातार पांच जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए इतिहास रचा। वह डब्ल्यूपीएल में ऐसा करने वाली पहली टीम बन गई। इस सत्र में आरसीबी की किसी न किसी खिलाड़ी ने जरूरत के समय अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे उसे हराना किसी भी टीम के लिए चुनौती बन गई है। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी दूसरा खिताब जीतकर मुंबई इंडियंस की बराबरी करना चाहेगी।

**मिथक तोड़ने की कोशिश करेगा दिल्ली कैपिटल्स**

पिछले दो मैच में उसने शानदार प्रदर्शन करके अच्छी लय के साथ फाइनल में प्रवेश किया है। उसने यूपी वॉरियर्स को पिछले मैच में ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ग्रेस हैरिस की 75 रन की तूफानी पारी से आठ विकेट से हराया जबकि गुजरात जायंट्स के खिलाफ गौतमी नाइक की 73 रन की पारी की मदद से 2024 की चैंपियन टीम ने 61 रन से जीत दर्ज की थी। आरसीबी की चिंता इस सत्र में उसके कुछ बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इनमें मंधाना, हैरिस, जॉर्जिया वोल और ऋचा घोष भी शामिल हैं लेकिन कुछ अवसरों पर उनका योगदान निर्णायक साबित हुआ है। वहीं तेज गेंदबाज़ नादिन डी क्लर्क और सायली सतघरे ने अहम मौकों पर शानदार प्रदर्शन किया है।

# विश्व कप में खतरनाक साबित होगा भारत : धोनी




एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करते हुए कहा है कि उन्हें कोई यह न बताए कि वे खेलना जारी रख सकते हैं या नहीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय टीम घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप में खतरनाक साबित होगी। धोनी ने खेल प्रसारक जतिन सप्रू के साथ एक साक्षात्कार में भारतीय क्रिकेट पर अपने विचार व्यक्त किए। लगभग आधे घंटे की बातचीत के दौरान जब रोहित (38 वर्ष) और कोहली (37 वर्ष) के 2027 वनडे विश्व कप खेलने की संभावना को लेकर बात हुई तो धोनी ने पहले चुटकी लेते हुए कहा, माफ़ कीजिए, सवाल क्या है। लेकिन धोनी ने तुरंत ही गंभीर लहजा अपनाते हुए पूछा, क्यों नहीं। किसी को विश्व कप क्यों नहीं खेलना चाहिए। मेरे लिए उम्र कोई मापदंड नहीं है। मेरे लिए प्रदर्शन और फिटनेस ही मापदंड हैं। मेरा मानना है कि किसी को कुछ भी बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन यह स्पष्ट होना चाहिए कि सबके साथ एक जैसा व्यवहार किया जाएगा।

उन्होंने कहा जब मैंने पदार्पण किया तब मैं 24 साल का था। किसी ने मुझे कुछ नहीं कहा और अब जब मैं 10 साल या 20 साल से भारत के लिए खेल रहा हूं, तो किसी को आकर मेरी उम्र के बारे में बताने की जरूरत नहीं है। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी अब भी आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलता है। धोनी ने कहा कि टीम में अनुभव काफी महत्व रखता है। उन्होंने कहा चाहे रोहित हों या विराट या अगले पांच वर्षों में उभरने वाले अन्य खिलाड़ी। वे अगला विश्व कप खेल सकते हैं या नहीं, यह तय करना हमारा काम नहीं है। यह उनका काम है। अगर वे अच्छा खेलते रहते हैं। अगर उनमें देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की इच्छा है, तो फिर वे क्यों नहीं खेल सकते। धोनी ने कहा आपको अनुभवी खिलाड़ी नहीं मिल सकते। आपको 20 साल की उम्र वाला कोई अनुभवी खिलाड़ी नहीं मिल सकता, जब तक कि वह सचिन तेंदुलकर जैसा न हो। आप जानते हैं कि उस उम्र में अनुभव तभी मिलता है जब आप 16 या 17 साल की उम्र में खेलना शुरू करते हैं।

धोनी ने कहा कि किसी खिलाड़ी को तब तक अनुभवी नहीं माना जा सकता जब तक कि उसने अपने करियर में लंबे समय तक दबाव का सामना न किया हो। उन्होंने कहा अगर आप 20-25 मैचों को अनुभव कह रहे हैं, तो वे अनुभवी नहीं हैं क्योंकि खिलाड़ियों के लिए दबाव में खेलना महत्वपूर्ण होता है। मुझे वह अनुभव हासिल करने के लिए 80-85 मैच खेलने होंगे और फिर यह सीखना होगा कि अपने मन को कैसे काबू में रखूं, अपनी भावनाओं को कैसे नियंत्रित करूं और दबाव में कैसे अच्छा प्रदर्शन करूं। इसलिए मुझे लगता है कि अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का सही संयोजन बहुत महत्वपूर्ण होता है। भारत के मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अब केवल वनडे में खेलने वाले रोहित और कोहली के भविष्य पर कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की है। धोनी ने कहा कि जो भी खिलाड़ी फिट रहकर अच्छा प्रदर्शन कर सकता है, उसे उम्र की परवाह किए बिना अपनी जगह बनाए रखने का अधिकार होना चाहिए। उन्होंने कहा सभी के साथ समान व्यवहार करना जरूरी है। जो लोग अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, वे टीम में होंगे। जो लोग अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, उन्हें वहां जगह नहीं मिलेगी। अगर कोई खिलाड़ी फिट नहीं है तो आप उसे किसी भी समय बाहर निकाल सकते हैं।

अगर वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा है तो आप उसका आकलन करेंगे। धोनी ने कहा इसलिए चयन के मामले में किसी भी खिलाड़ी के बारे में कोई सवाल नहीं होना चाहिए। केवल एक ही मानदंड है। आप अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, आप फिट हैं तो खेलना जारी रखिए। इसके बाद चर्चा का रुख भारत और श्रीलंका में सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप की ओर मुड़ गया। धोनी 2007 में इस प्रतियोगिता को जीतने वाले पहले भारतीय कप्तान थे। जब उनसे सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली मौजूदा टीम की संभावनाओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि भारतीय टीम को साल के इस समय में ओस को लेकर सचेत रहना होगा। उन्होंने कहा भारत की यह टीम सबसे खतरनाक टीमों में से एक है। एक अच्छी टीम में जो कुछ भी होना चाहिए, वह सब कुछ इसमें मौजूद है। उनके पास विशेष रूप से इस प्रारूप में खेलने का व्यापक अनुभव है। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा भारतीय टीम में शामिल खिलाड़ियों ने दबाव में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे जो चीज परेशान करती है, वह यह है कि मुझे ओस से नफरत है। ओस से बहुत कुछ बदल जाता है। इसलिए जब मैं खेल रहा था, तब भी मुझे ओस से बहुत डर लगता था, क्योंकि इससे टॉस बहुत अहम हो जाता है। धोनी ने कहा किसी भी खिलाड़ी को चोट नहीं लगनी चाहिए। खिलाड़ियों को जो भी भूमिका दी जाए उन्हें उसे बखूबी निभानी चाहिए।

यह सबसे खतरनाक टीमों में से एक है। वहीं दूसरी ओर भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कमेंट्री करने की संभावना को लगभग खारिज कर दिया है और कहा कि वह आंकड़ों के मामले कच्चे हैं और इसलिए इस भूमिका में नहीं उतरते हैं जो संन्यास लेने के बाद खिलाड़ियों का सबसे प्रिय काम रहा है। भारत ने इस 44 वर्षीय खिलाड़ी की अगुवाई में आईसीसी की तीन ट्रॉफी जीती हैं लेकिन 2020 में संन्यास लेने के बाद से उन्होंने खेल से जुड़े मुद्दों पर शायद ही कभी अपने विचार व्यक्त किए हैं। क्रिकेट से उनका जुड़ाव अब केवल चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल में खेलने तक ही सीमित है। धोनी ने यूट्यूब पर स्पोर्ट्स ब्रॉडकास्टर जतिन सप्रू के साथ बातचीत के दौरान कहा, कमेंट्री करना बहुत मुश्किल है। मुझे लगता है कि खेल का आंखों देखा हाल सुनाने और उस प्रक्रिया में खिलाड़ियों की आलोचना करने के बीच बहुत मामूली अंतर होता है। यह अंतर बहुत ही नाजुक होता है। उन्होंने कहा, अक्सर, आपको इस बात का अहसास भी नहीं होता कि आप जो कर रहे हैं वह शायद थोड़ा गलत है। आप हमेशा उस स्थिति में रहना चाहेंगे जहां आप खेल का वर्णन कर रहे हों। अगर आपको लगता है कि कुछ गलत है तो आप उसे खुलकर बोल देते हैं। धोनी ने कहा, लेकिन इसे पेश करना भी एक कला है। अपनी बात शालीनता से कैसे कही जाए ताकि किसी को बुरा न लगे।

**टी-20 : रोहित-कोहली को खेलना जारी रखना चाहिए**



# भारतीय रेलवे के तरीके भ्रामक

## रेलगाड़ियों की समय पाबंदी 2021-22 में 90 प्रतिशत तक पहुंचने के बाद कम हुई: सरकार



नयी दिल्ली। संसद की एक समिति ने पाया कि ट्रेनों के आवागमन संबंधी समय पाबंदी में कमी आई है और यह 2021-22 में 90 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 78.67 प्रतिशत रह गई। समिति ने ट्रेनों की आवाजाही का समय दर्ज करने के भारतीय रेलवे के तरीके को भ्रामक बताया।

संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) ने बुधवार को लोकसभा में पेश अपनी रिपोर्ट भारतीय रेलवे में ट्रेन संचालन में समय की पाबंदी और यात्रा का समय में सभी प्रकार की ट्रेनों के समय की पाबंदी का अध्ययन किया और इसे बेहतर बनाने के लिए कई उपाय सुझाए। इसमें बताया गया कि 2015-16 में ट्रेनों की समय पाबंदी 77.51 प्रतिशत थी, जबकि 2018-19 में यह 69.23 प्रतिशत और 2021-22 में काफी सुधार के साथ 90.48 प्रतिशत हो गई। समिति ने पाया कि 2023-24 में समय की पाबंदी का प्रदर्शन फिर से घटकर 73.62 प्रतिशत हो गया, जिसके बाद 2024-25 में (अगस्त तक) इसमें कुछ सुधार होकर यह 78.67 प्रतिशत हो गया। समय की पाबंदी को रिकॉर्ड करने के तरीकों पर सवाल उठाते हुए, रिपोर्ट में कहा गया, समिति ऑडिट देखकर यह संज्ञान लेती है कि भारतीय रेलवे ट्रेनों की समय की पाबंदी को उन स्टेशनों पर मापता है जहां यात्रा समाप्त होती है। जबकि, अन्य देशों में, इसे शुरुआती बिंदु, बीच के स्टेशन और अंतिम स्टेशनों पर मापा जाता है। उसने कहा कि इसके अलावा, समय की पाबंदी को मापने के लिए, भारतीय रेलवे निर्धारित समय के संदर्भ में 15 मिनट की देरी की छूट देता है। रिपोर्ट के अनुसार, समिति ने यह भी संज्ञान लिया कि समय की पाबंदी को मापने के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाएं बहुत सख्त मानदंड को दर्शाती हैं, क्योंकि जापान में पैमाना सेकंड में है, और निर्धारित समय से पहले ट्रेन के पहुंचने को भी खामी माना जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है, समिति का विचार है कि समय की पाबंदी की निगरानी के लिए यह संकीर्ण दृष्टिकोण रास्ते में होने वाली देरी को ध्यान में रखने में विफल रहता है, जिससे वास्तविक आवाजाही की एक अधूरी और अक्सर गुमराह करने वाली तस्वीर सामने आती है। कमेटी ने सिफारिश की कि भारतीय रेलवे मौजूदा अंतिम स्टेशन के साथ-साथ प्रारंभिक और बीच के स्टेशनों पर समेकित निगरानी के जरिए समय की पाबंदी के मूल्यांकन की समीक्षा और उसमें सुधार करे। समिति ने भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गई ईएममूमेमू ट्रेनों की प्रभावशीलता की सराहना की और सिफारिश की कि इष्टतम गति प्राप्त करने के लिए हर स्टेशन पर रुकने वाली ट्रेनों को डेमू और मेमू में बदलने की प्रक्रिया में तेज़ी लाई जाए।

# प्रधानमंत्री डरे हुए हैं, सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते: कांग्रेस



नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज संसद में नहीं आए क्योंकि वह डरे हुए हैं और सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते हैं। राहुल गांधी पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण की एक प्रति लेकर संसद पहुंचे थे और कहा था कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदन में आते हैं तो वह यह पुस्तक उन्हें भेंट करेंगे। लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, जैसा मैंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी संसद में नहीं आएंगे क्योंकि वह डरे हुए हैं और सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते।

इससे पहले, उन्होंने इस अप्रकाशित पुस्तक के एक अंश का हवाला देते हुए दावा किया कि जब चीन के टैंक भारत की सीमा की तरफ बढ़ रहे थे, उस वक्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं किया था। उन्होंने संवाददाताओं को पुस्तक दिखाते हुए कहा कि वे (सरकार) कहते हैं कि यह किताब अस्तित्व में नहीं है, लेकिन यह रही किताब। भारत के हर युवा को यह देखना चाहिए कि यह किताब मौजूद है। यह नरवणे जी की किताब है, लेकिन मुझे कहा गया है कि मैं इसके अंश उद्धृत नहीं कर सकता। राहुल गांधी ने दावा किया कि इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कही एक लाइन है कि जो उचित समझो, वो करो। कांग्रेस नेता ने कहा, नरवणे जी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी को फोन कर बताया कि सीमा पर चीन के टैंक आ गए हैं, हमें क्या करना है? लेकिन तब राजनाथ सिंह जी का कोई उत्तर नहीं आया। नरवणे जी ने उन्हें फिर फोन किया, जिस पर रक्षा मंत्री ने कहा- मैं ऊपर से पूछता हूं। ऊपर से आदेश आया कि जब चीन की सेना हमारी सीमा के अंदर आए तो बिना हमसे पूछे फायर नहीं करें। उनका कहना था, हमारी सेना चीन के टैंकों पर हमला करना चाहती थी, क्योंकि वो भारत की सीमा में घुस आए थे। लेकिन इस मुश्किल समय में नरेन्द्र मोदी जी ने संदेश दिया- जो उचित समझो, वो करो। मतलब प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं की और सेना से कहा कि आपको जो करना है करो, मेरे बस की नहीं है। तत्कालीन सेना प्रमुख नरवणे ने अपनी किताब में साफ लिखा है, मुझे बहुत अकेलापन महसूस हुआ।

## संक्षेप

### गोली मारकर कज्जाफी के बेटे की हत्या

काहिरा। लीबिया के तानाशाह रहे मुअम्मर कज्जाफी के बेटे और कभी उनके उत्तराधिकारी माने जाने वाले सैफ अल-इस्लाम कज्जाफी की हत्या कर दी गई। लीबिया के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। लीबिया के मुख्य अभियोजक कार्यालय के अनुसार, 53 वर्षीय सैफ अल-इस्लाम कज्जाफी की हत्या राजधानी त्रिपोली से 136 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित जिंटान कस्बे में हुई। अभियोजक कार्यालय ने बताया कि शुरुआती जांच में यह पता चला कि सैफ अल-इस्लाम की हत्या गोली मारकर की गई है। हालांकि कार्यालय ने हत्या की परिस्थितियों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। सैफ अल-इस्लाम के वकील खालिद अल-जैदी ने फेसबुक पर उनकी मृत्यु की पुष्टि की लेकिन हत्या के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। उत्तरी अफ्रीकी देश लीबिया में लंबे समय से जारी संघर्ष को सुलझाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता में आयोजित राजनीतिक वार्ता में कज्जाफी का प्रतिनिधित्व करने वाले अब्दुल्लाह ओथमान अब्दुर्हीम ने भी फेसबुक पर उनकी मौत की जानकारी दी। सैफ अल-इस्लाम की राजनीतिक टीम ने बाद में एक बयान जारी करके कहा कि चार नकाबपोश लोगों ने उनके घर पर धावा बोला और कायरों की तरह, छल से उनकी हत्या कर दी।

# दो-दिवसीय यात्रा पर मलेशिया जायेंगे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार से मलेशिया की दो-दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जिसका मकसद व्यापार, निवेश, ऊर्जा और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह प्रधानमंत्री मोदी की मलेशिया की तीसरी यात्रा होगी, और अगस्त 2024 में भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदले जाने के बाद यह उनकी पहली यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा के दौरान मोदी मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। उसने कहा कि मोदी भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से भी संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान 10वां भारत-मलेशिया सीईओ मंच भी आयोजित होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और मलेशिया के बीच ऐतिहासिक, सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित पुराने संबंध हैं। मंत्रालय ने कहा कि मलेशिया में 29 लाख भारतीय समुदाय की मौजूदगी से यह रिश्ता और मजबूत होता है, जो दुनिया में भारतीय समुदाय की तीसरी सबसे बड़ी मौजदूगी है।



# बोइंग 787 विमानों की निगरानी जांच पूरी, ईंधन नियंत्रण स्विच में नहीं मिली खराबी: एयर इंडिया

नयी दिल्ली। एयर इंडिया ने बुधवार को कहा कि उसने बेड़े में शामिल बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों के ईंधन नियंत्रण स्विच (एफसीएस) की एहतियाती जांच पूरी कर ली है और इस दौरान कोई समस्या नहीं पाई गई।

लंदन के हीथ्रो से बेंगलुरु की उड़ान के दौरान एक बोइंग-787 विमान के ईंधन स्विच में तकनीकी खराबी आने की रिपोर्ट के बाद यह जांच की गई थी। वर्तमान में एयर इंडिया के बेड़े में 33 बोइंग-787 विमान हैं जिनमें से 28 विमान परिचालन का हिस्सा हैं। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि उसने अपने बेड़े के सभी परिचालन वाले बोइंग 787 विमानों में ईंधन नियंत्रण स्विच की एहतियाती जांच पूरी कर ली है। एयर इंडिया ने कहा, जांच के दौरान कोई भी समस्या नहीं पाई गई। हमारे एक पायलट द्वारा दी गई जानकारी के बाद अत्यधिक सावधानी बरतते हुए यह निरीक्षण किया गया था। एयर इंडिया के एक पायलट ने सोमवार को लंदन हीथ्रो से बेंगलुरु की उड़ान संचालित करने के बाद बोइंग 787-8 विमान के ईंधन नियंत्रण स्विच के ठीक से काम न करने की सूचना दी थी। उसके बाद एयरलाइन ने उस विमान को जांच के लिए सेवा से हटा दिया था। ईंधन स्विच के कामकाज पर ध्यान पिछले साल जून में एयर इंडिया के 787-8 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद बढ़ गया है।

# बिहार के ऊर्जा क्षेत्र में हो रहा है 50 हजार करोड़ का निवेश : मंत्री

पटना। बिहार के ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बुधवार को कहा कि वैश्विक गर्मी से बचाव में सौर ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका है और लखीसराय जिले के कजरा में स्थापित सौर ऊर्जा परियोजना से राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। कजरा सौर ऊर्जा परियोजना बिहार के ऊर्जा क्षेत्र को नई मजबूती देगी। यह परियोजना केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि हरित ऊर्जा और भविष्य के लिए प्रेरणा का भी स्रोत है। मंत्री ने कहा कि इस दिशा में किया जा रहा निवेश और अपनाई जा रही नीतियां आने वाली पीढ़ियों के लिए सहूलियत और सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी। इसके लिए ऊर्जा विभाग लगातार मेहनत कर रहा है। यादव ने बताया कि वर्तमान में राज्य के ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड द्वारा लखीसराय जिले के कजरा में स्थापित 185 मेगावाट सौर ऊर्जा सह 282 मेगावाट-घंटा बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना से उत्पादित बिजली की आपूर्ति के लिए बिजली खरीद करार के अवसर पर बोल रहे थे। आज ऊर्जा विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। बिजली खरीद करार पर हस्ताक्षर के बाद परियोजना के व्यावसायिक संचालन का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आयोजित जनसुनवाई के दौरान करीब 3,500 लोगों ने संयंत्र के निर्माण का स्वागत करते हुए अपनी सहमति दी, जो अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है।













आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com